आज़ादी का
अमृत महोत्सव

58 वीं
वार्षिक रिपोर्ट
2021-22



LEADERSHIP IN INTERNATIONAL TRADE AND BUSINESS

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान
(मानित विश्वविद्यालय)

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान संस्थान का प्रबंधन मंडल

कुलाधिपति

श्री सुनील बर्थवाल
सचिव
वाणिज्य विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य भवन
नई दिल्ली–110 001

अध्यक्ष

प्रो. मनोज पंत
कुलपति
भारतीय विदेश व्यापार संस्थान
बी–21, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया
नई दिल्ली–110 016

सदस्य

1. **श्री अमित यादव**
   अपर सचिव
   वाणिज्य विभाग
   कमरा नं. 401, वाणिज्य भवन
   नई दिल्ली –110 001
   ई–मेल: astpd.doc@nic.in

2. **प्रो. राज एस धनकड़**
   कुलपति
   एपीजे सत्य विश्वविद्यालय, सोहना–पलवल रोड, सोहना – 122 103
   गुरुग्राम, हरियाणा
   ई–मेल: rajsdhankar@gmail.com

3. **श्री गौरव चड्ढा**
   निदेशक
   गूगल इंडिया
   ब्लॉक 1, दिव्यश्री ओमेगा सर्वे नं 13
   कोठागुडा, तेलंगाना–500 084
   ई–मेल: gchadha@google.com

4. **श्री राषेश शाह**
   अध्यक्ष और सीईओ,
   एडलवाइस समूह, एडलवाइस हाउस
   ऑफ सी एस टी रोड, कलिना
   मुंबई–400 098
   ई–मेल: rashesh.shah@edelweissfin.com

5. **प्रो. आर. नागराज,**
   सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज
   प्रशांत नगर
   उल्लूर, त्रिवेंद्रम–695 011
   ई–मेल: rayaprolu.nagaraj@gmail.com

आईआईएफटी संकाय

1. **डॉ. राकेश मोहन जोशी,**
   डीन
   भारतीय विदेश व्यापार संस्थान,
   बी–21, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया
   नई दिल्ली –110 016
   ई–मेल: rakeshmohanjoshi@iift-edu

2. **डॉ. के. रंगराजन,**
   प्रमुख, कोलकाता केंद्र
   भारतीय विदेश व्यापार संस्थान,
   प्लॉट नं. 1583, मदुरदाहा, वार्ड नं.108
   ईएम बाईपास, रूबी अस्पताल के पास
   कोलकाता –700 107
   ई–मेल: head&kol@iift.edu

3. **डॉ. बी.के. साहू**
   एसोसिएट प्रोफ़ेसर
   भारतीय विदेश व्यापार संस्थान
   बी–21, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया
   नई दिल्ली –110 016
   ई–मेल: bksahu@iift.edu

सचिव

डॉ. पी.के. गुप्ता
कुलसचिव
ई–मेल: registrar@iift.ac.in

विषय सूची

1	समीक्षाधीन वर्ष	...	3
2	वर्ष 2021–22 में आईआईएफटी की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियां : एक झलक	...	12
3	आईआईएफटी का संस्थागत ढांचा	...	18
4	शिक्षण एवं प्रशिक्षण	...	26
5	आईआईएफटी में अनुसंधान	...	33
6	अंतरराष्ट्रीय सहयोग	...	37
7	कार्यपालक प्रबंधन कार्यक्रम	...	41
8	आईआईएफटी के प्रतिष्ठित केन्द्र	...	43
9	निगमित संबंध एवं नियोजन प्रभाग	...	58
10	विद्यार्थियों की गतिविधियां 2021–22	...	60
11	उद्योग, व्यापार और वाणिज्य के साथ संवाद	...	67
12	विदेश व्यापार पुस्तकालय	...	69
13	कंप्यूटर केन्द्र और आईटी सहायता सेवाएं	...	71
14	जर्नल प्रभाग	...	72
15	राजभाषा हिन्दी की गतिविधियां	...	79
16	वार्षिक लेखा	...	81
17	आईआईएफटी संकाय	...	104
18	आईआईएफटी प्रशासन	...	112
19	आईआईएफटी सहायक सेवाएं	...	113
20	अतिथि संकाय	...	114
21	स्थायी सदस्य	...	115

समीक्षाधीन वर्ष

कोविड–19 दो वर्ष से वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को विनष्ट करने में कामयाब रहा है। समस्त विश्व की अर्थव्यवस्थाओं ने अनिश्चितता का सामना किया यह चाहे इस वायरस के बार–बार आने वाले प्रतिरूपों के रूप में रही हो या फिर आपूर्ति–शृंखला में अव्यवस्था के रूप में रही हो। सन 2021 में आर्थिक क्रियाकलापों ने कुछ सकारात्मक संकेत दिखाने शुरू किए ही थे कि विश्व का सामना सभी राष्ट्रों में बढ़ती हुई मुद्रास्फीति की पूर्णतया नई बाधा से हो गया। इसके साथ युक्रेनियन युद्ध ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण को बहुत ही गहराई से नाजुक और अनिश्चित बनाने में योगदान कर दिया। ह्रासमान लोकोपकारी प्रतिकूलता से आगे बढ़ते हुए युक्रेन में हो रहे संघर्ष सारे विश्व को बार–बार प्रभावित कर रहे हैं। विश्व आर्थिक आउटलुक 2021–22 के अनुसार चीन में वायरस के उत्परिवर्तनों और कई देशों के लॉकडाउनों से आपूर्ति शृंखला में पहले ही से विद्यमान व्यवधानों को बढ़ावा मिला। इस प्रकार की प्रतिबंधित आपूर्ति और बढ़ती हुई मांग के कारण कीमतों के स्तर में निरंतर बढ़ोतरी हो सकती है जिसका परिणाम विभिन्न देशों के केन्द्रीय बैंकों द्वारा निषेधक मौद्रिक नीतियों के रूप में हो सकता है। वैश्विक स्तर पर खाद्य कीमतें सार्वकालिक उच्च स्तर पर आ चुकी हैं, 24 फरवरी 2022 को संघर्ष आरंभ होने के बाद से ब्लूमबर्ग कमोडिटी इन्डेक्स 10 प्रतिशत बढ़ चुका है और 8 मार्च 2022 के बाद से कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर यूएस $130 पर आ चुकी हैं। यद्यपि यह प्रत्याशित है कि रूस–यूक्रेन संघर्ष का कोई भी प्रत्यक्ष कुप्रभाव भारत पर नहीं पड़ेगा, क्योंकि रूस को होने वाले व्यापारिक निर्यात कुल निर्यातों का क्रमशः 0.8 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत रहे, जबकि आयात 1.5 प्रतिशत और 0.5 प्रतिशत रहे। हालांकि, अप्रत्यक्ष चौनलों जैसे कि पण्यों की कीमतों में उछाल, वैश्विक मंदी और वित्तीय बाजार में अस्थिरता के प्रभाव पड़े। (मौद्रिक नीति रिपोर्ट 2022, भारतीय रिज़र्व बैंक)

सन 2021 में जब अर्थव्यवस्थाओं ने महामारी से उबरना आरंभ किया तो बढ़ती हुई मांग और उपभोक्ताओं द्वारा व्यय पूरे विश्व में मुद्रास्फीति का उत्प्रेरक बन गए। विकसित देशों में महामारी के इन दो वर्षों में मुद्रास्फीति में लगभग 2.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। ओपेक और इसके सहयोगियों द्वारा आपूर्ति को बाधित रखने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई। दिसम्बर 2021 में भारत की तुलना में अमरीका ने 7 प्रतिशत मुद्रास्फीति का अनुभव किया, जो बहुत सीमा तक पुनर्चक्रित ऊर्जा से संचालित रही। यूनाइटेड किंगडम में दिसम्बर 2021 में मुद्रास्फीति ने 5.4 प्रतिशत को छुआ जिसका मुख्य कारण खाद्य संबंधी लागतों में बढ़ोतरी रहा। विकासशील कारोबारी क्षेत्रों में ब्राजील की मुद्रास्फीति दिसम्बर 2021 में 10.1 प्रतिशत पर रही। टर्की की मुद्रास्फीति दिसम्बर 2021 में दो अंकों में बढ़ते हुए 36.1 प्रतिशत पर रही। हाल ही के वर्षों में अर्जेन्टीना की मुद्रास्फीति 50 प्रतिशत से अधिक रही।

किसी भी स्थिति को देखा जाए तो कई उदीयमान अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत भारत का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक नरम ही रहा, नवम्बर 2021 में यह घटकर 4.9 प्रतिशत पर आ गया और दिसम्बर 2021 में यह 5.6 प्रतिशत पर रहा, जिसमें बोर्ड की सशक्त मालसूची के लिए भारत सरकार द्वारा किए गए उपायों का योगदान रहा। सन 2019–20 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 4.8 प्रतिशत था जो महामारी के कारण सन 2020–21 में 6.2 प्रतिशत के आसपास बना रहा। जैसा कि उपभोक्ता खाद्य कीमत सूचकांक (सीईपीआई) में आकलन किया गया है सन 2021–2022 (अप्रैल–दिसम्बर) में खाद्य मुद्रास्फीति 2.9 प्रतिशत, इसकी तुलना में एक वर्ष पहले के समय के दौरान 9.1 प्रतिशत थी। जुलाई और सितम्बर 2021 के बीच खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट रही। थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति में महत्त्वपूर्ण बढ़ोतरी हुई और यह 12.5 प्रतिशत पर पहुंच गया। (अप्रैल–नवम्बर 2021)। सन 2021 में वैश्विक आर्थिक परिवेश को कुछ आशा बंधी व्यापारिक वस्तुओं के कारोबार में तेज बढ़ोतरी हुई, जो महामारी से पहले की समयावधि में हुई बढ़ोतरी से भी तेज थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के विश्व आर्थिक आउटलुक (अक्तूबर 2021) के अनुसार व्यापारिक और अदृश्य वस्तुओं के कारोबार में समूचे विश्व–व्यापार में उच्च संवृद्धि रही, अर्थात सन 2021 में 9.7 प्रतिशत, यदि इसके साथ तुलना करते हुए सन 2022 की स्थिति को रखा जाए तो अनुमान है कि यह 6.7 प्रतिशत रहेगी। विश्व व्यापार संगठन के अनुसार विश्वव्यापी वस्तु विनिमय की मात्रा के लिए पुनः तैयार किया गया गेज बढ़कर सन 2021 में 10.8 प्रतिशत हो गया, इसके बाद सन 2022 में 4.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी रहेगी। भारत की अर्थव्यवस्था को क्रमबद्ध रूप से खोलते जाने और नीतिगत प्रयासों से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में सन 2021–22 में 8.7 प्रतिशत की संवृद्धि संभावित है, जबकि इसकी तुलना में सन 2020–21 में 6.6 प्रतिशत की गिरावट थी। अन्य घटकों के अलावा संक्रमण के लौटने के साथ ही आपूर्ति शृंखला में व्यवधान, बढ़ती हुई मुद्रास्फीति और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल और कोयले की कीमतों को देखते हुए भारत सरकार की रणनीति को श्रेय रहा क्योंकि ऐसी प्रत्याशा रही कि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में तीसरी तिमाही (2020–2021) की तुलना में तीसरी तिमाही (2021–22) में 5.4 प्रतिशत बढ़ोतरी की संभावना की गयी थी (राष्ट्रीय सांखियकी कार्यालय सांखियकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मत्रांलय, भारत सरकार) द्वारा प्रकाशित द्वितीय अग्रिम आकलन)। कोविड–19 का कृषि और इससे संबंधित क्षेत्रों पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा, इसमें 3.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। वित्तीय वर्ष 2021–22 में इसमें 3.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी प्रत्याशित है। इस क्षेत्र की सफलता में सरकार की नीतियों का योगदान रहा, जिनमें लॉकडाउन के दौरान भी बीजों और उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित की गई। (वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित आर्थिक सर्वेक्षण – 2021–2022)। खनन और उत्खनन; व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और सेवाएं; भवन निर्माण; विनिर्माण और बिजली; गैस; जल आपूर्ति और अन्य उपयोगियता सेवाएं वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान इस महामारी और लॉकडाउन से अत्यधिक प्रभावित हुईं थीं, प्रत्याशा है कि इनमें 12.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी (वित्तीय वर्ष 2020–21 में –8.6 प्रतिशत), 11.6प्रतिशत (वित्तीय वर्ष 2020–21 में –20.2 प्रतिशत), 10 प्रतिशत (वित्तीय वर्ष 2020–21में –7.3 प्रतिशत), 10.5 प्रतिशत (वित्तीय वर्ष 2020–21 में –0.6 प्रतिशत), और 7.8: (वित्तीय वर्ष 2020–21 में –3.6 प्रतिशत)। औद्योगिक उत्पाद सूचकांक में अप्रैल और नवम्बर 2020–21 के बीच –15.3 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल और नवम्बर 2021–22 के बीच 17.4 प्रतिशत की बढोतरी रही।

विश्व आर्थिक आउटलुक के अनुमान

विश्व आर्थिक आउटलुक के संकेतक	साल दर साल		
		अनुमान	
	2021	2022	2023
विश्व आउटपुट	6.1	3.6	3.6
उन्नत अर्थव्यवस्थाएं	5.2	3.3	2.4
संयुक्त राज्य अमरीका	5.7	3.7	2.3
यूरो क्षेत्र	5.3	2.8	2.3
जर्मनी	2.8	2.1	2.7
फ्रान्स	7	2.9	1.4
इटली	6.6	2.3	1.7
स्पेन	5.1	4.8	3.3
जापान	1.6	2.4	2.3
यूनाइटेड किंगडम	7.4	3.7	1.2
कनाडा	4.6	3.9	2.8
अन्य उन्नत अर्थव्यवस्थाएं	5	3.1	3
उभरते हुए बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं	**6.8**	**3.8**	**4.4**
उभरता हुआ और विकासशील एशिया	7.3	5.4	5.6
चीन	8.1	4.4	5.1
भारत	8.9	8.2	6.9
एशियान	3.4	5.3	5.9
उभरता हुआ और विकासशील यूरोप	6.7	–2.9	1.3
रूस	4.7	–8.5	–2.3
लैटिन अमरीका और कैरेबियन	6.8	2.5	2.5
ब्राजील	4.6	0.8	1.4
मेक्सिको	4.8	2	2.5
मिडिल ईस्ट और मध्य एशिया	5.7	4.6	3.7
साउदी अरेबिया	3.2	7.6	3.6
सहारावर्ती अफ्रीका	4.5	3.8	4
नाइजीरिया	3.6	3.4	3.1
दक्षिण अफ्रीका	4.9	1.9	1.4
ज्ञापन			
बाजार विनिमय दरों के आधार पर विश्व में संवृद्धि	5.8	3.5	3.1
यूरोपियन यूनियन	5.4	2.9	2.5
मिडिल ईस्ट और उत्तरी अफ्रीका	5.8	5	3.6
उभरते हुए बाजार और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाएं	7	3.8	4.3
न्यून–आय वाले विकासशील देश	4	4.6	5.4
विश्व व्यापार की मात्रा (वस्तु और सेवाएं)	**10.1**	**5**	**4.4**
आयात			
उन्नत अर्थव्यवस्थाएं	9.5	6.1	4.5
उभरते हुए बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं	11.8	3.9	4.8
निर्यात			
उन्नत अर्थव्यवस्थाएं	8.6	5	4.7
उभरते हुए बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं	12.3	4.1	3.6
पण्य कीमतें (अमरीकी डॉलर)			
तेल	67.3	54.7	–13.3
ईंधन से इतर (विश्व पण्यों के आयात भारांकों के आधार पर औसत)	26.8	11.4	–2.5
उपभोक्ता कीमतें			
उन्नत अर्थव्यवस्थाएं	3.1	5.7	2.5
उभरते हुए बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं	5.9	8.7	6.5

स्त्रोत: अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष वर्ल्ड इकनोमिक आउटलुक अक्तूबर 2021।

कोविड–19 द्वारा व्यवधानों की बहुतायत होने के बावजूद विगत दो वर्ष की अवधि में भारत का व्यापार संतुलन धनात्मक ही बना रहा। व्यापार संतुलन में अधिशेष से भारतीय रिज़र्व बैंक को फोरेक्स रिज़र्व के संचय की हरी झंडी मिल गई, दिसम्बर 2021 में 634 बिलियन डॉलर के तुल्य फोरेक्स भंडार रहा। तथ्यों के अनुसार चीन, जापान और स्विटजरलैन्ड के बाद वैश्विक स्तर पर भारत को नवम्बर 2021 के अंत तक विदेशी मुद्रा का भंडार रखने वाले देशों में चौथा स्थान मिल गया था। भारत के व्यापार असंतुलन बढ़ते हुए भूराजनैतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमत, पश्चिमी राष्ट्रों द्वारा अपनाई गई विस्तारकारी मौद्रिक नीतियों और कोविड–19 के लौटने की संभावना के कारण वित्तीय वर्ष 2020–2021 के यूएस $102.63 बिलियन से वर्तमान राजकोषीय वर्ष के दौरान यूएस $192.41 बिलियन पर आ गए। निर्यातों ने यूएस $417.81 बिलियन का उच्च स्तर प्राप्त किया जो सरकार द्वारा निर्धारित यूएस $400 बिलियन से अधिक है; इसी दौरान आयात बढ़कर यूएस $610.22 बिलियन हो गए। (वाणिज्य और व्यापार मंत्रालय द्वारा प्रकाशित भारत की वाणिज्य वस्तुओं पर प्रेस प्रकाशनी)। निर्यात की बहाली में सरकार द्वारा अतिरिक्त वित्तपोषण ने सहायता दी है। सन 2020–21 की तुलना में सन 2021–22 में भारत की वाणिज्य वस्तुओं के निर्यात में लगभग 43 प्रतिशत और आयातों में 54 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। अप्रैल से नवम्बर 2021 में भारत को निर्यात करने वाले शीर्ष देशों में संयुक्त राज्य अमरीका, संयुक्त अरब अमीरात और चीन रहे जबकि भारत से आयात करने वाले प्रमुख देशों में चीन, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमरीका रहे। सॉफ्टवेयर और व्यवसाय से मजबूत लाभ के चलते अप्रैल–दिसम्बर 2021 के दौरान सेवाओं से निवल प्राप्तियों से आय में बड़ी तेजी रही। विगत राजकोषीय वर्ष की तुलना में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के आगम में 15 प्रतिशत की गिरावट रही, जो यूएस $87.55 बिलियन से घटकर यूएस $74.01 बिलियन पर आ गए। इक्विटी आगम, पुन: निवेशित पूंजी और अन्य पूंजी इस प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के अवयव हैं। वित्तीय वर्ष 2021–22 में इक्विटी में होने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेश से यूएस $18.468 बिलियन बाहर गए जबकि इसकी तुलना में विगत राजकोषीय वर्ष में यूएस $37.208 बिलियन का निवल आगम रहा था। दूसरी तरफ ऋण लिखतों, आदि में निवेश में वित्तीय वर्ष 2021–2022 में यूएस $2.451 बिलियन का पूंजीगत आगम रहा, इसकी तुलना में विगत वर्ष में यूएस $0.848 बिलियन का निवल आगम हुआ था। (स्रोत : विदेशी पोर्टफोलियो में निवल निवेश एनडीएसएल द्वारा प्रकाशित)। भारतीय रुपए पर पूंजी के बर्हिगमन के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने अमरीकी डॉलरों का विक्रय करके बाजार में हस्तक्षेप किया। 25 मार्च 2022 की यथास्थिति के अनुसार विदेशी मुद्रा का भंडार यूएस $617.65 बिलियन रहा जो 8.9 माह के लिए वस्तुओं के आयात के तुल्य था, जबकि विगत माह में यह 10.2 माह के आयात के तुल्य था।

महामारी के विघ्न के बाद भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी लाने और सर्वाधिक कमजोर व्यक्तियों और क्षेत्रों को मदद करने के लिए सरकार ने मांग को बढ़ावा देने और आपूर्ति को मदद देने दोनों के लिए कई नीतिगत उपाय आरंभ किए। भारत की अर्थव्यवस्था में बहाली आ चुकी है है यह सुधार के संकेत दिखा रही है। अप्रैल से नवम्बर 2021 के दौरान राजस्व प्राप्तियां बढ़कर 67.2 प्रतिशत (साल–दर–साल) पर आ गईं, जबकि बजट अनुमान 2021–22 में 9.6 प्रतिशत बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया था। सरकार ने अवसंरचना का सृजन करने के लिए अपने पूंजीगत व्यय को बढ़ा दिया। रेलगाड़ियों, सड़कों, बिजली, दूरसंचार, वहनीय आवासन और वस्त्रों पर ध्यान केन्द्रित किया गया और वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए बजट अनुमानों को ₹5.54 लाख करोड़ रखा गया जो वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए बजट अनुमान से 35.4 प्रतिशत अधिक है।

समष्टि–आर्थिक फ्रेमवर्क विवरण

क्रमांक		निरपेक्ष मूल्य अप्रैल से दिसम्बर		% परिवर्तन अप्रैल से दिसम्बर	
		2020–2021	2021–2022	2020–2021	2021–2022
	स्थावर सम्पदा				
1	बाजार कीमतों पर जीडीपी ('000 करोड़)				
	क) चालू कीमतों पर	19746	23215	–3	17.6
	ख) 2011–12 की कीमतों पर	13513	14754	–7.3	9.2
2	औद्योगिक उत्पादन का सूचकांक (2011–12=100)	108.5	127.4	–15.3	17.4
3	थोक मूल्य सूचकांक (2011–12=100)	121.8	137	0.04	12.5
4	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक – मिश्रित (2012=100)	154.9	162.9	6.6	5.2
5	मुद्रा आपूर्ति (M3) (हजार करोड़)	18059.1	19741.9	124	9.3
6	वर्तमान कीमतों पर आयात				
	क) ₹ करोड़ रुपये में	1956257	3298495	–23.7	68.6
	ख) मिलियन $ में	262.8	443.8	–27.9	68.9
7	वर्तमान कीमतों पर निर्यात				
	क) ₹ करोड़ रुपये में	1500020	2238821	–10.6	49.3
	ख) मिलियन $ में	201.4	301.4	–15.5	49.7
8	व्यापार संतुलन (मिलियन यूएस $)	–61.4	–142.4		
9	विदेशी मुद्रा भंडार (मार्च के अंत में)				
	क) ₹ करोड़ रुपये में	4280252	4707812	30.5	43.5

	ख) मिलियन यूएस $ में	5,85,771	6,33,614	27.4	8.2
10	चालू खाता शेष (बिलियन यूएस $)	34.4	–3.0		
सरकारी वित्त (करोड़ में)					
अप्रैल – नवम्बर					
1	राजस्व प्राप्तियां	812710	1358920	–17.3	67.2
	सकल कर–राजस्व	1026055	1541920	–12.6	50.3
	कर (केन्द्र को निवल)	688430	1135264	–8.3	64.9
	गैर–कर	124280	223026	–46.6	79.5
2	पूंजीगत प्राप्तियां, जिनमें से	1093648	716317	30.7	–34.5
	ऋणों की वसूली	11962	11339	9.6	–5.2
	अन्य प्राप्तियां	6179	9364	–65.9	51.5
	उधारियां और अन्य देनदारियां	1075507	695614	33.1	–35.3
3	कुल प्राप्तियां (1+2)	830851	1378993	–17.9	6.6
4	कुल व्यय	1906358	2074607	4.7	8.8
	(क) राजस्व व्यय	1665200	1800977	3.7	8.2
	(ख) पूंजीगत व्यय	241158	273630	12.8	13.5
5	राजस्व घाटा	1075507	695614	33.1	35.3
6	राजकोषीय घाटा	692082	235291	48.5	–66.0
7	प्राथमिक घाटा	812710	1358920	–17.3	67.2

स्त्रोत : समष्टि आर्थिक फ्रेमवर्क विवरण, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार।

राजकोषीय घाटा बजट अनुमान (नवम्बर 2020 तक) 135.1 प्रतिशत से घटकर बजट अनुमान (नवम्बर 2021 तक) के 46.2 प्रतिशत पर आ गया। बढ़े हुए राजस्व संग्रह और पूंजीगत व्यय की दिशा में उन्मुख व्यय आबंटनों ने सरकार की बजटीय सुदृढ़ता में योगदान दिया। सन 2020–21 की तुलना में सन 2021–22 के बजट अनुमान में निवल कर–राजस्व में 8.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान किया गया था, लेकिन वास्तव में इसमें 64.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई (सन 2020 में इसी अवधि की तुलना में अप्रैल–नवम्बर 2021 के दौरान)। (आर्थिक सर्वेक्षण 2021–22, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार)। भारत सरकार ने अपने रणनीतिगत विनिवेश और परिसंपत्तियों के नकदीकरण की नीति को बरकरार रखा ताकि सार्वजनिक क्षेत्र में अवरुद्ध पड़ी परिसंपत्तियों का उपयोग और पूंजीगत प्राप्तियों को सुधारा जा सके। 31 मार्च 2022 की यथास्थिति अनुसार कुल पूंजीगत प्राप्तियां ₹13,530.673 करोड़ रहीं जो ₹1.75 लाख करोड़ के आरंभिक लक्ष्य से कम हैं। (निवेश और सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार)।

राजकोषीय संकेतक(जीडीपी की प्रतिशतता के रूप में रोलिंग लक्ष्य)

	आरई* (%)	बीई* (%)
	2021–2022	**2022–203**
राजकोषीय घाटा	6.9	6.42
राजस्व घाटा	4.7	3.8
प्राथमिक घाटा	3.3	2.8
कर–राजस्व (सकल)	10.8	10.7
गैर–टैक्स राजस्व	1.4	1.0
केन्द्र सरकार के ऋण	59.9	60.2

*आरई– संशोधित अनुमान बीई– बजट अनुमान

स्त्रोतः समष्टि आर्थिक फ्रेमवर्क विवरण, 2022, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार।

वर्ष 2021–22 में भारत का विदेशी व्यापार

(मिलियन यूएस डॉलर)

मद	2020–21	2021–22	परिवर्तन (%)
निर्यात	291808.48	417809.21	43.18%
आयात	394435.87	610221.42	54.71%
व्यापार संतुलन	(102,627.39)	(192,412.21)	

स्त्रोत : निर्यात–आयात डाटा बैंक, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार।

सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नीतिगत उपाय

अनिश्चितता के परिवेश में भारत सरकार ने आंशिक रूप से 'चपल' संरचना पर आधारित उपायों को विकसित किया जो फीडबैक–लूप पर आधारित थे तथा जिसमें 80 एचएफआई (उच्च बारंबारता संकेतकों) का प्रयोग किया गया, साथ ही साथ इसमें महामारी द्वारा प्रतिकूल रूप से प्रभावित कारोबारी क्षेत्र और समाज के भागों के लिए सुरक्षा उपाय भी रखे गए। वैश्विक अर्थव्यवस्था के बंद पड़े रहने के बाद आर्थिक बहाली लाने के लिए अपनी तरह के अद्वितीय नीतिगत उपायों के रूप में प्रतिसाद अपेक्षित भी थे। दीर्घ अवधि के दौरान संवृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार द्वारा आपूर्ति–पक्ष में सुधारों का कार्यान्वयन किया गया और पूंजी निवेश को बढ़ाया गया। महामारी के आरंभ से ही उपायों को शुरू कर दिया गया था जो लॉकडाउन से प्रभावित समाज के बहुत से भागों को सहायता देने के लिए प्रभावी युक्तियां हैं। सरकार की नीतियों में से कुछ निम्नानुसार हैं :

- फरवरी 2019 के बाद से प्रधान–मंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम–किसान) के तहत दस करोड़ से भी ज्यादा किसान परिवारों को 1.8 लाख करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं; 2.82 करोड़ विधवाओं, निशक्त और वृद्ध नागरिकों को ₹1000 प्रत्येक को दिए गए हैं।
- लगभग चालीस करोड़ रुपए के व्यय के साथ प्रधान–मंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान के तहत छह राज्यों में वापस आए प्रवासी कामगारों के लिए पचास करोड़ से भी अधिक मानव–दिवसों का सृजन किया।
- प्रधान–मंत्री आवास योजना – ग्रामीण के तहत लगभग 26 लाख आवासों का निर्माण पूरा किया गया। दूसरी तरफ लगभग 4.5 लाख आवासों का निर्माण प्रधान–मंत्री आवास योजना – शहरी के तहत पूरा किया गया।
- वापसी करने वाले प्रवासी कामगारों के लिए प्रधान–मंत्री कौशल विकास योजना के तहत 1.24 लाख कामगारों को नए कौशलों अथवा कौशल विकास में प्रशिक्षण दिया गया ताकि रोजगार की संभावनाओं का सृजन हो सके।
- ऋण गारन्टी योजना के तहत सूक्ष्म वित्त संस्थानों को कुल ₹7500 करोड़ की रकम स्वीकृत की गई, जिसका उपयोग योजना के शुरू होने के 75 दिन के भीतर ही कर लिया गया।
- कोविड–19 से प्रभावित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारन्टी योजना के तहत 100 प्रतिशत गारंटीकृत अनुपूरक वित्तीयन दिया गया, जिसे 31 मार्च 2022 तक बढ़ाया गया।
- पीएम स्वनिधि योजना के तहत शहरी स्ट्रीट वेन्डरों को तकरीबन तीन हजार करोड़ रुपये का ऋण दिया गया ताकि कोविड–19 के बाद वे अपने कारोबार को बहाल कर सकें।
- कोविड–19 प्रभावित क्षेत्रों को राहत प्रदान करने के लिए ₹1.1 लाख करोड़ की ऋण गारंटी योजना तैयार की गई।
- आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा ₹50,000 करोड़ की सावधि चलनिधि सुविधा घोषित की गई, जो 31 मार्च 2022 तक तीन साल के लिए नीतिगत दरों पर उपलब्ध रही। कोविड–19 के कारण इस विन्डो के माध्यम से वैक्सीन विनिर्माताओं, वैक्सीन आयातकों और आपूर्तिकर्ताओं, पैथोलॉजी लैब और डॉयग्नोस्टिक सुविधाओं और स्वास्थ्य के लिए अवसंरचना के अन्य प्रदाताओं को ऋण देने के लिए बैंकों को अनुमति दी गई।
- देश में 1.5 करोड़ से भी अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्डों (केसीसी) के माध्यम से ₹1.35 लाख करोड़ की क्रेडिट सुविधा दी गई।
- आत्म निर्भर भारत अभियान के तहत, सरकार ने तेरह उद्योगों को पांच वर्ष के लिए उत्पादन–सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) की घोषणा की गई, जिसकी शुरुआत 2021–2022 से ₹1.97 लाख करोड़ के बजट के साथ हुई।
- पीएम आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना आरंभ की गई ताकि पूरे देश में स्वास्थ्य रक्षा और वेलनेस केन्द्रों की स्थापना और हेल्थकेयर अवसंरचना का विकास किया जा सके।
- पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर योजना आरंभ की गई, जिसमें राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन 2019 भी शामिल है। इस योजना में 11 औद्योगिक और 2 रक्षा कॉरिडोर निर्मित होंगे, जिसमें अन्य के साथ–साथ ही सामान लाने–ले–जाने की क्षमता बढ़ेगी, गैस पाइपलाइन का नेटवर्क बढ़ेगा, राष्ट्रीय महामार्ग निर्मित होंगे और एयरपोर्ट निर्मित होंगे।
- ई–श्रम कार्ड जारी किए जाएंगे जिसमें एक अद्वितीय पहचान संख्या रहेगी और इसे आधार कार्ड के साथ जोड़ा जाएगा, ताकि असंगठित उद्योगों में कामगारों को सरकार के विभिन्न प्रयासों के लाभ दिए जा सकें।
- भूजल के घटते हुए स्तर की दशा देखते हुए शहरों को आत्म निर्भर बनाने और नागरिकों को जल मिलना सुनिश्चित करने के लिए अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0) की शुरुआत की गई।
- जीएसटी की कारोबारी अन्डरफिलिंग करने में सहजता और व्यापार को बढ़ाने के लिए उपाय किए गए, छोटे करदाताओं पर विलम्ब शुल्क के भुगतान का बोझ कम करने का प्रयास किया गया, विवरणी भरने के लिए अंतिम तारीख को आगे बढ़ाया गया।
- सन 2020–21 में भारत सरकार ने विशेष ऋणदाय सुविधा के माध्यम से ऋण देते हुए राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों को सहायता प्रदान की ताकि जीएसटी प्रतिपूर्ति में कमी की भरपाई की जा सके। इस स्कीम को ₹1.59 करोड़ की सहायता देते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021–2022 के लिए भी बढ़ाया गया।
- पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर उत्पाद शुल्क को क्रमशः ₹5

प्रति लिटर और ₹10 प्रतिलिटर कम कर दिया गया।

- मेक इन इंडिया और आत्म निर्भर भारत प्रयासों के भाग के तौर पर सीमाशुल्क की दरों की संरचना इस प्रकार रखी गई है कि भारत में विनिर्मित वस्तुओं को समर्थन मिले ताकि देश को आत्म–परिपूर्ण बनाया जा सके। इनमें से एक प्रयास रक्षा क्षेत्र में किया गया जिसमें 209 वस्तुओं का अब आयात नहीं किया जाएगा और अब इनका उत्पादन भारत में होगा। जब रक्षा संबंधी वस्तुओं के उत्पादन की बात होती है तो इन गतिविधियों ने भारत को स्वावलम्बी बना दिया है।
- ऐसे स्टार्ट अप के लिए टैक्स राहत उपलब्ध कराई गई जो 31 मार्च 2022 से पहले निगमित किए गए हैं। इसी प्रकार इन स्टार्ट अप में किए गए निवेश को 31 मार्च 2022 तक पूंजीगत लाभ में शामिल नहीं किया गया।
- रक्षा क्षेत्र में स्वचालित मार्ग के माध्यम से 74 प्रतिशत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआइ) किया जा सकता है, जबकि सरकारी मार्ग से 100 प्रतिशत एफडीआई किया जा सकता है।
- सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के पंजीकरण को सरल बना दिया है और सेवा और विनिर्माता सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के बीच विभेद को हटाते हुए इनकी परिभाषा को संशोधित कर दिया है। लोक अधिक्रय नीति के तहत केन्द्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों में तथा सीपीएसई में वार्षिक जरूरत की वस्तुओं और सेवाओं का 25 प्रतिशत एमएसएमपीएस से लिया जाएगा।

समाज के कल्याण और लॉकडाउन और कोविड–19 से प्रभावित क्षेत्रों हेतु सरकार द्वारा अपनाई गई राजकोषीय नीति में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रस्तावित अधिकांश प्रयासों को अनुपूरक रखा गया है। किए गए उपायों में से कुछ निम्नानुसार रहे :

- चलनिधि उपायों को अपनाते हुए विशिष्ट आर्थिक क्षेत्रों का पुन: उत्थान करने के लिए 9 अक्तूबर 2020 को आरंभ की गई लक्षित दीर्घकालीन रेपो परिचालन की ऑन टैप योजना को 31 मार्च 2022 तक बढ़ा दिया गया। फरवरी 2021 में इसमें केवल पांच क्षेत्रों को ही नहीं बल्कि कामथ समिति द्वारा सन 2020 में अभिनिर्धारित दबावग्रस्त सभी क्षेत्रों को और साथ ही साथ गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को बैंकों द्वारा दिए गए उधारों को भी शामिल कर लिया गया। बैंक इस क्षेत्र के अभिनिर्धारित प्रतिष्ठानों को ऋण और अग्रिम प्रदान करने के साथ–साथ साथ इस क्षेत्र के प्रतिष्ठानों द्वारा निगमित वाणिज्य पेपरों, कार्पोरट बॉन्डों और एनसीडी (अपवित्र्तनीय ऋणपत्रों) में निवेश भी कर सकते हैं।
- अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों, जिनमें राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) और भारतीय निर्यात आयाता बैंक (एक्जिम बैंक) शामिल हैं, को अप्रैल से अगस्त 2020 में लगभग 75 हजार करोड़ रुपए की पुनर्वित्त सुविधा प्रदान की गई। यह सुविधा अर्थव्यवस्था में ऋण के प्रवाह को समर्थन देने के लिए प्रदान की गई। वर्ष 2021–22 में नए उधार देने के लिए अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों को ₹50,000 करोड़ का नया समर्थन दिया गया।
- ग्राहकों, जिनमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, छोटे कारोबारी और व्यापारी भी शामिल हैं, की बढ़ती हुई जरूरतों को पूरा करने के लिए; भुगतान बैंकों को बढ़ावा देने के लिए और वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहन देने के लिए – दिन के अंत में प्रति ग्राहक राशि–शेष को रु.1 लाख से बढ़ाकर ₹2 लाख कर दिया गया।
- गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां ऐसे क्षेत्रों को ऋण सुविधाएं प्रदान करती हैं जो रोजगार का सृजन करते हैं और निर्यात की दृष्टि से आर्थिक संवृद्धि को समर्थन देते हैं। आवासन/सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों/कृषि के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को 'ऑन–लैन्डिंग' हेतु गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की चलनिधि स्थितियों को सुधारने के लिए बैंकों से पंजीकृत गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को रकम उधार देना 31 मार्च 2022 तक बढ़ाया गया।
- चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत 4 प्रतिशत की नीतिगत रेपो दर, 3.35% की रिवर्स रेपो दर, मार्जिनल स्थायी सुविधा (एमएसएफ) और 4.25% की बैंक लैन्डिंग दर को बरकरार रखा गया।
- महामारी में हेल्थकेयर क्षेत्र को चलनिधि सुविधा देने के लिए 'ऑन टैप' ऋण सुविधा आरंभ की गई। बैंकों को प्रोत्साहित किया जाता है कि प्राथमिकता क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत उद्योग को त्वरित ऋण प्रदान करें। तीन साल के लिए रेपो दर पर ₹50,000 की लैन्डिंग विन्डो को 31 मार्च 2022 तक के लिए खोला गया।
- समाधान व्यवस्था 1.0 के तहत ऋणों की पुनसंरचना का लाभ लेने वाले व्यक्तियों और छोटी फर्मों के लिए अपनी ऋण स्थगन अवधी को अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाने का विकल्प रहेगा।
- राज्य सरकारों की ओवरड्राफ्ट सुविधाओं को 36 दिन से बढ़ाकर 50 दिन कर दिया गया है, जिसमें निरंतर दिनों की संख्या 14 से बढ़ाकर 21 दिन कर दी गई है ताकि नकदी प्रवाह और उधारियों के बेहतर प्रबंधन में उनकी मदद हो सके।
- होटल, कार मरम्मत, निजी बस ऑपरेटर आदि जैसे संपर्क संवेदी उद्योगों को महामारी में चलनिधि समर्थन प्रदान करने के लिए ऑन टैप ऋण सुविधा आरंभ की गई। प्राथमिकता क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत उद्योग को त्वरित ऋण प्रदान करने के लिए बैंकों को प्रोत्साहित किया जाता है। तीन साल के लिए रेपो दर पर ₹15,000 करोड़ की लैन्डिंग विन्डो 31 मार्च 2022 तक के लिए

खोली गई।

कार्बन फुटप्रिन्ट को कम करने के उद्देश्य से हरित ऊर्जा के स्त्रोतों से हाइड्रोजन पैदा करने के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के तहत प्रयास किए जा रहे हैं। हाइड्रोजन पैदा करने का प्रयोजन यह है कि इसे संपीडित प्राकृतिक गैस के साथ मिश्रित किया जाए और इससे प्राप्त पदार्थ को परिवहन में ईंधन के रूप में और उद्योगों में रिफाइनरी में इनपुट के तौर पर उपयोग में लिया जाए। प्रधान–मंत्री द्वारा 5 जून 2021 को की गई घोषणा में पेट्रोल में 20% एथनॉल मिलाने की अनुमति दी गई। सितम्बर 2021 तक भारत ने इस लक्ष्य का 8.5% प्राप्त कर लिया। प्रधान–मंत्री ने 5 जून 2021 को घोषणा की कि सन 2025 तक पेट्रोल में 20% एथनॉल मिलाया जाने लगेगा। एथनॉल मिश्रण से भारत के लिए बहुत अधिक लाभ हो सकते हैं, जैसे कि प्रतिवर्ष आयातों में अनफेमिलियर ट्रेड के 4 बिलियन अमरीकी डॉलर की बचत, ऊर्जा की क्षमताओं में सुधार, उत्पादों में फॉसिल ईंधन के उपयोग में कमी, हवा की गुणवत्ता में बढ़ोतरी होगी, अनिष्ट खाद्यान्नों और अपशिष्ट के उपयोगी प्रयोग को बढ़ावा मिलेगा, रेन्चरों की आय में बढ़ोतरी होगी, कार्य और उद्यमों की स्थापना के नए द्वार खुलेंगे। भारत में रेलवे ने निवल जीरो कार्बन मिशन में लक्ष्य रखा है कि सन 2030 आने तक यह अपने परिचालनों में नवीकरणीय ऊर्जा को अपना स्रोत बना लेगा। इसका लक्ष्य है कार्बन फुटप्रिन्ट को घटाने की अपनी योजना के तहत दिसम्बर 2023 तक 100% विद्युत चालित रेलमार्ग तैयार करना, गति कम करते समय ऊर्जा सृजन हेतु तीन स्तरीय नवोन्मेषी पद्धति का प्रयोग करना, स्वतंत्र रूप से डीजल चालित पॉवर वाहनों को समाप्त करना, धारणीय शक्ति स्रोतों का उपयोग करना रेल मार्ग पर सभी स्थापनाओं में एलईडी लाइटें लगाना, और वनरोपण करना। ऑफ ग्रिड सोलर पीवी अनुप्रयोग कार्यक्रम हेतु तृतीय स्तर पर सोलर लाइटों, सोलर लैम्पों और सोलर पैक 31 मार्च 2021 तक उपलब्ध रहे। राज्य के नोडल कार्यालयों ने रिपोर्ट किया कि लगभग 31 दिसम्बर 2021 तक 1.45 लाख सूर्य–आधारित स्ट्रीटलैम्प लगा दिए गए, लाइटों पर 9.14 लाख सोलर संकेन्द्रक वितरित किए गए और 2.5 मेगावाट सोलर–शक्ति चालित पैक स्थापित किए गए।

भारत सरकार द्वारा 21वीं सदी की प्रथम शिक्षा नीति एनईपी–2020 आरंभ की गई, जिसका लक्ष्य सभी विद्यार्थियों की मांग को पूरा करना है। 'सभी को शिक्षा' के लक्ष्य वाली एनईपी को इस तरह तैयार किया गया है कि इसमें समाज के अनादृत और संकोचित प्रतिनिधित्व को लाभ देने पर विशेष फोकस रहे। सरकार के समग्र शिक्षा योजना जैसे प्रयासों सहित इस योजना को 2020–2021 में उन्नत किया गया और ₹2,94,283.04 करोड़ की सरकारी सहायता से इसे 2021–2022 से 2025–2026 तक के लिए बढ़ाया गया है। सरकार ने 5 जुलाई 2021 को राष्ट्रीय मिशन आरंभ किया। इस राष्ट्रीय मिशन के तहत भारत के संघशासित क्षेत्रों/राज्यों को यह विशिष्ट कार्यसूची दी गई है कि तृतीय ग्रेड तक प्रत्येक बालक–बालिका को तात्विक साक्षरता और अंकगणना में दक्ष बनाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। इसे ''सुबोध्यता और अंकगणना सहित पठन में दक्षता हेतु राष्ट्रीय प्रयास' (निपुण भारत) के रूप में यह योजना तैयार की गई है। स्कूलों में दोपहर का निशुल्क भोजन प्रदान करने हेतु पीएम पोषण योजना को 2021–2022 से लेकर 2025–2026 तक निष्पादित किया जाना है, जिसमें ₹54061.73 करोड़ की सहायता संघ सरकार से और ₹31733.17 करोड़ की सहायता राज्य सरकारों और यूटी प्रशासनों से मिलेगी। सन 2020–21 के दौरान लगभग 11 लाख 20 हजार संस्थापनाओं में विद्यमान लगभग 11 लाख 80 हजार अल्पवयस्कों को इस योजना का लाभ मिला।

देश में और सम्पूर्ण जगत में टीकाकरण कार्यक्रमों ने मृत्युदर को कम करने और अर्थव्यवस्था में भरोसे को फिर से बनाने में मदद की, इससे क्रियाकलाप फिर से आरंभ हो सके और दूसरी लहर से उत्पादन पर पड़ सकने प्रभाव में कमी रही। भारत में 16 जनवरी 2022 के टीकाकरण अभियान का प्रथम वर्ष पूरा किया गया, और रोग प्रतिरक्षण की 156 करोड़ से भी ज्यादा खुराकों का प्रबंधन करने की स्मरणीय उपलब्धि को प्राप्त किया। लगभग 88 करोड़ (वयस्क जनसंख्या के 93 प्रतिशत) ने पहला टीका लगवाया जिससे लगभग 66 करोड़ लोग (वयस्क जनसंख्या का 70 प्रतिशत) पूरी तरह से टीकाकृत हो गए। डील क्रियाकलापों की बात करें तो सन 2021 कई उल्लेखनीय उच्चताओं का रहा। सन 2020 को पीछे छोड़ते हुए सन 2021 मूल्य और मात्रा दोनों ही में क्रमशः 40 प्रतिशत और 60 प्रतिशत आगे रहा। प्राइवेट इक्विटी प्रथम स्थान पर बनी रही जिसके बाद समामेलन और अधिग्रहणों का स्थान रहा। निजी इक्विटी (पीई) का योगदान मूल्य की दृष्टि से 57 प्रतिशत और मात्रा की दृष्टि से 61 प्रतिशत रहा, जबकि एम एन्ड ए ने मूल्य की दृष्टि से 43 प्रतिशत और मात्रा की दृष्टि से 39 प्रतिशत योगदान किया। समामेलन और अधिग्रहणों ने वर्ष 2021 में मोलतोल के मूल्यों को बढ़ाया – मात्रा की दृष्टि से दो–गुने से अधिक और 2020 की तुलना में मात्रा की दृष्टि से 28 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। इस बढ़ोतरी में मेगाडील का विशिष्ट योगदान रहा। पर्यावरण हितैषी विद्युत क्षेत्र में विपुल व्यवस्थाओं ने मूल रूप से विदेशी सौदों को प्रभावित किया, उदाहरण के लिए अडानी की हरित ऊर्जा परियोजना ने एसबी एनर्जी इंडिया का अधिक्रय लगभग यूएस $3 बिलियन में और आरईसी सोलर का अधिक्रय रिलायन्स न्यू एनर्जी सोलर ने यूएस $0.771 बिलियन में कर लिया। दूसरा सबसे बड़ा योगदान करने वालों में आईटी क्षेत्र रहा, उदाहरण के लिए विप्रो ने कैपको का अधिग्रहण यूएस $1.5 बिलियन में किया और बायजूस ने ग्रेट लर्निंग और एपिक का अधिग्रहण क्रमशः यूएस $600 मिलियन और यूएस $500 मिलियन में कर लिया। सन 2020 की तुलना में सन 2021 में स्थानीय व्यवस्था की गतिविधियों में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही जिसने यूएस $7 बिलियन का योगदान दिया। वित्तीय आशावादिता और मुक्तहस्त पूंजी तक अभिगम ने स्वदेशी एम एन्ड एप्लिकेशन को 2021 में प्रेरित किया, जिसमें बहुत से कार्पोरेट डिजाइनों को सहज करने के लिए अमहत्वपूर्ण संसाधनों का विनिमय करते हुए संस्थानों ने प्राप्त निधियों का प्रयोग संसाधनों की खरीद के लिए किया। महामारी के बाद के विश्व में तो संगठनों को प्रतिस्पर्धा का तेजी से प्रतिसाद करने लिए

मजबूरन समामेलन का सहारा लेना पड़ रहा है ताकि वे लाभ में अपना हिस्सा ले सकें, खासकर खुदरा और दुकानदारी के नवोन्मेषी क्षेत्रों में। विदेशी अधिग्रहण ऐसी आशा है कि सन 2022 में भी होते रहेंगे, क्योंकि नए कारोबारी क्षेत्रों की शुरुआत करने, अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने और अपनी अनुरूपी कारोबारी दक्षताओं को पाने के लिए कंपनियां विदेशी बाजारों में अवसरों की तलाश करेंगी। कैलेन्डर वर्ष 2021 में शीर्षस्थ पाँच समामेलन और अधिग्रहण इस प्रकार रहे – 4.7 बिलियन डॉलर के बिलडेस्क और पेयू का सौदा हुआ; 2 बिलियन डॉलर के लिए फुलट्रॉन इंडिया और सुमितोमो मित्शुई फाइनान्शियल ग्रुप का सौदा; 2.4 बिलियन डॉलर के लिए एयर इंडिया और टालेस (टाटा समूह) का सौदा; 5 बिलियन डॉलर के लिए दीवान हाउसिंग फाइनान्स कार्पोरेशन (डीएचएफसी) और पीरामल कैपिटल एन्ड हाउसिंग फाइनान्स का सौदा; और 3.5 बिलियन डॉलर के लिए एसबी एनर्जी इंडिया और अडानी ग्रीन का सौदा हुआ।

संघीय बजट 2022 में प्रस्ताव किया गया कि क्रिप्टोकरेन्सी, नॉन फन्जीबल टोकन (एनएफटी) या किसी अन्य भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किसी अन्य डिजिटल आस्ति जैसी आभासी डिजिटल आस्तियों के विक्रय से होने वाले लाभ पर 30 प्रतिशत की समान दर पर टैक्स लगाया जाएगा और सभी सौदों पर 1 प्रतिशत की दर से स्त्रोत पर कर कटौती टीडीएस की जाएगी। इस कदम से अपेक्षित है कि बाजार में सट्टेबाजी में कमी आएगी। डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए संघ के बजट 2022–2023 में डिजिटल रुपए की घोषणा की गई, जो रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किया जाएगा और इसे केन्द्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) कहा जाएगा जो ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का प्रयोग करेगी। यह भुगतान प्रणाली सुदक्ष और किफायती होगी; और ई–वॉलेट प्रणाली की तरह ही इसमें सभी संव्यवहारों की ट्रैकिंग की जा सकेगी। नकदीरहित अर्थव्यवस्था की तरफ एक कदम के रूप में भारत सरकार ने यूपीआइ (एकीकृत भुगतान इन्टरफेस) अर्थात वास्तविक समय में भुगतान (आरटीपी) की शुरुआत सन 2016 में की थी। 31 मार्च 2022 की स्थिति के अनुसार 5,405.65 मिलियन डिजिटल संव्यवहार यूपीआई के माध्यम से किए गए जिनका मूल्य ₹9,60,581.66 करोड़ बनता है। सिंगापुर, भूटान, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल जैसे देशों ने यूपीआई–संबद्ध भुगतानों को स्वीकार किया है। (नैशनल पेमेन्ट्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा प्रकाशित)। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सन 2012 में वैकल्पिक निवेश निधि का सृजन किया। स्थावर संपदा, निजी इक्विटी और एन्जल निवेशों जैसे परिसंतियों की श्रेणियों में अपने निवेश को दिशा देने वाले उच्च निवल मालियत वाले व्यक्तियों और संस्थागत निवेशकों को ये साधन एक्सपोजर प्रदान करते हैं। 31 दिसम्बर 2021 की स्थिति के अनुसार सेबी के अधीन पंजीकृत एआईएफ के संचयी निवल रकम ₹2,97,414.64 करोड़ की रही जबकि इस अवधि के दौरान विगत वर्ष में ₹2,12979.40 की निधियां जुटाई गईं थी, अर्थात 39.64% की संवृद्धि (साल–दर–साल आधार पर)। (सेबी द्वारा प्रकाशित वैकल्पिक निवेश निधियों के क्रियाकलापों से संबंधित आंकड़े)। आरंभिक अथवा आरंभिक स्तर के स्टार्ट अप्स को प्राथमिक तौर पर उद्यम पूंजी निधियों (एआईएफ की प्रथम श्रेणी) द्वारा वित्त प्रदान किया जाता है जो प्रमुखतया गैरसूचीबद्ध प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं। 31 दिसम्बर 2021 की यथास्थिति के अनुसार न्यूऐज टेक फर्मों में 85 प्रतिशत से भी अधिक जो फर्में जनता में गईं और आईपीओ के माध्यम से रकम जुटाई उन्हें निजी इक्विटी निवेशकों का समर्थन है जिसमें विकल्प के तौर पर विक्रय का प्रस्ताव भी निहित है। इन कंपनियों ने मार्च 2022 की स्थिति के अनुसार लगभग ₹43,283 करोड़ जुटा लिए हैं। (सेबी बुलेटिन, मार्च 2022)। सन 2015 से सन 2021 के बीच स्टार्ट–अप इकोसिस्टम तेजी से आगे बढ़ा है।

निवेशकों की संख्या में 9 गुनी बढ़ोतरी हुई है और स्टार्ट–अप्स का वित्तीयन 7 गुना बढ़ा है। स्टार्ट–अप्स द्वारा नवोन्मेषी तकनीकें प्रदान की जा रही हैं और इनके द्वारा नवयुग की समस्याओं के लिए समधान दिए जा रहे हैं, साथ–साथ ये रोजगार अवसरों का भी सृजन कर रहे हैं। फिनटेक, एडूटेक और सेवा के तौर पर सॉफ्टवेयर (एसएएएस) इसके प्राथमिक प्रचालक हैं। भारत के 100 यूनिकॉर्न का कुल मूल्यांकन यूएस $332.7 बिलियन था, इनमें से 44 का उदय सन 2021 में हुआ जिनका मूल्यांकन यूएस $93 बिलियन था और यूएस $18.9 बिलियन के मूल्यांकन वाले 14 यूनिकॉर्न तो सन 2022 में ही आए (5 मई 2022 की स्थिति के अनुसार)। यूनिकॉर्न की संवृद्धि में योगदान करने वाले प्रमुख घटकों का उदय डिजिटल भुगतानों, स्मार्टफोन के उपयोग और डिजिटल कारोबारी मॉडलों में हो रहा है। नायका, जोमेटो, पॉलिसी बाजार, पेटीएम जैसे यूनिकॉर्न ने रकम जुटाने और जनता के बीच जाने के लिए आईपीओ प्रस्ताव भी दिए हैं। सीकोया कैपिटल इंडिया, कुणाल शाह, टाइगर ग्लोबल मैनेजमेन्ट, एस्सेल, अल्फा, वेव ग्लोबल और ट्राइफेक्टा कैपिटल जैसे कुछ सक्रिय निवेशकों में से हैं। (स्टार्ट–अप इकोसिस्टम इन इंडिया – नेशनल इनवेस्टमेन्ट प्रोमोशन एन्ड फेसिलिटेशन एजेन्सी द्वारा प्रकशित)। सन 2021 में पीई फर्मों ने मूल्य की दृष्टि से 57 प्रतिशत का योगदान दिया जो सन 2020 की तुलना में मूल्य की दृष्टि से 50 प्रतिशत अधिक है। मात्रा की दृष्टि से इनका योगदान 61 प्रतिशत रहा जो सन 2020 की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है। कुल 1258 सौदे दर्ज हुए जिनकी मालियत यूएस $66.1 बिलियन है, इसमें से यूएस $8 बिलियन के सौदे तो प्रौद्योगिकी क्षेत्र में ही हो गए। शीर्ष 5 पीई सौदे इस प्रकार थे – बायजूस (US$1.4 बिलियन), फ्लिपकार्ट (US$3.6 बिलियन), एन्कोरा (US$1.5 बिलियन), हेक्सावेयर(US$3 बिलियन), और एमफेसिस (US$2.8 बिलियन)। सन 2020 से अबतक पीई से निकास में 6 गुनी बढ़ोतरी हुई है जो यह दर्शाता है कि निवेशक भी बाजार की प्रवत्तियों पर चलते हुए उच्च मूल्यांकन की अपेक्षा कर रहे हैं। सन 2021 में द्वितीयक विक्रयों ने निकासन मूल्य में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान किया।

वित्तीय संस्थानों में पीई/वीसी निवेशों में 77 सौदे हुए और सन 2021 में लोक इक्विटी में निजी निवेशों में लगभग US$3 बिलियन का निवेश हुआ जो सन 2020 के दौरान इसी अवधि में हुए 62 सौदों से मामूली सा अधिक है। सहभागिता नोट के माध्यम से सेबी में बिना पंजीकरण कराए हुए ही विदेशी निवेशक भारतीय स्टॉक मार्केट में सहभागिता कर सकते हैं। मार्च 2022 की स्थिति के अनुसार इन नोटों के माध्यम से बाजार में ₹87,979 करोड़ का निवेश हुआ जिसमें से ₹78,233 करोड़ का निवेश इक्विटी में हुआ, ₹9,593 करोड़ का निवेश ऋण में और ₹153 करोड़ का निवेश हायब्रिड प्रतिभूतियों में किया गया। (विदेशी डेरिवेटिव लिखतों का मूल्य, सेबी)।

मूडी ने 5 अक्तूबर 2021 को भारत सरकार की रेटिंग में संशोधन करते हुए घोषणा की कि यह ऋणात्मक की स्थिति से अब स्थिरता में आ गई है। अंतरराष्ट्रीय और स्वदेशी मुद्राओं में भारत की दीर्घकालिक निगमन रेटिंग Baa3 है। भारत की अल्पकालिक स्वदेशी मुद्रा रेटिंग P–3 पर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व आर्थिक आउटलुक के अनुसार महामारी के पश्चात भारतीय अर्थव्यवस्था के संवृद्धि अनुमानों में सन 2022 में 8.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी रखी गई है। सन 2020 और 2030 के बीच भारत के निर्यातों में प्रति वर्ष 7.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान है। सन 2030 जीडीपी में निर्यातों का हिस्सा 7.3 प्रतिशत अनुमानित है। भारत को फोकस औद्योगिक क्षेत्र पर अधिक है और आर्थिक संवृद्धि के लिए डिजिटाइज करने का प्रयास किया जा रहा है। घरेलू मांग को पूरा करने के लिए एप्पल और सैमसंग ने भारत में अपनी विनिर्माता इकाइयां स्थापित कर दी हैं। फेसबुक, गूगल और अमेजन उन प्रमुख टेक्नोलॉजी फर्मों में हैं जिन्होंने भारत में निवेश किया है। धातु और खनिज, फार्मास्युटिकल्स, मशीनरी और इलेक्ट्रिकल्स ऐसे तीन महत्त्वपूर्ण उद्योग हैं जो सन 2030 में भारत के निर्यात परिवेश में प्रभुत्व कायम करेंगे। भारत के ग्लोबल इनोवेशन इन्डेक्स में 35 रैन्कों का सुधार हुआ और सन 2021 में यह 46वें स्थान पर रहा। वहनीय विकास लक्ष्यों के सूचकांक में भारत के निष्पादन में 2019–2020 से 2020–2021 में 6 स्कोर का सुधार हुआ और यह 66 के स्कोर पर आ गया। भारत अपने वन क्षेत्र को बढ़ाने में सफल रहा है और 2010–2020 के दशक में इसने पूरे विश्व में तीसरा रैंक अर्जित किया। जलवायु संबंधी कार्य भारत की प्राथमिकता सूची में हैं और सन 2070 तक निवल जीरो कार्बन उत्सर्जन के लिए भारत प्रयासरत है।

सन 2021-22 में आईआईएफटी की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियां :एक झलक

यद्यपि 2021 के दौरान सामाजिक दूरी बनाए रखने के प्रावधानों में क्रमिक रूप से रियायत दी गई, तथापि कोविड–संबद्ध अनिवार्यताओं की द्वितीय और तृतीय लहरों के बाद सीमा–पार आवागमन पर लगाए गए संगत नियंत्रणों को देखते हुए, शैक्षणिक परिवेश के अटूट हिस्सा रहने वाले कुछ नियमित समारोहों (उदाहरण के लिए अकादमीय रैंकिंग, विदेशी विश्वविद्यालयों और बी–स्कूलों के साथ विद्यार्थी विनिमय) को सीमित रखा गया। इस प्रक्रिया में संस्थान के कतिपय समारोह भी प्रभावित हुए।

संस्थान का वार्षिक दीक्षांत समारोह

संस्थान का 54वां दीक्षांत समारोह 22 अक्तूबर 2021 को आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह में विभिन्न प्रबंधन कार्यक्रमों से 973 विद्यार्थियों को डिग्री/डिप्लोमा प्रदान किए गए। श्री पीयूष गोयल, मंत्री, वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले और खाद्य तथा लोक वितरण और वस्त्र, भारत सरकार इस समारोह के मुख्य अतिथि थे और दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता श्री बी. वी. आर. सुब्रहमण्यम, वाणिज्य सचिव, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई। इन्होंने विद्यार्थियों को पदक/पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। दीक्षांत समारोह में प्रदत्त डिग्री/डिप्लोमा का कार्यक्रम–वार और परिसर–वार वितरण इस प्रकार रहा :

कार्यक्रम का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
पीएच. डी.	13
एमबीए (आईबी) 2018–20 (दिल्ली)	165
एमबीए (आईबी) 2018–20 (कोलकाता)	149
एमबीए (आईबी) 2017–20 (दिल्ली)	51
एमबीए (आईबी) 2017–20 (कोलकाता)	15
एमए (अर्थशास्त्र) 2018–20 (दिल्ली)	20
एमए (अर्थशास्त्र) 2018–20 (कोलकाता)	07
एमबीए (आईबी) 2019–21 (दिल्ली)	171
एमबीए (आईबी) 2019–21 (कोलकाता)	162
एमबीए (आईबी) 2018–21 (दिल्ली)	43
एमए (अर्थशास्त्र) 2019–21 (दिल्ली)	24
एमए (अर्थशास्त्र) 2019–21 (कोलकाता)	28
ईपीजीडीआईबी 2019–20	91
ईपीजीडीआईबी (हायब्रिड) 2019–20	34
कुल	**973**

अंतिम नियुक्तियां – एमबीए (आईबी) 2020–22 बैच

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान ने अपने सर्वप्रमुख एमबीए (आईबी) कार्यक्रम के 2020–22 बैच के लिए अंतिम प्लेसमेन्ट कार्यक्रम को संपन्न किया। प्लेसमेन्ट चक्र में 82 कंपनियों ने हिस्सा लिया, 2020–22 के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेन्ट हुआ। इसमें प्रतिवर्ष औसत सीटीसी ₹25.16 वार्षिक रही और मीडियन सीटीसी ₹24 लाख वार्षिक रही। इसमें प्रदान की गई उच्चतम अंतरराष्ट्रीय सीटीसी ₹80 लाख वार्षिक रही जबकि उच्चतम घरेलू सीटीसी ₹46.5 लाख वार्षिक रही। इस बैच के शीर्ष 25 प्रतिशत विद्यार्थियों को प्राप्त औसत सीटीसी ₹34.3 लाख वार्षिक रही।

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान को देश में निरंतर ही उच्चकोटि के नियोजकों के प्रमुख गन्तव्य का रैंक दिया जाता है, जिसका कारण है इसका परिश्रमपूर्ण अध्ययन पाठ्यक्रम, प्रतिस्पर्धी बैच और कार्पोरेट प्रतिस्पर्धा में इसका उत्कृष्ट ट्रैक रिकार्ड। भारतीय विदेश व्यापार संस्थान विख्यात ब्रान्डों के साथ नए संबंध बनाता है जिनमें अन्य के साथ–साथ एक्सेन्च्यूर स्ट्रेटेजी, एशियन पेन्टस, एयू लघु वित्त बैंक, कारदेखो, डेल टेक्नोलॉजीस, डेलॉयट, इमामी, ईवाइ, एचसीसीबी, जियो प्लेटफार्म्स, मार्स, नारायण हेलथ, एनएफआईएल, न्यूक्लीयस सॉफ्टवेयर, आप्टम, आरबीएल बैंक, सीयर्स, स्टेट स्ट्रीट, उड़ान, अनेकाडमी शामिल हैं।

इस प्लेस्मेंन्ट सत्र में अत्यधिक मांग वाले परामर्शी डोमेन में दिए जाने वाले प्रस्तावों में बढ़ोतरी रही – प्रबंधन परामर्शदाता प्रस्तावों में 100% बढ़ोतरी रही। अन्य के साथ–साथ एक्सेन्च्यूर स्ट्रेटेजी, डेलॉयट कन्सलटिंग, ईवाई, इनफोसिस, मैकिन्से एन्ड कंपनी, आप्टम एडवायजरी, शंगरीला कार्पोरेट सर्विसेज, थाउसेन्ट्रिक, विप्रो, जेडएस एसोसिएट्स ने उच्चतम 25% प्रस्ताव दिए।

वित्त का डोमेन प्रमुख नियोजकों में बना रहा जैसे कार्पोरेट ट्रेजरी, निवेश बैंकिंग, जोखिम प्रबंधन, वेल्थ मैनेजमेन्ट, इक्विटी रिसर्च और फिनटेक, जिन्होंने इस बैच में 23% प्रस्ताव दिए। इस डोमेन के प्रमुख नियोजकों में आने वाले कुछ नाम सिटीबैंक, क्रिसिल, डीई शॉ, गोल्डमैन साक्स, एचडीएफसी बैंक, एचएसबीसी, आईसीआईसीआई बैंक, जेपी मोर्गन चेस एन्ड कम्पनी, स्टेट स्ट्रीट, सायनर्जी कन्सल्टिंग और यस बैंक रहे।

सेल्स और मार्केटिंग डोमेन में 21% प्रस्ताव मिले और इसमें नए नियोजकों यथा एशियन पेन्ट्स, इमामी, एचसीसीबी, मार्स के अलावा बजाज आटो, सिप्ला, डाबर, जीएसके, आईटीसी, ला'ओरियल, पेटीएम, आरपीजी ग्रुप, सिग्नीफाय, टीसीपीएल के नाम प्रमुख रहे, जिन्होंने काफी बड़ी संख्या में नियोजन देना बरकरार रखा।

अत्यधिक मांग वाले सामान्य प्रबंधन और रणनीति डोमेन में भी 10% प्रस्ताव मिले, नियोजकों में एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, जीपीएल, जेएसडब्ल्यू, नारायण हेल्थ, रिलायन्स और स्टेट स्ट्रीट का नाम शामिल है। व्यापार और परिचालनों में 5% की बढ़ोतरी रही जिसमें ग्लोबल मैनेजमेन्ट ट्रेनीज के लिए प्रस्ताव मिले। ईटीजी, ऑफबिजनेस, ओलम एग्रो, टाटा स्टील, ट्राफिगरा, वैरोक जैसे नियोजकों ने अपने प्रस्ताव दिए।

उत्पाद प्रबंधन और आईटी / विश्लेषक डोमेन भी क्रमशः 9% और 7% प्रस्तावों के साथ आकर्षक बने रहे। इसमें बृहद तकनीकी कंपनियों और स्टार्टअप जैसे कि कारदेखो, एपिकिनडायफाय, ईएक्सएल, गेम्स24X7, गूगल, गो–एमएमटी, जियो प्लेटफार्मस, हेक्सावेयर, माइक्रोसॉफ्ट, न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर, सीयर्स, अनएकाडमी, वॉक्सको और कई अन्य की मिश्रित सहभागिता रही।

अर्थव्यवस्था को मजबूती की लहर के प्रवाह में पारंपरिक नियोजकों जैसे कि एक्सिस बैंक, बजाज आटो, सिटीबैंक, ईटीजी, गोदरेज, गोल्डमैन साक्स, गूगल, आईटीसी, जेपी मॉर्गन चेस एंड कम्पनी, ला'ओरियल, माइक्रोसॉफ्ट, ओलेम, आरपीजी ग्रुप, टाटा स्टील, विप्रो और जेडएस एसोसिएट्स ने काफी संख्या में अभ्यर्थियों को लिया, जो भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के साथ उनके सम्पर्क में निहित भरोसे को प्रदर्शित करता है।

ग्रीष्मकालीन प्लेसमेन्टस – एमबीए (आईबी) 2021–22 बैच

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने अपने सर्वप्रमुख एमबीए (आईबी) कार्यक्रम के 2021–23 बैच के लिए ग्रीष्मकालीन प्लेसमेन्ट को सम्पन्न किया। इस प्लेसमेन्ट चक्र में 121 कंपनियों की सहभागिता रही। इसमें औसत ₹2.04 लाख (2 माह के लिए) के औसत वजीफे और ₹2 लाख (2 माह के लिए) के मीडियन वजीफे के प्रस्ताव दिए गए। प्रस्तावित उच्चतम वजीफा ₹4 लाख (2 माह के लिए) का था। इस बैच के शीर्ष 25% का औसत वजीफा ₹3.13 लाख (2 माह के लिए) रहा।

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान को देश में उल्लेखनीय नियोजकों का प्रमुख गन्तव्य माना जाता रहा है, जिसका कारण है इसका परिश्रमपूर्ण अध्ययन पाठ्यक्रम और कार्पोरेट प्रतिस्पर्धा में इसका उत्कृष्ट ट्रैक रिकार्ड। भारतीय विदेश व्यापार संस्थान विख्यात ब्रान्डों के साथ नए संबंध बनाता है जिनमें अन्य के साथ–साथ एवेन्डस कैपिटल, एक्सेन्च्यूर स्ट्रेटेजी, अमेजन, बार्कलेज, कार्स 24, डॉ. रेड्डीज लैबोरेट्रीज, फिनआईक्यू, ल्यूब्रिजॉल, लिसियन, एमटीआर, आप्टम, पिडीलाइट, स्टेट स्ट्रीट, ट्रेसविस्टा, ट्राइडेन्ट ग्रुप शामिल हैं।

अत्यधिक मांग वाले विक्रय और विपणन डोमेन में प्राप्त प्रस्तावों की संख्या सर्वाधिक रही ये कुल प्रस्तावों का 30% रहे। उल्लेखनीय संगठनों में अन्य के साथ–साथ सिप्ला, डाबर, गोदरेज कन्ज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड, जीएसके, हिन्दुस्तान यूनिलिवर, आईटीसी, ल'ऑरेल, मार्स, आरपीजी, टीसीपीएल, टाइटन शामिल थे। इस डोमेन में नए सम्पर्क भी विकसित किए गए जिनमें पिडीलाइट, लिसियस, लुब्रिजॉल और ट्राइडेन्ट जैसे उल्लेखनीय नियोजक शामिल हैं।

कार्पोरेट ट्रेजरी, निवेश बैंकिंग, जोखिम प्रबंधन, वेल्थ प्रबंधन, इक्विटी अनुसंधान और फिनटेक में भूमिकाओं के लिए वित्त का डोमेन प्रमुख नियोजक बरकरार रहा, इसने बैच के 21% को अपने प्रस्ताव दिए। इस डोमेन में प्रमुख नियोजकों में एवेन्डस कैपिटल, बार्कलेज, बोस्टन साइनटिफिक, सिटीबैंक, क्रिसिल, डी. ई. शॉ, गोदरेज हाउसिंग फाइनान्स, गोल्डमैन साक्स, एचएसबीसी, जेपीमोर्गन चेस एन्ड कं., ल'ऑरेल, डॉ. रेड्डीज लैबोरेट्रीज, साइनर्जी कन्सलटिंग और यस बैंक कुछ एक नाम हैं।

इस प्लेसमेन्ट सत्र में अत्यधिक मांग वाले परामर्श डोमेन में आने वाले प्रस्तावों में बढ़ोतरी रही। प्रधान परामर्शदाता फर्मों में एक्सेन्च्यूर स्ट्रेटेजी, कॉगनीजेन्ट, ईवाई, मेकिन्से एन्ड कम्पनी, आप्टम एडवाइजरी, रेडकोर, विप्रो, शामिल रहे इसमें कुल प्रस्तावों में से 15% को आकर्षित किया।

प्रख्यात सामान्य प्रबंधन और रणनीति डोमेन में भी 12% प्रस्ताव प्राप्त हुए जो अन्य के साथ–साथ आदित्य बिरला समूह, एक्सिस बैंक, सिप्ला, कारदेखो, कवर जीनियस, एक्सपेरियन, आईसीआईसीआई बैंक, गोदरेज प्रापर्टीज लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू, महिन्द्रा ग्रुप, सेल्सफोर्स, स्टेट स्ट्रीट, विक्रम सोलर जैसी कंपनियों से मिले।

व्यापार और परिचालनों में 5% की बढ़ोतरी रही, इसमें प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए प्रस्ताव दिए गए। इसमें अमेजन, फ्लिपकार्ट, सीओएफसीओ, ऑफबिजनेस, ओलम एग्रो, टाटा स्टील, वेलस्पन जैसे प्रतिष्ठत नियोजकों ने प्रस्ताव दिए।

आईटी/विश्लेषक और उत्पाद प्रबंधन डोमेन भी क्रमशरू 10% और 7% प्रस्तावों के साथ आकर्षक बने रहे। इसमें पारंपरिक नियोजकों और प्रथम बार सम्पर्क करने वाले सहभागियों का मिश्रण रहा। भारतीय विदेश व्यापार संस्थान को अमेजन, केपगेमिनी, कार देखों, कार्स24, कॉगनीजेन्ट, एपिकनडीफाइ, हेक्सावेयर, माइक्रोसॉफ्ट, ऑफबिजनेस जैसी कंपनियों और कई अन्य की मेजबानी का अवसर मिला।

कार्यस्थलों पर सामान्य हालात की वापसी के साथ ही पारंपरिक नियोजकों जैसे कि एक्सिस बैंक, बजाज ऑटो, डीई शॉ एन्ड कं., फ्लिपकार्ट, गोदरेज, गोल्डमैन साक्स, आईटीसी, जेपी मार्गन चेस एन्ड कम्पनी, ल'ऑरेल, महिन्द्रा ग्रुप, माइक्रोसॉफ्ट, ऑलेम, आरपीजी ग्रुप, टाटा स्टील, उड़ान, विप्रो ने काफी बड़ी ससंख्या में अभ्यर्थियों का चयन किया जो भारतीय विदेश व्यापार संस्थान द्वारा दिए जाने वाले विद्यार्थियों की गुणवत्ता का एक प्रमाण है।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ शैक्षणिक संबंध स्थापित किए हुए हैं ताकि विद्यार्थी/संकाय विनिमय के साथ–साथ संयुक्त प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रामों जैसी गतिविधियों को संचालित किया जा सके। समूचे विश्व के 35 विश्विविद्यालयों/संस्थानों के साथ भारतीय विदेश व्यापार संस्थान का सहयोग है, इनमें से 16 यूरोप में, 10 एशिया में और 9 विश्व के अन्य हिस्सों में हैं।

नए एमओयू पर हस्ताक्षर

- इस संस्थान ने लीड्स विश्वविद्यालय, यूके के साथ 9 जून 2021 को तीन साल की अवधि के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए।
- इस संस्थान ने नेशनल डोग ह्वा विश्वविद्यालय, ताइवान (एनडीएचयू) के साथ 5 जनवरी 2022 को पांच साल की अवधि के लिए एमओयू और विद्यार्थी विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- इस संस्थान ने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय, पर्थ के साथ 28 जनवरी 2022 को पांच साल की अवधि के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए।
- इस संस्थान ने ब्रिटिश टीचिंग विश्विविद्यालय जार्जिया (बीटीयू) के साथ 4 मार्च 2022 को पांच साल की अवधि के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

विचाराधीन एमओयू

- फ्लोरिडा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय (एफआईयू), यूएसए
- इन्टरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर एक्सपोर्ट ट्रेड (आईओईटी)
- इंडियाना यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया (आईयूपी), यूएसए

विद्यार्थी आदान–प्रदान कार्यक्रम

विद्यार्थी आदान प्रदान कार्यक्रम के अधीन अक्तूबर से दिसम्बर 2021 के त्रिमास और जनवरी से मार्च 2022 के त्रिमास के लिए अलग–अलग विश्वविद्यालयों और संस्थानों से दो विद्यार्थी भारतीय

विदेश व्यापार संस्थान में आए।

कार्यपालक विद्यार्थी अध्ययन दौरे और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

ईपीजीडीआईबी (ऑन कैम्पस और हाइब्रिड) के लिए एक सप्ताह का अंतरराष्ट्रीय पोर्ट विजिट क्रियाकलाप को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। ईपीजीडीआईबी (ऑन कैम्पस और हाइब्रिड) 2020–21 हेतु अध्ययन दौरे का आयोजन 20–25 फरवरी 2022 के दौरान दुबई में किया गया।

ईपीजीडीआईबी 2021–22 बैच के कुल ग्यारह आईआईएफटी विद्यार्थियों और एमबीए (आईबी) सप्ताहांत (2021–24) बैच के दो विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी ऑफ ला वेर्न (यूएलवी) के सहयोग से आईबीएस अमेरिकास द्वारा छात्रवृत्ति हेतु अनुमोदन दिया गया।

'एम्पायरिकल इश्यूज इन इन्टरनेशनल ट्रेड एन्ड फाइनान्स (ईआईआईटीएफ)' पर 7वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 16 और 17 दिसम्बर को हाइब्रिड मोड में (अर्थात ऑनलाइन अथवा परिसर में व्यक्तिशः उपस्थिति) भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के कोलकाता परिसर में किया गया। इस साल के ईआईआईटीएफ सम्मेलन की विषयवस्तु थी – 'ट्रेड, फाइनान्स एन्ड डेवलपमेन्ट रू कान्टेम्पोरेरी इश्यूस'। इस सम्मेलन में तीन विशेष व्याख्यानों, एक विशेष सत्र (ट्रेड स्पेशियलाइजेशन, स्ट्रक्चरल चेन्ज एन्ड डेवलपमेन्ट) और एक पैनल चर्चा (फ्यूचर ऑफ मल्टीलेटरलिज्म) का आयोजन किया गया। सम्मेलन समिति को कुल 165 आलेख प्राप्त हुए जिसमें से 93 स्वीकृत आलेखों को 23 तकनीकी सत्रों में विभाजित करते हुए हाइब्रिड मॉडल में प्रस्तुत किया गया। भारत और विदेश दोनों ही के विद्वानों द्वारा प्रस्तुत शोध पत्रों का संकेन्द्रण इस थीम के तहत विभिन्न विषयों पर रहा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय व्यापार, वित्त, वैश्विक उत्पादन नेटवर्क और मूल्यवत्ता शृंखलओं, लॉजिस्टिक, एफडीआई, आदि को शामिल किया गया।

प्रबंधन विकास कार्यक्रम

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के एमडीपी प्रभाग ने वर्ष 2021–22 के दौरान विभिन्न स्तरों के प्रबंधकों और कार्यपालकों के लिए 14 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें सरकार के अधिकारियों (आईटीएस परिवीक्षाधीनों और सशस्त्र बलों के अधिकारियों सहित) और पीएसयू के कार्यपालकों के लिए प्रायोजित 9 कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा ऑनलाइन मोड के माध्यम से लम्बी अवधि के तीन पाठ्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया और निर्यात बंधु योजना – एमओओसी के तहत ऑनलाइन एमडीपी शृंखला का भी आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों से कुल 608 सहभागी लाभान्वित हुए।

कार्यपालक प्रबंधन कार्यक्रम

ईपीजीडीआईबी (ऑन–कैम्पस और हाइब्रिड) 2020–2021 का सफलतापूर्वक समापन

संस्थान के 54वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 22 अक्तूबर 2021 को किया गया। समारोह के दौरान कुल 126 सहभागियों को डिप्लोमा प्रदान किया गया जिनमें से 92 और 34 का संबंध क्रमशरू ऑन कैम्पस और हाइब्रिड बैच से थे। श्री पीयूष गोयल, मंत्री वस्त्र, वाणिज्य और उद्योग और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, भारत सरकार के साथ श्री बी.वी.आर. सुब्रहमण्यम, वाणिज्य सचिव, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने इस समारोह को गरिमामय बनाया। कुलपति प्रोफेसर मनोज पंत और डीन प्रोफेसर राकेश मोहन जोशी ने भी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

ईपीजीडीआईबी (सप्ताहांत) ऑन कैम्पस 2021–2022 की सफल शुरुआत

18 माह के ईपीजीडीआईबी (सप्ताहांत) ऑन कैम्पस कार्यक्रम का नया बैच 23–10–2021 को आरंभ हुआ जिसमें कुल 76 सहभागी हैं। इस कार्यक्रम का आरंभ आभासी उद्घाटन समारोह से हुआ। इस समारोह को कुलपति प्रो. मनोज पंत; डीन डॉ. राकेश मोहन जोशी, प्रमुख (ईएमपीडी); डॉ. पूजा लखनपाल और ईपीजीडीआईबी 2021–22–के कार्यक्रम निदेशक डॉ. प्रतीक माहेश्वरी ने गरिमामय बनाया।

जर्नल प्रभाग

मासिक संगोष्ठी शृंखला

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के कुलपति प्रो. मनोज पंत की मेन्टरशिप में प्रकाशन प्रभाग ने मासिक संगोष्ठी शृंखला आरंभ करने की पहल की है। इन संगोष्ठियों में शैक्षणिक शोध–पत्र/विषय पर प्रस्तुति और भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के संकाय सदस्यों/शोध विद्वानों के साथ परिचर्चा के लिए बाहरी विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाता है। इन आयोजनों के प्राथमिक प्रयोजनों में एक यह भी है कि संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों में अनुसंधान की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए। हम अगस्त 2018 से मासिक संगोष्ठी/वेबिनार शृंखला के तहत कई व्याख्यानों का आयोजन कर चुके हैं। विशेषज्ञों के सहयोग से वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान निम्नलिखित दो वेबिनारों का आयोजन किया गया :

- "प्रीडेटरी एफडीआई ड्यूरिंग इकोनॉमिक क्राइसेस : इनसाइट फ्रॉम क्रॉस–बॉर्डर एम एन्ड ए फ्रॉम चायना एन्ड होस्ट कन्ट्री रेस्पॉन्सेस", पर 28 जून 2021 का वेबिनार। इसमें अतिथि वक्ता थे – डॉ. अरिन्दम दास, प्रोफेसर, रणनीति और अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय टी.ए., पई मैनेजमेन्ट इन्स्टीट्यूट, मनिपाल, भारत।
- 'सर्पलस फूड–ग्रेन एन्ड परसिसटिंग हंगर: कन्टेक्सचुअलाइजिंग दि फार्म लॉ', पर 28 जुलाई 2021 को वेबिनार। इसमें अतिथि वक्ता थे – डॉ. अरिन्दम बनर्जी, सह प्रोफेसर, इकोनोमिक्स स्कूल ऑफ लिबरल स्टडीज, अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली।

***फोकस डब्ल्यूटीओ* जर्नल और आईआईएफटी तिमाही न्यूजलैटर का प्रकाशन**

जर्नल प्रभाग ने वर्ष 2021–22 के दौरान फोकस डब्ल्यूटीओ खंड 23 (4 अंक जनवरी – मार्च; अप्रैल – जून; जुलाई –सितम्बर और अक्तूबर – दिसम्बर 2021) का प्रकाशन किया जो कि भारतीय विदेश व्यापार संस्थान का आंतरिक तिमाही प्रकाशन है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय और प्रबंधन अनुसंधान के क्षेत्र में पूर्ण शोध–पत्रों, केस–स्टडीज, मोनोग्राफ्स, पुस्तक समीक्षा और डॉक्टरेट शोध प्रबंध

के सारांश प्रकाशित किए जाते हैं।

फोकस डब्ल्यूटीओ की प्रमुख उपलब्धियां

1. जर्नल प्रभाग ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है कि इसे जर्मनी (मासमैन इन्टरनेशनेल बुखंडलन्ग जीएमबीएच) से फोकस डब्ल्यूटीओ के लिए प्रथम अंतरराष्ट्रीय अभिदान प्राप्त हुआ।
2. एक जर्नल के रूप में फोकस डब्ल्यूटीओ को निम्नलिखित के साथ सूचीबद्ध किया गया है :
   - इंडियन साइटेशन इन्डेक्स (आईसीआई);
   - डायरेक्टरी ऑफ रिसर्च जर्नल्स इन्डेक्सिंग (डीआरजेआई),और
   - जे गेट।
3. जर्नल फोकस डब्ल्यूटीओ को वेब पोर्टल पर भी दिया गया है। (इसके लिए लिंक है https://www.iift.ac.in@iift@publications.php)
4. पीयर रिव्यू प्रक्रिया के अधीन फोकस डब्ल्यूटीओ के लिए ऑनलाइन लेख प्रस्तुति आरंभ की गई (इसका लिंक है – http://publication.iift.ac.in@focus.asp\id=700)

आईआईएफटी तिमाही न्यूजलैटर का प्रकाशन

जर्नल प्रभाग ने आईआईएफटी तिमाही न्यूजलैटर (जन.–मार्च; अप्रैल–जून; जुलाई–सितम्बर और अक्तूबर – दिसम्बर 2021) के चार अंकों का प्रकाशन किया।

विदेश व्यापार समीक्षा का प्रकाशन

जर्नल प्रभाग ने फॉरेन ट्रेड रिव्यू (सेज पबलिकेशन्स प्रा. लि.) के खंड 56 के अंतर्गत तीन अंकों और खंड 57 के अंतर्गत एक अंक का सफलतापूर्वक प्रकाशन वर्ष 2021–22 में किया। सामान्यतया प्रत्येक अंक में सीमा–पार समस्याओं पर सैद्धांतिक और अनुभवजन्य विषयों के डोमेन में अनुसंधान आलेख, व्याख्याएं और पुस्तक समीक्षाएं प्रकाशित की जाती हैं। इस साल के दौरान एक विशेषांक का प्रकाशन हुआ जिसकी थीम थी – ट्रेड इन सर्विसेज – गोइंग डिजिटल (खंड56(3) – अतिथि संपादन – प्रो. हिल्डेगन केविक नोर्डास, काउन्सिल ऑन इकोनोमिक पॉलिसीज (सीईपी) सविटजरलैन्ड एन्ड ऑरेब्रो यूनिवार्सिटी, स्वीडन द्वारा अतिथि संपादन)

इस जर्नल को स्कोपस एन्ड एसोसिएशन ऑफ बिजनेस स्कूल्स (एबीएस) डाटाबेस के तहत सूचीबद्ध होने का गौरव भी प्राप्त हुआ।

वर्किंग पेपर सीरीज को अपलोड करना

आईआईएफटी के वर्किंग पेपर सीरीज का मुख्य लक्ष्य यह है कि संकाय सदस्यों को अपने अनुसंधान परिणामों को प्रकाशन पूर्व की स्थिति में अपने व्यवसायी सहकर्मियों के साथ शेयर करने में सहायता दी जाए। इन आलेखों को ऑनलाइन प्रकाशित करते हुए आईआईएफटी की वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है। सन 2021–22 के दौरान दो वर्किंग पेपर अपलोड किए गए और अब इनकी कुल संख्या 54 हो गई है।

आईआईएफटी की रैंकिंग

इस संस्थान ने आकलन वर्ष 2020–2021 के दौरान बी–स्कूल की निम्नलिखित रैंकिंग में सहभागिता की, इसका सारांश निम्नानुसार है :

- आईआईएफटी ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग व्यवस्था (एनआईआरएफ) 2021 में सहभागिता की और अखिल भारतीय सर्वोत्तम बी–स्कूल में 25वां रैंक प्राप्त किया।
- आईआईएफटी की बिजनेस टुडेदृ एमडीआरए बी स्कूल सर्वे 2020 में सहभागिता और इसमें 10वां रैंक प्राप्त किया; और क्रॉनिकल्स ऑल इंडिया बी–स्कूल सर्वे हेतु परिणाम प्रतीक्षित हैं।
- 6ठा क्रॉनिकल्स ऑल इंडिया बी–स्कूल सर्वे में
- 7वां बिजनेस वर्ल्ड – बी स्कूल रैंकिंग में
- 15वां आउटलुक – बी–स्कूल सर्वे में
- 11वां एमबीए यूनिवर्स बी स्कूल रैंकिंग में
- 10वां इनसाइडआईआईएम एमबीए रैंकिंग में
- हाल ही में प्रत्यायन और रैंकिंग टीम ने उच्चतर शिक्षा के अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) पोर्टल पर डाटा प्रस्तुत किया है और यह एआईयू पोर्टल पर भी डाटा प्रस्तुत कर रहे हैं। यह कार्य अभी प्रगति पर है।

एएसीएसबी और अन्य प्रत्यायन

संस्थान ने एएसीएसबी बिजनेस प्रत्यायन प्राप्त किया और एमडीआई गुरुग्राम में 21 दिसम्बर 2021 को इसे प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

सन 1916 में स्थापित एएसीएसबी बिजनेस स्कूलों के लिए सर्वाधिक प्राचीन वैश्विक प्रत्यायन निकाय है, और यह सबसे बड़ा बिजनेस शिक्षण नेटवर्क भी है जो विश्व के अध्येताओं, शिक्षकों और व्यवसायों को आपस में जोड़ता है। एएसीएसबी प्रत्यायन में उन संस्थानों को मान्यता दी जाती है जिन्होंने शिक्षण, अनुसंधान, पाठ्यक्रम विकास और विद्यार्थी शिक्षण सहित सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता पर फोकस का प्रदर्शन किया है।

गुणवत्ता के उच्चतम मानकों का दूसरा नाम कहे जाने वाले एएसीएसबी प्रत्यायन वैश्विक रूप से कारोबारी शिक्षण के दायरे में विचारधारा के नए तरीकों को प्रेरित करता है। परिणामस्वरूप बिजनेस डिग्री कार्यक्रम का अध्ययन कराने वाले विश्व के स्कूलों में 6 प्रतिशत से भी कम के पास एएसीएसबी बिजनेस प्रत्यायन है। वर्तमान प्रत्यायनों को देखा जाए तो विश्व के 58 देशों और क्षेत्रों में कुल 890 संस्थानों को बिजनेस में एएसीएसबी प्रत्यायन मिला हुआ है, इनमें से 17 संस्थान भारत से हैं।

एएसीएसबी प्रत्यायन में स्कूलों के लिए सतत परिष्कार सुनिश्चित किया जाता है और उन्हें यह फोकस प्रदान किया जाता है कि वे अपने मिशन को पूरा करें, नवोन्मेष करें और प्रभाव डालें। एएसीएसबी–प्रत्यायित स्कूलों ने विजनेस शिक्षण वर्ग में अपने समकक्षों द्वारा की जाने वाली कठिन समीक्षा प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया जो यह सुनिश्चित करता है कि विद्यार्थियों को प्रथम–स्तरीय, भविष्य–केन्द्रित व्यवसाय शिक्षण प्रदान करने के लिए आवश्यक संसाधन, प्रमाणन और वचनबद्धता उनके पास है।

डॉ. राजीव कुमार, उपाध्यक्ष, नीति आयोग, भारत सरकार ने एमडीआई गुरुग्राम में एएसीएसबी इन्टरनेशनल का प्रत्ययन प्रमाणपत्र प्रदान किया।

एएसीएसबी पीआरटी आभासी विजिट – 6 से 9 सितम्बर 2021

संस्थान ने 4–दिवसीय पीआरटी आभासी विजिट का सफलतापूर्वक आयोजन किया जिसमें दोनों ही परिसरों ने सहभागिता की। इस विजिट की अध्यक्षता जोल्टान एन्टल–मोकोस (ईएसएमटी बर्लिन, जर्मनी) द्वारा किया गया, जिसमे उनके साथ अन्य सदस्य थे – चेंग सुई चेन (नैशनल यूनलिन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एण्ड टेक्नॉलजी) और रामीन सी. मेसामी (कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, लॉस एंजिल्स, संयुक्त राज्य अमरीका)।

एएसीएसबी, एश्यूरेन्स ऑफ लर्निंग सेमिनार – 3 से 4 मार्च 2022

संस्थान ने एश्यूरेन्स ऑफ लर्निंग पर 2 दिवसीय आंतरिक संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें संस्थान ने डॉ. एन्जेलिटो काल्मा (दि यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, आस्ट्रेलिया) को आमंत्रित किया। इस संगोष्ठी में 76 सहभागी शामिल हुए जिनमें हमारे दोनों ही परिसरों के संकाय संदस्य और गैर–शिक्षक स्टाफ भी शामिल हुए।

प्रत्ययन हेतु अंतरराष्ट्रीय सदस्यताएं

- दि एसोसिएशन टू एडवान्स कॉलेजिएट स्कूल्स् ऑफ बिजनेस (एएसीएसबी)।
- दि यूरोपियन फाउन्डेशन फॉर मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट (ईएफएमडी)।
- एसोसिएशन ऑफ एमबीए (एएमबीए)।

अन्य सदस्यताएं

- अकादमी ऑफ इन्टरनेशनल बिजनेस (एआईबी)।
- दि एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू)।
- एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैनेजमेन्ट स्कूल्स् (एआईएमएस)।
- दि ग्लोबल कॉम्पेक्ट नेटवर्क इंडिया।

आईआईएफटी का संस्थागत ढांचा

भारत के विदेश व्यापार को बढ़ावा देने के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के प्रयोजन से भारतीय विदेश व्यापार संस्थान की स्थापना 2 मई, 1963 को की गई, जिसका फोकस विदेशी व्यापार संबंधी अनुसंधान और प्रशिक्षण देने पर है। आरंभ से ही यह संस्थान विकसित होता गया और इसमें व्यापक रूपांतरण हुए और इसने विगत वर्षों में अपनी शैक्षिक गतिविधियों के दायरे और आयामों का विस्तार किया है और अब इसके अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय की सम्पूर्ण श्रेणियां समाहित हैं। आज अपने 59वें वर्ष में यह संस्थान अपने ज्ञान और संसाधनों के आधार, इसकी समृद्ध विरासत और भारत तथा विदेश दोनों ही स्थानों पर सुदृढ़ अल्युमनी नेटवर्क के लिए जाना जाता है।

आईआईएफटी जैसा कोई संस्थान अपने भीतर से ही विकास करता है लेकिन अपने परिवेश से पोषक तत्वों को ग्रहण करते हुए ही ऐसा होता है। आस–पास प्रणाली से जितनी विविध और कठिन चुनौतियां सामने रखी गईं, तो सामने आए हुए उन कार्यों को पूरा करने के लिए प्रयास भी उतने ही बृहद स्तर के हुए। विदेशी व्यापार क्षेत्र की सदा विकासशील व्यवस्था लगातार नए अवसर और चुनौतियां पेश करती रहती है, अपनी गतिविधियों की परिरेखा का पुन: निरूपण करते हुए यह संस्थान उनका सामना करने का प्रयास अपने ही तरीके से करता है।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार में शिक्षा, अनुसंधान और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान में निम्नलिखित प्रभाग हैं :

(I) कार्यपालक प्रबंधन कार्यक्रम (ईएमपी) प्रभाग

(ii) प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) प्रभाग

(iii) अंतरराष्ट्रीय सहयोग और क्षमता विकास (आईसीसीडी) प्रभाग

(iv) प्रबंधन में स्नातक अध्ययन (जीएसएम) प्रभाग

(v) अर्थशास्त्र प्रभाग

(vi) अनुसंधान प्रभाग

(vii) पूर्व छात्र कार्य प्रभाग

(viii) प्रकाशन प्रभाग

(ix) दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र (सीडीओई)

कार्यपालक प्रबंधन कार्यक्रम (ईएमपी) प्रभाग

कार्यपालक प्रबंधन कार्यक्रम (ईएमपी) प्रभाग का गठन इसलिए किया गया था कि सरकार के पदाधिकारियों, उद्यमों, निर्यातकों, कार्पोरेट क्षेत्र और सिविल सोसायटी के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा सके ताकि वे अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय से संबंधित मुद्दों और व्यापार नीति के लिए इसके निहितार्थों की व्यापक समझ विकसित कर सकें। ईएमपीडी ने इस प्रकार से डिजाइन किए हुए कार्यक्रम आरंभ किए जो विभिन्न देशों खासकर विकासशील देशों की रुचि के तत्कालीन व्यापार और आर्थिक विषयों के बारे में दृष्टिकोण बना सकें, अभिमत दे सकें, विश्लेषण कर सकें।

इस प्रभाग द्वारा चलाए जाने कार्यपालकों हेतु डिप्लोमा कार्यक्रमों के पाठयक्रम की विशेषताएं इस प्रकार हैं :

- पाठ्यक्रम की समयावधि 18 माह है, जिसकी कक्षाएं प्रति माह तीन सप्ताहांतों पर चलाई जाती हैं।
- प्रत्येक सेमेस्टर के आरंभ में सम्पर्क सप्ताह।
- कृत्रिम मेधा और मशीन लर्निंग जैसे सामने आ रहे क्षेत्रों पर फोकस।
- अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय, अंतरराष्ट्रीय विपणन, अंतरराष्ट्रीय वित्त और व्यापार में से विशेषज्ञता चुनने के अवसर।
- संरचनाबद्ध अनुसंधान परियोजना के माध्यम से अनुसंधान पद्धति का परिचय।
- ऑनलाइन अनुसंधान डाटाबेस और पाठ्य सामग्री की व्यापक उपलब्धता।
- समूचे विश्व में उच्च स्थापित एल्यूमिनी के साथ नेटवर्किंग के अवसर

प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) प्रभाग

संस्थान का प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) प्रभाग सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, कार्पोरेट और निजी क्षेत्र के अधिकारियों/कार्यपालों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार, अंतरराष्ट्रीय विपणन, वित्त, निर्यात–आयात प्रबंधन, वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रबंधन, मानव संसाधन, आईटी, एसईजेड हेतु क्षमता निर्माण, डाटा विश्लेषक, व्यापार विश्लेषक आदि के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करता है। यह प्रभाग आईएएस और अन्य अखिल भारतीय सेवाओं सहित भारत सरकार के विभिन्न अधिकारियों के लिए भी सेवाकालीन प्रशक्षिण कार्यक्रम प्रस्तुत करता है।

भारतीय व्यापार सेवा प्रशिक्षुओं के लिए नौ माह की अवधि का आवासीय बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के लिए नोडल संस्थान है। इसके अलावा, यह संस्थान भारतीय राजस्व सेवा, भारतीय विदेश सेवा, भारतीय आर्थिक सेवा, भारतीय सांख्यिकीय सेवा, आदि के अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है।

यह संस्थान भारत सरकार के डीजीएफटी की निर्यात बंधु योजना के तहत सम्पूर्ण भारत में फैले हुए निर्यातकों और उद्यमियों के लिए 'निर्यात आयात व्यवसाय' पर ऑनलाइन प्रमाणपत्र कार्यक्रमों की शृंखला का संचालन करता है। अभी हाल ही में डीजीएफटी के प्रयासों

से आईआईएफटी ने एमओओसी (विशाल ओपन ऑनलाइन कोर्स) के माध्यम से निर्यात बंधु कार्यक्रम आरंभ किया है। इस कार्यक्रम में उपस्थिति किसी के भी द्वारा कहीं से भी ऑनलाइन मोड में की जा सकती है।

इसके अलावा यह प्रभाग दीर्घ अवधि के निम्नलिखित कार्यक्रमों का संचालन हाइब्रिड/ऑनलाइन/ऑन–कैम्पस मोड में करता है :

1. अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय और वित्त में पोस्ट ग्रेजुएट प्रमाणपत्र कार्यक्रम।
2. हाइब्रिड मोड के माध्यम से निर्यात और आयात प्रबंधन में प्रमाणपत्र कार्यक्रम।
3. अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय हेतु रणनीति पर ईडीपी।
4. वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रबंधन पर ईडीपी।
5. सशस्त्र बलों के अधिकारियों के लिए डीजीआर के माध्यम से वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रबंधन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग और क्षमता विकास (आईसीसीडी) प्रभाग

आईआईएफटी का अंतरराष्ट्रीय सहयोग और क्षमता विकास (आईसीसीडी) प्रभाग घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ शैक्षणिक सम्बद्धता स्थापित करने के माध्यम से आईआईएफटी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और संयुक्त प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रमों को सक्षम करता है। आपस में विद्यार्थियों और संकाय का आदान–प्रदान इस शैक्षणिक सहयोग का अविच्छिन्न भाग है। प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की सदस्यता प्राप्त करके यह संस्थान शैक्षणिक सहयोग, विद्यार्थी विनिमय, अध्ययन दौरों और संकाय विनिमय को और भी प्रबल बनाता है। यह प्रभाग संकाय सदस्यों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सम्मेलनों में सहभागिता को सुविधाजनक बनाता है।

प्रबंधन में स्नातक अध्ययन (जीएसएम) प्रभाग

संस्थान में पूर्णकालिक/लम्बी अवधि वाले कार्यक्रमों के संचालन का नोडल प्रभाग प्रबंधन में स्नातक अध्ययन (जीएसएम) प्रभाग है। यह प्रभाग संस्थान के सप्ताहांत एमबीए और प्रमाणपत्र कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया चलाने के अलावा प्रशासनिक और शैक्षणिक समर्थन भी प्रदान करता है। यह दायित्व इस प्रभाग का है कि सभी सहयोगियों अर्थात संकाय, विद्यार्थी और अन्य सभी संबधितों के साथ समन्वय करते हुए कार्यक्रमों का सहज संचालन सुनिश्चित करे।

इस संस्थान ने अपने सर्वप्रमुख कार्यक्रम एमबीए (आईबी) 2021–23 में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए। दिल्ली और कोलकाता के परिसरों में मौजूद 512 सीटों के लिए लगभग 34,400 आवेदन प्राप्त हुए। कॉमन परीक्षा का संचालन 68 शहरों में किया गया। इस संस्थान के अन्य कार्यक्रमों को भी कार्पोरेट और सरकारी क्षेत्र से उत्साहवर्धक प्रतिसाद मिला है।

आर्थिक विभाग

एम. ए. (अर्थशास्त्र – व्यापार और वित्त में विशेषज्ञता)

एम. ए. (अर्थशास्त्र – व्यापार और वित्त में विशेषज्ञता) अर्थशास्त्र में यह कार्यक्रम शैक्षणिक वर्ष 2018–19 में आरंभ किया गया था। यह कार्यक्रम दिल्ली और कोलकाता में एक साथ चलाया जाता है। इस कार्यक्रम के लिए विश्व के सर्वोत्तम विश्वविद्यालयों के अर्थशास्त्र विभागों से पाठ्क्रम और अध्यापन कला को सम्मिलित किया गया है। सैद्धांतिक अर्थशास्त्र के क्षेत्र की नवीनतम गतिविधियों और इनके अनुभवजन्य अनुप्रयोगों पर विशेष बल दिया जाता है। कक्षा में आपसी वार्तालाप के अलावा ट्यूटोरियल के साथ–साथ सामूहिक कक्षाओं में प्रत्येक विद्यार्थी पर सजगतापूर्वक ध्यान दिया जाता है। इस कार्यक्रम में उद्देश्य यही रहता है कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक प्रयासों की दिशा में बढ़ाया जाए और जटिल समस्याओं का समधान करने की क्षमता का विकास किया जाए और वे सैद्धांतिक मॉडलों के निरूपण में योगदान के साथ–साथ इन मॉडलों के अर्थमितीय निरूपण भी करें। कार्यक्रम के दौरान नवीनतम अर्थमितीय और सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि सभी विद्यार्थी उच्चतर अध्ययन हेतु भलीभांति तैयार रहें।

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान का अर्थशास्त्र कार्यक्रम अब यूरोपियन संघ के दि एरास्मस मुन्डस प्रोग्राम का एक हिस्सा है। आईआईएफटी अब ईजीईआई का भी सहयोगी साझेदार है जो अन्य सहयोगों के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। (https://www.master/egei.eu/egei/associate/partners/)

रीपेक/आइडियास की वैश्विक रैंकिंग में आईआईएफटी के अर्थशास्त्र विभाग को भारत में 6ठें सर्वोत्तम विभाग का रैंक दिया गया है। (https://ideas.repec.org/top/top.india.html).

उद्देश्य

एम. ए. (अर्थशास्त्र – व्यापार और वित्त में विशेषज्ञता) कार्यक्रम के विशिष्ट उद्देश्य निम्नानुसार हैं :

1. विद्यार्थियों को इस प्रकार तैयार करना कि वे अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय संव्यवहारों में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से निहित व्यापारिक समस्याओं से सम्बद्ध अहम रणनीतियों के बारे में उत्कृष्ट व्यापारिक नीति निर्माता बनें।
2. विद्यार्थियों को इस प्रकार की युक्तियों से सज्ज करना जो उन्हें वास्तविक जगत की समस्याओं का समाधान करने में मदद करती हों।
3. विद्यार्थियों को इस प्रकार तैयार करना कि वे अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र और वित्त में विशेषज्ञापूर्ण ज्ञान के साथ पूर्णकालिक शिक्षाविद् बनें।

एम. ए. (अर्थशास्त्र) वर्तमान स्थिति

एम. ए (अर्थशास्त्र) 2020–22 के तीसरे बैच का वर्तमान में चौथा सत्र चल रहा है। दिल्ली में 20 विद्यार्थी और कोलकाता में 19 विद्यार्थी इस कार्यक्रम में अध्ययनरत हैं।

एम. ए (अर्थशास्त्र) 2021–23 के चौथे बैच का आरंभ दिल्ली और कोलकाता दोनों ही परिसरों में 4 अक्तूबर 2021 को ऑनलाइन मोड में किया गया। वर्तमान में इस कार्यक्रम का द्वितीय सत्र चल रहा है। दिल्ली में 43 विद्यार्थी और कोलकाता में 48 विद्यार्थी इस कार्यक्रम में अध्ययनरत हैं।

54वां दीक्षांत समारोह

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान ने अपने 54वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 22 अक्तूबर, 2021 को किया। एम. ए (अर्थशास्त्र) के निम्नलिखित बैचों को डिग्री प्रदान की गई :

क्रमांक	बैच	विद्यार्थियों की संख्या
1.	एम. ए (अर्थशास्त्र) 2018–20 दिल्ली	20
2.	एम. ए (अर्थशास्त्र) 2018–20 कोलकाता	7
3.	एम. ए (अर्थशास्त्र) 2019–21 कोलकाता	24
4.	एम. ए (अर्थशास्त्र) 2019–21 कोलकाता	28

प्लेसमेन्ट समिति द्वारा आयोजित व्याख्यान

तारीख	विषय	वक्ता	पदनाम	कम्पनी	उपस्थिति
7 अगस्त 2021	क्रेडिट रिस्क एनालिटिक्स	श्री लक्ष्मण रमेश	वाइस प्रेसिडेन्ट	मोर्गन स्टेनले	दिल्ली और कोलकाता
28 अगस्त 2021	क्रेडिट स्कोरिंग पोस्ट दि एडवेन्ट ऑफ फिनटेक्स	श्री अभिषेक मोहन्ती	वाइस प्रेसिडेन्ट	फर्स्ट आबू धाबी बैंक	दिल्ली और कोलकाता
15 सितम्बर 2021	दि ग्लोबल इकोनॉमी एन्ड इंडिया : इश्यूज एन्ट चौलेन्जेस	श्री आभीक बरुआ	चीफ इकोनॉमिस्ट	एचडीएफसी बैंक	दिल्ली और कोलकाता
25 सितम्बर 2021	दि आल्टरनेटिव एसेट्स इन्डस्ट्री : ए प्रैक्टीशनर्स पर्सपेक्टिव्स	श्री विकास उपाध्याय	सीनियर वाइस प्रेसिडेन्ट	सेरबेरस कैपिटल मैनेजमेन्ट	दिल्ली और कोलकाता
25 सितम्बर 2021	एग्रीकल्चरल सप्लाई चेन एन्ड इम्पेक्ट ऑफ कोविड–19	सुश्री गरिमा जैन	इंडिया बिजनेस हेड	एग्रोकार्प इंडिया	दिल्ली और कोलकाता
1 अक्तूबर 2021	लाइफलॉन्ग लर्निंग – एसेन्स ऑफ इन्डीविजुअल एन्ड आर्गेनाजेशनल एक्सीलेन्स्	श्री डी. वी. शास्त्री	कार्यपालक निदेशक	नेचुरल गैस सोसायटी	दिल्ली और कोलकाता
12 अक्तूबर 2021	एप्लीकेशन ऑफ इकोनॉमिक्स इन इन्टरनेशनल बिजनेस ऑपरेशन्स	श्री आशुतोष चतुर्वेदी	अपर निजी सचिव	नागर विमानन मंत्रालय	दिल्ली और कोलकाता
13 अक्तूबर 2021	मॉडलिंग रिस्क मैनेजमेन्ट इन दि एग्रीकल्चर सेक्टर	श्री सुमीत गुप्ता	बिजनेस पार्टनर	मैकडोनाल्ड पेल्ज ग्लोबल कमोडिटीस	दिल्ली और कोलकाता
18 दिसम्बर 2021	कैरियर्स इन इन्टरनेशनल फाइनान्स एन्ड रिस्क मैनेजमेन्ट	सुश्री रचना माहेश्वरी	एडी रिस्क मैनेजमेन्ट एन्ड मॉडलिंग	क्रिसिल	दिल्ली और कोलकाता
12 जनवरी 2022	ए डिस्कशन ऑन दि इकोनोमिक एनालिसिस	श्री निखिल गुप्ता	चीफ इकोनॉमिस्ट	मोतीलाल ओस्वाल फिनानशियल सर्विसेज	दिल्ली और कोलकाता
16 जनवरी 2022	हाउ एन्ड वॅट ऑफ स्मार्ट सिटीज मिशन	श्री आनंद मेनन	वाइस प्रेसिडेन्ट	दाराशॉ	दिल्ली और कोलकाता
22 जनवरी 2022	इंडियन इकोनोमिक आउटलुक इन 2022	सुश्री कनिका पसरीचा	इकोनॉमिस्ट	स्टैन्डर्ड चार्टर्ड बैंक	दिल्ली और कोलकाता
29 जनवरी 2022	सीवी बिल्डिंग वर्कशॉप	सुश्री ध्वनि काचरू	ग्रोथ मैनेजर	गूगल	दिल्ली और कोलकाता
18 फरवरी 2022	बैंकिंग इन्डस्ट्री : कैरियर पाथ एन्ड रिस्क मैनेजमेन्ट	सुश्री प्रिया जुनेजा	वाइस प्रेसिडेन्ट	ब्लैकरॉक	दिल्ली और कोलकाता
12 मार्च 2022	दि इकोनॉमिक्स ऑफ जियोपॉलिटिक्स: ए केस स्टडी ऑफ इंडिया	सुश्री राधिका पिपलानी	इकोनॉमिस्ट एन्ड वीपी	यस बैंक	दिल्ली और कोलकाता

आईआईएफटी इकोनॉमिक्स सोसायटी (आईईएस) द्वारा संचालित व्याख्यान

तारीख	विषय	वक्ता
1 मई, 2021	कुकिंग फ्यूल च्वाइस, इनडोर एयर क्वालिटी एन्ड चाइल्ड मोर्टेलिटी इन इंडिया	प्रो. अर्नब के. बसु, प्रोफेसर डायसन स्कूल ऑफ एप्लाइड इकोनोमिक्स एन्ड मैनेजमेन्ट, कॉर्नेल यूनिवर्सिटी
28 अक्टूबर, 2021	इकोनॉमिक कन्क्लेव – प्रथम दिन 'इकोनोमिक डिस्ट्रेस एन्ड फाइनेनशियल सेक्टर पॉलिसी रेस्पान्स'	प्रो. राउल मिनेटी, (मिशीगन स्टेट यूनिवर्सिटी); प्रो. पार्थ चटर्जी (शिव नाडार यूनिवर्सिटी, भारत); प्रो. सुनील पोशकवाल, (क्रेनफील्ड स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट, यूनाइटेड किंगडम)
29 अक्टूबर, 2021	इकोनॉमिक कन्क्लेव – द्वितीय दिन 'टेक्नोलॉजी, इनोवेशन एन्ड दि फ्यूचर ऑफ एम्प्लॉयमेन्ट'	प्रो. जेम्स बेसेन, (बोस्टन यूनिवर्सिटी, यूनाइटेड स्टेट्स); प्रो. मारियो पियान्टा, (स्काउला नार्मेल सुपिरिओरि, इटली); प्रो. एन्टन कोरिनेक, (ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन, यूनाइटेड स्टेट्स); डॉ. शुक्ति दासगुप्ता (इन्टरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन, जेनेवा, स्विटजरलैन्ड)
1 नवंबर, 2021	केन मशीन लर्निंग मैथड्स आउटपर्फार्म इकनोमेट्रिक मैथडस – एप्लीकेशन्स ऑफ मशीन लर्निंग फॉर फाइनान्स एन्ड इकोनोमिक्स	डॉ. शुभजीत चक्रवर्ती (लुशियाना स्टेट यूनिवर्सिटी – श्रेवपोर्ट एलए)
16 नवंबर, 2021	डाटा एन्ड सर्विस ट्रेड : रेग्युलेटरी आप्शन फॉर न्यू ग्लोबलाइजेशन	डॉ. एरिक वान डेर मारेल, सिनियर इकोनॉमिस्ट यूरोपियन सेन्टर ऑफ इन्टरनेशनल पॉलिटिकल इकोनॉमी
27 जनवरी, 2021	चेन्जेस एन्ड रिफाइनमेन्टस् दैट दि न्यू एफटीपी शुड एन्टेल एन्ड दि चौलेन्जेस फेस्ड दस फार	श्री मिहिर अजित शाह, अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय में परामर्शदाता, सलाहकार और प्रशिक्षक
26 फरवरी, 2022	पैनल डिस्कशन ऑन यूनियन बजट 2022 "ए रोडमैप टू इकोनोमिक स्टेबिलिटी"	प्रो. अजित्व रायचौधरी, प्रोफेसर और पूर्व प्रमुख, अर्थशास्त्र विभाग, जाधवपुर विश्वविद्यालय प्रो. पिनाकी चक्रवर्ती, निदेशक, राष्ट्रीय लोक वित्त और नीति संस्थान, नई दिल्ली प्रो. सव्यसाची कर, आरबीआई चेयर प्रोफसर, इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ, दिल्ली प्रो. सैबल कर, प्रोफेसर इकोनॉमिक्स, सेन्टर फॉर स्टडीज इन सोशल साइन्सेज, कोलकाता श्री सौगत भट्टाचार्य, सीनियर वाइस प्रेसिडेन्ट और चीफ इकोनॉमिस्ट, एक्सिस बैंक

अनुसंधान प्रभाग

संस्थान के विकास में अनुसंधान का बहुत महत्त्व रहता है क्योंकि यह ज्ञान के सृजन और प्रशिक्षण के बीच एक प्रबल और व्यापक सेतु तैयार करता है। इसने अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय के परिदृश्य के विश्लेषण और समुचित कार्पोरेट रणनीति तैयार करने में विशिष्ट परामर्शी क्षमता का विकास किया है। इस संस्थान ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही परियोजानाओं के लिए सफल बोलियां लगाई हैं। अनुसंधान प्रभाग समय–समय पर समकालीन विषयों पर महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करता रहता है, जिसमें बहुपक्षीय निकायों, सरकारी क्षेत्र और प्रख्यात शैक्षणिक संस्थानों के सुप्रसिद्ध ज्ञानवान व्यक्तियों आपस में मिलते हैं। इस प्रभाग द्वारा संचालित पीएच. डी. कार्यक्रम अत्यंत प्रशंसित कार्यक्रम हैं।

पूर्व छात्र प्रभाग

एल्युमिनी मामले प्रभाग और आईआईएफटी की एल्युमिनी संबंध समिति ने एल्युमिनी के साथ सम्पर्क में बने रहने के अपनी ऑनलाइन गतिविधियों को बनाए रखा और इस संथ्ससान तथा एल्युमिनी के बीच सम्पर्क बनाना जारी रखा।

एल्यूमिनी संबंध समिति ने मार्च और अप्रैल 2021 में ग्रीष्मकालीन एल्युमिनी मेन्टरशिप कार्यक्रम 2021 का संचालन किया। एल्युमिनी जिन संगठनों के लिए कार्यरत हैं और जहां विद्यार्थियों को अपनी प्रशिक्षुता आरंभ करनी है, उसके लिए प्रशिक्षुओं को कार्पोरेट कार्य–जीवन के पहलुओं के बारे में तैयार करते हैं।

आईआईएफटी के 58वें स्थापना दिवस का समारोह मनाने के लिए एल्युमिनी संबंध समिति ने 2 मई 2021 को आईआईएफटियन दिवस मनाया।

जुलाई 2021 में आरंभिक कार्यक्रम के एक भाग के रूप में भावी एमबीए (आईबी) बैच के लिए इनविजन वार्ता शृंखला के तहत एलयुमिनी द्वारा वार्ताओं की शृंखला का आयोजन किया गया। इस शृंखला के एक भाग के तौर पर 17 विशिष्ट एल्युमिनी की मेजबानी की गई।

एल्युमिनी संबंध समिति ने तरंग के तहत वीडियो पोडकास्ट का आयोजन अपने आधिकारिक यूट्यूब चौनल पर किया जिसमें एल्युमिनी ने आईआईएफटी के बाद अपने जीवन के बारे में संक्षिप्त परिचय देने के साथ ही अपनी इस शिक्षण संस्थान में बिताए हुए दिनों का उल्लेख किया। तरंग ने उद्यमी कह रहे हैं के बैनर तले सुश्री

उन्मना रिंझा की मेजबानी की जो आरास की संस्थापक हैं, और 2012 बैच की एल्युम्ना हैं। इस समिति ने एमबीए (आईबी) 2002 बैच के श्री बालाजी वैद्यनाथन की भी मेजबानी की जो फ्रैन्कलिन टेम्पलटन के डायरेक्टर और हेड ऑफ मार्केटिंग (सीईईएमए) हैं।

एल्युमिनी राउंडटेबल का प्रथम संस्करण 12 दिसम्बर 2021 को आयोजित किया गया। इसका विषय था – इवोल्विंग कन्ज्यूमर प्रेफरेन्सेस: चौलेन्जेस, अपॉर्च्यूनिटीज एन्ड इनोवेशन्स। श्री विजयानंद सिन्हा, रेकिट मैनेजिंग डायरेक्टर – रेकिट हाइजीन – रशिया एन्ड सीआईएस, 1997 बैच, सुश्री नमिता मेदिरत्ता, ग्लोबल मार्केटिंग इनसाइट डायरेक्टर, यूनिलिवर, 1999 बैच; श्री प्रशांत चाकू, गोदरेज कन्ज्यूमर प्रोडक्ट, कैटेगरी सीओई हेड हेयर फैशन, 2002 बैच; श्री एस. एन. वेंकट, एडजन्क्ट फैकन्टी मार्केटिंग, सिंगापुर मैनेजमेन्ट यूनिवर्सिटी (एलकेसी स्कूल आफ बिजनेस), 1985 बैच इसके पेनलिस्ट और मॉडरेटर में शामिल थे।

द्वितीय एल्युमिनी राउंडटेबल का फोकस व्यापारिक मुद्दों पर था और इसका आयोजन 13 फरवरी 2022 को किया गया। इसके संचालक थे श्री राजीव गटने, सीईओ और डायरेक्टर सनशाइन हेल्थकेयर लि., 1984 बैच और सुश्री गरिमा जैन, सीईओ एग्रोकार्प इंडिया ट्रेड सर्विसेज प्रा. लि., 2005 बैच; श्री अभिजित भद्रन, लीड कमर्शियल फॉर ग्लोबल लॉजिस्टिक्स विभाग यूपीएल लि. में, 2011 बैच; और श्री पीटर आर. सयाल, जॉर्जिया विश्वविद्यालय में एग्रीकल्वर एन्ड एप्लाइड इकोनॉमिक्स में पीएच.डी के छात्र, 2011 बैच इसमें पैनलिस्ट के तौर पर शामिल हुए।

तिमाही पत्रिका एल्युमिनाटी का विमोचन 15 जनवरी 2022 को किया गया। न्यूजलैटर के इस संस्करण में शामिल लेख रहे – दि लीडिंग एज – श्री प्रसेनजित राय, एमपीआईबी 1994; एन्टरप्रन्योर स्पीक – सुश्री उन्मना रिन्झा, एमबीए(आईबी) 2012; दि एल्युमिनी राउंडटेबल 2021 श्री वेंकट एस. एन. द्वारा मॉडरेट की गई जिसमें सुश्री नमिता मेदिरत्ता (एमपीआईबी 1999), श्री प्रशांत चाकू (एमबीए आईबी 2002) और श्री सुयश मेहरोत्रा (एमबीए आईबी 2009) शामिल थे; श्री राशेष शाह द्वारा लिखित और सुश्री मधूलिका दंत द्वारा संपदित एल्युकिनी ट्रेवेलॉग में 1985 के राजमैरिसर बैच का उल्लेख था और एमबीए(आईबी) 2016–18 बैच से एलुम झलकियां का समावेश किया गया। सुश्री चाँद कपूर (शी/हर), सुश्री आद्रिका गुहा, सुश्री सौम्या सलोनी, श्री अजय ठाकुर।

जीएआर 2021 की आभासी प्रस्तुति के तौर पर कैम्पस में नेतृत्व का आयोजन 6 मार्च 2022 को किया गया। नेतृत्व 21 की ही तरह से इस साल भी प्रात: कालीन कार्यक्रम और सायं कालीन कार्यक्रम शामिल किए गए। प्रात: कालीन कार्यक्रम में उद्घाटन, इस साल के एल्युमिनी का स्वागत समारोह, नेतृत्व विशेष न्यूजलैटर का विमोचन और कैम्पस मॉल का उद्घाटन किया जो कि एल्युमिनी मर्चेन्डाइस की वेबसाइट है। साल का एल्युमिनी के पुरस्कार कार्पोरेट लीडरशिप कैटेगरी में श्री प्रसेनजित राय (1994 बैच) को एन्टरप्रन्योरशिप कैटेगरी में श्री मनीष देसाई (1994 बैच) को दिया गया। इसके बाद पैनल विमर्श – बियान्ड दि कन्वेन्शनल का आयोजन हुआ। इसके पैनलिस्ट में सुश्री वसुघा नरसिंहमन (1995 बैच), सुश्री सुमा राव (1999 बैच), सुश्री अनिका गुप्ता (2004 बैच), सुश्री हर्षिता वर्मा (2007 बैच), और सुश्री सोनल बियानी (2007 बैच) शामिल थे। इस परिचर्चा को सुश्री मधुरा कातागेरी ने संचालित किया जो 2021 बैच से हमारी एल्युमिनी हैं। इस समारोह का सीधा प्रसारण यूट्यूब पर हमारी एल्युमिनी साथियों के लिए किया गया। सायं–कालीन समारोह में स्पॉटलाइट – दि एल्युमिनी ओपन माइक शामिल किया गया जिसमें हमारे सम्माननीय एल्युमिनी ने अपनी प्रस्तुतियों से हमें अभिभूत कर दिया। इसके बाद स्टारनाइट का आयोजन किया गया – यह अतिथी सांस्कृतिक प्रस्तुति थी जिसमें प्रसिद्ध प्लेबैक गायक मधुर शर्मा ने सभी एल्यूमिनी साथियों के लिए प्रस्तुति दी।

न्यूजलैटर के नेतृत्व संस्करण में सुश्री जूनी जार्ज वर्गीस – एमपीआईबी, 2001; सुश्री अपूर्वा दिविगिकर – एमबीए(आईबी), 2010; सुश्री रितिका यादव – एमबीए(आईबी), 2011; सुश्री श्रीजा भोवाल – एमबीए(आईबी), 2015; सुश्री श्रुति पंत – एमबीए(आईबी), 2017; सुश्री अभीप्सा मिश्रा, एमबीए(आईबी), 2017;सुश्री स्निग्धा श्रीवास्तव, एमबीए(आईबी), 2017, सुश्री प्रेरणा हजारिका, एमबीए(आईबी), 2019 और सुश्री अर्चिता गोयल, एमबीए(आईबी) 2020 को शामिल किया गया।

श्री मनीष देसाई (1994 बैच) को एंटरप्रेनशिप श्रेणी में भूतपूर्व छात्र के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

श्री प्रसेनजीत रॉय (1994 बैच) को कॉर्पोरेट नेतृत्व श्रेणी में भूतपूर्व छात्र के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षण केन्द्र (सीडीओई)

इस संस्थान में दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षण केन्द्र (सीडीओई) की स्थापना 2021 में की गई थी, ताकि देश के दूरस्थ स्थानों के लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण का मार्ग प्रशस्त किया जा सके जैसा कि नवीन शिक्षा नीति, 2020 में परिकल्पित है। तदनुसार सीडीओई ने वर्ष 2021–2022 में निम्नलिखित कार्यक्रम आरंभ किए :

1. अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय में कार्यपालक स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम (ईपीजीडीआईबी) – ऑनलाइन (15 माह की अवधि)
2. 'ग्रोथ एन्ड ट्रांस्फार्मेशन थ्रू फिनटेक्स' पर 4 माह की अवधि का प्रमाणपत्र कार्यक्रम
3. आईएनसीओ टर्म्स पर ऑनलाइन एमडीपी

सीडीओई ने निम्नलिखित नए कार्यक्रम आरंभ करने की योजना तैयार की है :

1. राज्यानुसार निर्यात अवसरों पर ऑनलाइन एमडीपी
2. प्रमाणपत्र कार्यक्रम :

क. अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय में फिनटेक

ख. अंतरराष्ट्रीय बाजारों हेतु उत्पाद प्रबंधन

3. एमबीए(अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय) ऑनलाइन

कोलकाता परिसर

प्रबंधन विकास कार्यक्रम प्रभाग (एमडीपी)

यह प्रभाग अंतरराष्ट्रीय व्यापार से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में अलग–अलग सरकारी एजेन्सियों और निजी एजेन्सियों को प्रशिक्षण सहायता देने में सक्रिय रूप से संलग्न है। अलग–अलग संगठनों को सहायता देने के लिए एमडीपी प्रभाग ने खास तौर पर तैयार किए अल्पावधिक और दीर्घावधिक कार्यक्रम डिजाइन किए हैं। प्रशिक्षण और परामर्श की जो गतिविधियां चलाई गईं उनका संबंध निर्यात–आयात प्रोसेस, बाजार–उत्पाद अभिनिर्धारण, प्रलेखन, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति शृंखला, विक्रय और विपणन, परिचालन और डाटा सांइस, वित्त, रणनीति, लीडरशिप आदि से रहा या फिर अंतर–विषयपरक रहे जिनमें बहुविध प्रयोजनमूलक क्षेत्रों का समुचित मिश्रण किया गया। निर्यात संभावनाओं से संबंधित कार्यक्रम उत्पादों के और अधिक अंतरराष्ट्रीयकरण में मदद देंगे, नए उद्यमियों को संभावित बाजारों की शिनाख्त करने को प्रोत्साहित करेंगे, उन्हें प्रलेखन और सीमाशुल्क प्रकिया समझने में मदद करेंगे ताकि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और टीपीओ के सदस्यों की देश में समग्र निर्यात गतिविधियों का सुधार किया जा सके। आईआईएफटी कोलकाता में विगत वर्षों के दौरान कई एक दिवसीय कार्यशालाएं, सप्ताह पर्यंत चलने वाले अल्पकालिक कार्यक्रमों के साथ–साथ 4–माह के प्रमाणपत्र कोर्स आयोजित किए गए। आईआईएफटी अपने ईडीपी कार्यक्रमों के माध्यम से युवा उद्यमियों को गहन रूप से मदद प्रदान करने में भी जुटा रहा।

2021–22 के दौरान एमडीपी/प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सूची

1.	कैपिसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग ऑन "एग्रीकल्वर एक्सपोर्ट पॉलिसी एन्ड एक्सपोर्ट एनहान्समेन्ट" फॉर	नागालैन्ड के एग्रो–होर्टी अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय पर प्रशिक्षण	प्रायोजित	एपीईडीए, एनई	एग्रो–होर्टी उत्पादों से संबद्ध नागालैन्ड के पदधारियों को शिक्षण, एनएसएएमबी, दीमापुर	अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नव उद्यमियों को अंतर्ज्ञान देना, एनएसए एमबी में	कृषि निर्यात नीति तैयार करने में नीति निर्माताओं को मदद	06/04/21 – 10/04/21
2.	ग्लोबल लॉजिस्टिक्स और व्यापार प्रलेखन में प्रशिक्षण कार्यक्रम – पहला कार्यक्रम	लॉजिस्टक्स फर्मों के लोगों को प्रशिक्षण	प्रायोजित	बीसीसी एन्ड आई	ग्लोबल लॉजिस्टिक पर सहयोगियों के सदस्यों को शिक्षण	ई–लैक्चर शृंखला@ कोविड–19	प्रलेखन और सीमा शुल्क पद्धति समझने में मदद करना	26.08.21 – 28.08.21
3.	ग्लोबल लॉजिस्टिक्स और व्यापार प्रलेखन में प्रशिक्षण कार्यक्रम – 2रा कार्यक्रम	लॉजिस्टिकि फर्मों के लोगों को प्रशिक्षण	प्रायोजित	बीसीसी एन्ड आई	ग्लोबल लॉजिस्टिक पर सहयोगियों के सदस्यों को शिक्षण	ई–लैक्चर शृंखला@ कोविड–19	प्रलेखन और सीमाशुल्क पद्धति समझने में सहायता	28.09.21 – 30.09.21
4.	असम के लिए 'कृषीय निर्यात नीति और निर्यात संवर्द्धन' विषय पर क्षमता निर्माण प्रशिक्षण	डीआईसी असम के अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए	प्रायोजित	एपीईडीए, एनई	असम के अधिकारियों को कृषि–बागवानी उत्पादों के बारे में शिक्षण	आईआई एफ टी कोलकाता में आयोजित	कृषीय निर्यात नीति तैयार करने में नीति	25.10.21 – 29.10.21

5.	निर्यात–आयात पद्धति और प्रलेखन 1 दिवसीय जागरुकता कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम – जाइरो, अरुणाचल प्रदेश	बाजार अभिनिर्धारण और प्रलेखन प्रक्रिया	प्रायोजित	व्यापार और वाणिज्य विभाग, अरुणाचल प्रदेश	निर्यात प्रक्रिया के बारे में अरुणाचल प्रदेश के स्थानीय उद्यमियों को कुछ अंदाजा देने के लिए कार्यशाला	सहभागियों को निर्यात प्रक्रिया के बारे में दी गई सैद्धांतिक जानकारी उन्हें व्यापार को बेहतर तरीके से समझने में मदद देगी	राज्य में संतरे और कीवी फर्मों के स्वामित्व वाले स्थानीय उद्यमियों को निर्यात और प्रलेखन पद्धति की जानकारी लेने में मदद	18/11/21
6.	प. बंगाल में रत्न और आभूषणों और पोशाक के क्षेत्र में निर्यात परामर्श में मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण – प्रथम फेज	उत्पाद बाजार का अभिनिर्धारण, निर्यात पद्धति और प्रलेखन, अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स – इन को टर्म्स %फाइनान्स	प्रायोजित	एमएसएमई विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार	अधिकारियों और एसोसिएशन के सदस्यों को रत्न और आभूषण तथा पोशाक संबंधित प्रशिक्षण देना	सह–भागियों को निर्यात प्रक्रिया के बारे में सैद्धांतिक जानकारी दी गई	निर्यात प्रक्रिया को समझने और रत्न और आभूषण में ईएफसी को मॉनिटर करने में अधिकारियों और स्थानीय उद्यमियों को मदद देना	18/11/21
7.	प. बंगाल में रत्न और आभूषणों और पोशाक के क्षेत्र में निर्यात परामर्श में मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण – द्वितीय फेज	उत्पाद बाजार का अभिनिर्धारण, निर्यात पद्धति और प्रलेखन, अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स – इन को टर्म्स %फाइनान्स	प्रायोजित	एमएसएमई विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार	अधिकारियों और एसोसिएशन के सदस्यों को रत्न और आभूषण तथा पोशाक संबंधित प्रशिक्षण देना	सहभागियों को निर्यात प्रक्रिया के बारे में व्यावहारिक और उत्पाद विशिष्ट जानकारी दी गई	उद्यमियों और अधिकारियों को निर्यात प्रक्रिया समझने और रत्न और आभूषण में ईएफसी मॉनिटर करने में मदद देना	29.11.21 – 07.1221

स्थापित किए गए केन्द्र

अधिक यथार्थपूर्ण क्रियाकलापों में निर्यातकों की मदद करने और उनके निर्यातों में सुधार करने के लिए आईआईएफटी ने राज्यों के लिए निर्यात कक्ष की संकल्पना आरंभ की है। ये कक्ष सरकार, उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच प्रभावी एकीकरण करते हैं। ये कक्ष संबंधित राज्य के उद्योग विभाग में स्थित हैं, जहां आईआईएफटी आईटी प्लेटफार्म से एकीकृत करते हुए जानकारी के इनपुट प्रदान करते हैं ताकि निर्यातकों की राज्य–संबद्ध अपेक्षाओं का प्रभावी रूप से समाधान किया जा सके। वर्तमान में इन ई–कक्षों का परिचालन पश्चिम बंगाल, असम और नागालैन्ड में किया जा रहा है। निर्यात कक्ष संबंधित राज्यों के जिला उद्योग केन्द्रों के साथ प्रभावी रूप से सम्बद्ध हैं ताकि जिला स्तर पर इन लाभों को प्रसारित कर सकें।

- पूर्वोत्तर राज्यों हेतु फोकस रखने वाले केन्द्र की स्थापना ताकि भारत सरकार की पूर्वोत्तर परिषद की सहायता से भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों से निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके।
- पश्चिम बंगाल में भारतीय औद्योगिक विकास निगम; पश्चिम बंगाल सरकार के सहयोग से पश्चिम बंगाल के निर्यातकों को सुविधा देने के लिए निर्यात कक्ष की स्थापना।
- पूर्वोत्तर भारत के निर्यातकों को सुविधा देने के लिए असम सरकार, उद्योग और वाणिज्य विभाग के सहयोग से निर्यात सुविधा केन्द्र की स्थापना।
- नागालैन्ड के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इन्वेस्टमेन्ट एन्ड डेवलपमेन्ट अथॉरिटी ऑफ नागालैन्ड, नागालैन्ड सरकार के सहयोग से निर्यात सुविधा केन्द्र की स्थापना

महत्त्वपूर्ण बैठकें

वर्ष के दौरान प्रबंधन मंडल की दो बैठकों का आयोजन 29 जुलाई 2021 और 29 अक्तूबर 2021 को किया गया; वित्त समिति की दो बैठकों का आयोजन 20 जून 2021 और 14 अक्तूबर 2021 को किया गया और अकाडमिक परिषद की दो बैठकों का आयोजन 3 सितम्बर 2021 और 4 फरवरी 2022 को किया गया।

शिक्षण एवं प्रशिक्षण

प्रबंधन में स्नातक अध्ययन (जीएसएम) प्रभाग द्वारा आईआईएफटी के सर्वप्रमुख कार्यक्रम अर्थात अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय में एमबीए के अलावा इस सस्थान के अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय में साप्ताहांत एमबीए और प्रमाणपत्र कार्यक्रमों का भी संचालन किया जाता है। जीएसएम प्रभाग उक्त कार्यक्रमों में अध्यापन का समन्वयन करता है। जीएसएम का उद्देश्य रहता है कि आईआईएफटी के कार्यक्रमों के कार्यचालन की निगरानी करे और साथ ही इन कार्यक्रमों की शैक्षणिक उत्कृष्टता और समकालीनता को भी सुनिश्चित करे। जीएसएस द्वारा कार्यक्रम प्रबंधन, पाठ्यक्रम की अनुसूची बनाने, सत्र–आयोजन और संकाय आबंटन, परीक्षा संचालन, शोध–प्रबंध परियोजनाएं, सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम और विद्यार्थियों के गैर–अकादमीय क्रियाकलापों और मौखिक परीक्षा पर भी कार्य किया जाता है। विद्यार्थी संबंध और अनुशासन सहित विद्यार्थियों के सभी मामले भी जीएसएम के कार्यक्षेत्र के अधीन हैं। पोर्ट विजिट, औद्योगिक विजिट, अतिथि व्याख्यान, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और विद्यार्थी विनिमय कार्यक्रमों का भी संचालन जीएसएम द्वारा किए जाते हैं।

अप्रैल 2021 – मार्च 2022 की अवधि के दौरान निम्नलिखित क्रियाकलापों का आयोजन किया गया रू

(i) दो वर्षीय एमबीए (आईबी) 2021–23 कार्यक्रम

दिल्ली और कोलकाता परिसरों में पूर्णकालिक दो वर्षीय एमबीए (अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय) 2021–23 के 56वें बैच का आरंभ ऑनलाइन मोड के माध्यम से 26 जुलाई 2021 को किया गया। एडेलवेइस फाइनान्शियल सर्विसेज के चेयरमैन श्री राशेष शाह ने आरंभिक वक्तव्य दिया। स्वागत संबोधन डॉ. सैकत बनर्जी, प्रमुख जीएसएमडी, दिल्ली परिसर ने दिया। प्रो. मनोज पंत, कुलपति, आईआईएफटी ने आरंभिक संबोधन दिया और डॉ. सतिन्दर भाटिया, डीन ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में दिल्ली और कोलकाता परिसरों के आईआईएफटी संकाय और स्टाफ भी शामिल हुए।

(ii) ढाई वर्षीय सप्ताहांत एमबीए (आईबी) 2021–23 कार्यक्रम

कार्यरत कार्यपालकों के लिए ढाई वर्षीय सप्ताहांत एमबीए (आईबी) 2021–24 कार्यक्रम का 22वां बैच दिल्ली परिसर में ऑनलाइन मोड में 3 अक्तूबर 2021 को आरंभ किया गया। इस कार्यक्रम के लिए 70 कार्यरत कार्यपालकों का चयन किया गया। यह चयन निबंध लेखन, आशुभाषण और साक्षात्कार के आधार पर किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन भाषण डॉ. आर. एम. जोशी, डीन ने दिया और इसमें संस्थान के संकाय सदस्य और स्टाफ उपस्थित थे।

नए पाठ्यक्रमों का निर्धारण और विषय समूह अनुसार पाठ्यक्रम समीक्षा

वर्तमान कारोबारी जरूरतों के अनुसरण में समेकित समीक्षा समिति की बैठक मई 2021 में हुई जिसमें आईआईएफटी के संकाय सदस्य और बाहर से आए विशेषज्ञ शामिल थे, जिसमें मई 2018 में तैयार किए कोर्स के पाठ्यक्रम को फिर से तैयार किया गया और समीक्षा की गई। यह प्रयास किया गया कि जीएसएम प्रभाग के सभी कार्यक्रमों के आईबी फोकस को बरकरार रखा जाए और आईबी डोमेन में लीडरशिप की स्थिति को बनाए रखा जाए।

पूर्णकालिक बैच के लिए अलग–अलग क्रेडिट वाले 7 नए पाठ्यक्रमों का सूत्रपात किया गया। इसी प्रकार पार्ट–टाइम बैचों के लिए छह नए कोर्स निर्धारित किए गए।

पाठ्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने और ओवरलैप को कम करने के लिए पूर्णकालीन एमबीए और सप्ताहांत पाठ्यचर्या में से 1 क्रेडिट/ 2 क्रेडिट / 3 क्रेडिट वाले 13 पाठ्यक्रमों को हटा दिया गया। एमबीए (आईबी) पूर्णकालीन और सप्ताहांत के लिए कोर कोर्स हेतु क्रेडिट को कम करते हुए क्रमश 63 क्रेडिट और 66 क्रेडिट कर दिया गया।

अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय के उदीयमान क्षेत्रों में विद्यार्थियों को विशेषज्ञता प्राप्त करने का अवसर देने के लिए प्रतिभागियों द्वारा चुने जाने वाले चयनात्मक विषयों की संख्या को 15 से बढ़ाकर 18 कर दिया गया। इससे विद्यार्थियों को इन प्रयोजनमूलक क्षेत्रों में किसी भी दो को प्रधानता देने की सुविधा मिली। नए चयनात्मक विषयों से विकल्प चुनने के लिए विद्यार्थियों को व्यापक अवसर दिए गए हैं।

जीएसएम प्रभाग के अध्ययन बोर्ड की बैठक

अपने सदस्यों और बाहरी विशेषज्ञों को शामिल करते हुए दिल्ली और कोलकाता के स्नातक अध्ययन प्रभाग की एकल अध्ययन बोर्ड की बैठक 17 दिसम्बर 2021 को आयोजित की गई, जिसमें दिल्ली परिसर में गैर–आवासीय पूर्णकालिक दो वर्षीय एमबीए इन बिजनेस एनालिटिक्स शुरू करने पर विचार विमर्श किया गया।

ऑन लाइन कक्षाओं और सत्रकाल समापन परीक्षाओं को भौतिक रूप में शिफ्ट करना

अभूतपूर्व वैश्विक महामारी के कारण जीएसएम प्रभाग द्वारा मार्च 2020 से ऑनलाइन कक्षाओं, क्विज और अन्य घटकों यथा मौखिक परीक्षा, समेकित मौखिक परीक्षा, अनुसंधान प्रोजेक्ट हेतु मौखिक परीक्षा, सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम सहित पोर्ट–विजिट को कैम्पस–360 और माइक्रोसॉफ्ट–टीम के माध्यम से आयोजित किया गया।

इस अवधि के दौरान जीएसएम प्रभाग ने सभी बैचों के विद्यार्थियों के लिए प्रॉक्टरिंग आधारित ऑनलाइन सत्रांत परीक्षाओं का संचालन किया।

फरवरी 2022 से परिसर खुलने के साथ ही सत्रांत परीक्षाओं और मौखिक परीक्षाओं के संचालन की पद्धति को शिफ्ट करके परिसर में ही आयोजित किया जाने लगा। विद्यार्थियों को कहा गया कि वे कोविड और परीक्षा से संबंधित एसओपी का परीक्षा हॉल में सख्ती से पालन करें।

विद्यार्थियों की ऑनबोर्डिंग और हाइब्रिड कक्षाओं का संचालन

एमबीए 2020–22 (पूर्णकालिक) बैच के विद्यार्थियों को, प्राथमिकता अनुसार, आईआईएफटी के होस्टल में रहने की अनुमति 1 अक्तूबर 2021 से दी गई। होस्टल में रखने की पहली प्राथमिकता बाहर से आई हुई छात्राओं को दी गई और दूसरी प्राथमिकता दिल्ली और एनसीआर में रहने वाली छात्राओं को दी गई। बाहर से आए हुए छात्रों को तीसरी प्राथमिकता पर रखा गया जबकि दिल्ली और एनसीआर में

रहने वाले छात्रों को चौथी और पांचवी प्राथमिकता पर रखा गया।

पूर्णकालिक और सप्ताहांत एमबीए बैचों की कक्षाएं 4 दिसम्बर 2021 से कक्षा में बैठने की कुल क्षमता के 50 प्रतिशत का उपयोग करते हुए हाइब्रिड मोड में आरंभ की गईं।

इस वायरस के नए प्रतिरूप के अप्रत्याशित आचरण के कारण पूर्णकालिक बैच के विद्यार्थियों से कहा गया कि 10 जनवरी 2022 से पहले ही इस संस्थान के होस्टल खाली कर दें और कक्षाओं को फिर से ऑनलाइन मोड में शिफ्ट कर दिया गया।

अंतत: गृह मंत्रालय के दिशानिदेशों के अनुसार 13 फरवरी 2022 से एमबीए (आईबी) 2020–22 और 21–23 बैचों के विद्यार्थियों को फिर से आईआईएफटी के होस्टलों में रहने की अनुमति दी गई और कोविड प्रोटोकॉल का अनुसरण करते हुए कक्षाओं को भौतिक रूप में आरंभ कर दिया गया।

सप्ताहांत बैचों की कक्षाओं को ऑन कैम्पस मोड में 26 फरवरी 2022 से आरंभ किया गया।

सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम

सन 2005 में प्रारंभ हुए सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आशय है कि इस संस्थान के एमबीए (आईबी) पूर्णकालिक कार्यक्रम के विद्यार्थी सामाजिक संबद्धता वाले मुद्दों पर ध्यान दें और उन्हें समाज के सुविधा–वंचित वर्गों द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों के बारे में संवेदनशील बनाया जाए। यह देखते हुए कि कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के विनियामक प्रावधानों के अधीन कार्पोरेट क्षेत्र को भी दायित्व निभाने हैं, तो इस कार्यक्रम में हमारे विद्यार्थियों को दिए गए एक्सपोजर की मूल्यवत्ता उनके लिए है।

इस कार्यक्रम के महत्त्व पर जोर देने के प्रयोजन से पाठ्यचर्या में इसे 3 क्रेडिट का भारांक दिया गया है। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों से अपेक्षित है कि वे एनजीओ/कार्पोरेट घरानों द्वारा दिए गए वास्तविक जीवन के प्रोजेक्ट पर कार्य करें, जिसके लिए बाद में विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया जाता है।

इस कार्यक्रम का प्रारंभ होने के बाद से अब तक 3,300 से भी अधिक विद्यार्थियों ने इसका लाभ उठाया है। विद्यार्थियों को अवसर मिलता है कि वे अलग–अलग एनजीओ/संगठनों द्वारा दिए गए वास्तविक परियोजना कार्यों पर काम करें। हमारे विद्यार्थी जिन कार्यों में लगे हैं उनमें से कुछ महत्त्वपूर्ण सामाजिक क्षेत्र हैं पर्यावरण और समुदाय विकास, जल प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन और पुनर्चक्रण, साक्षरता, स्वच्छता, एचआईवी/एड्स के प्रति जागरुकता, बच्चों के लिए शिक्षा, वंचित वृद्ध लोगों का कल्याण, स्वास्थ्य, गृहविहीनों को आश्रय, समुदाय विकास, निशक्तता, महिला सशक्तिकरण, कन्या भ्रूणहत्या की रोकथाम, बच्चों को गोद लेना, आदि ।

इस वर्ष दिल्ली परिसर से ऑनलाइन मोड में विद्यार्थियों को तकरीबन 15 गैर–सरकारी संगठनों में प्रतिनियुक्त किया गया। आईआईएफटी अपने पाठ्यचर्या के अटूट भाग के रूप में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के प्रति वचनबद्ध है।

प्रबंधन विकास कार्यक्रम

वर्ष 2021–22 के दौरान आईआईएफटी दिल्ली में एमडीपी प्रभाग ने विभिन्न स्तरों पर कार्यरत सरकारी अधिकारियों, प्रबंधकों और कार्यपालकों के लिए 14 कार्यक्रमों का संचालन किया। इनमें से 9 प्रायोजित कार्यक्रम केन्द्र/राज्य सरकारों के अधिकारियों (आईटीएस परिवीक्षाधीनों और सशस्त्र बलों के अधिकारियों सहित) और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कार्यपालकों के लिए थे। इसके अलावा लम्बी अवधि के 3 प्रमाणपत्र कार्यक्रम और निर्यात बंधु योजना – एमओओसी के तहत एक कार्यक्रम शृंखला का भी संचालन किया गया। इन कार्यक्रमों से पूरे देश के 608 प्रतिभागी लाभान्वित हुए।

वर्गानुसार कार्यक्रम विवरण

कार्यक्रम	कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
खुले	1	23
प्रायोजित	9	286
प्रमाणपत्र कार्यक्रम (ऑनलाइन)	3	139
ऑनलाइन एमडीपी (निर्यात बंधु योजना एमओओसी)	1	160
कुल	14	608

(I) खुले कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय विश्लेषिकी और बाजार असूचना पर व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम – बैच 1 (मई 2021 – अक्तूबर 2021)

6 माह की अवधि वाले अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय विश्लेषिकी और बाजार असूचना पर व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम – बैच 1 का संचालन मई 2021 – अक्तूबर 2021 की अवधि में किया गया। कार्यक्रम की विषयवस्तु में डेटा विश्लेषिकी और आसूचना, व्यापार विश्लेषिकी, बिग डेटा विश्लेषिकी, वेब और सोशल मीडिया विश्लेषिकी के विभिन्न माड्यूल शामिल किए गए थे।

विभिन्न संगठनों के 23 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया।

(II). प्रायोजित कार्यक्रम

क. सरकारी अधिकारियों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम

1. आईटीएस परिवीक्षाधीनों के लिए 'अंतरराष्ट्रीय व्यापार और व्यवसाय' पर नौ माह का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (जनवरी – नवम्बर 2021)

केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान होने के कारण आईआईएफटी द्वारा नियमित रूप से भारतीय व्यापार सेवा के परिवीक्षाधीनों हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। नौ माह की अवधि का व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 आईटीएस परिवीक्षाधीनों के लिए जनवरी 2021 – नवम्बर 2021 की अवधि में संचालित किया गया। नौ माह का यह समेकित प्रशिक्षण तीन चरणों में विभाजित था। प्रथम चरण में अधिकारियों को वैश्विक कारोबारी परिवेश और व्यापार नीति, नीतिनिर्माताओं के लिए सांख्यिकी, समष्टिअर्थशास्त्र, अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र, व्यापार विश्लेषिकी, विदेशी व्यापार नीति और एचबीपी और विदेशी व्यापार विकास और विनियमन अधिनियम (एफटीडीआर अधिनियम), और विदेशी व्यापार (विकास और विनियमन) नियमावली, सीमाशुल्क प्रक्रियाओं (व्यापार के लिए क्रमानुसार), एसईजेड और ईओयू नीति और पद्धति, आपदा प्रबंधन की सम्यक जानकारी दी गई।

द्वितीय चरण में सम्प्रेषण दक्षता, लोक संगठनों में अंतर्वैयक्तिक संबंध और प्रबंधकीय व्यवहार, पण्य बाजार, डेरिवेटिव और अनुप्रयोग, प्रवर्तन के प्रावधानों, अधिनिर्णयन, अपील, आदेशों की समीक्षा और प्रारूपण (प्रमुख और अनिवार्य तत्वों), व्यापारिक उपचार–रक्षोपायों, प्रतिकारी और डंपिंग–रोधी, व्यापार लॉजिस्टिक्स – संगतता – राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय, फील्ड संबंधी कार्य और अनुभव शेयरिंग सत्र, आदि का समावेश किया गया।

तृतीय चरण में इन आईटीएस परिवीक्षाधीनों को डीजीएफटी कार्यालयों के साथ 3 माह के लिए संबद्ध किया गया ताकि इन्हें व्यावहारिक एक्सपोजर मिले। इसके अलावा इन परिवीक्षाधीनों को विभिन्न उद्योगों, पोर्ट, सरकारी विभागों से भी सहबद्ध किया गया।

2. तमिलनाडु राज्य कृषि विपणन बोर्ड के पदाधिकारियों के लिए कृषि–निर्यात प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम (24–28 मई 2021)

तमिलनाडु राज्य कृषि विपणन बोर्ड के पदाधिकारियों के लिए कृषि–निर्यात प्रबंधन पर प्रशिक्षण पर पांच दिवसीय एमडीपी 24–28 मई 2021 की अवधि में किया गया।

कार्यक्रम की विषयवस्तु में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य हेतु भारत की विदेश व्यापार नीति – एमईआईएस लाभ, एसईजेड/एईजेड, एपीईडीए द्वारा परिवहन और अवसंरचना तथा विपणन सहायता, जीआई फाइलिंग और ब्रान्ड रणनीति के तौर पर संवर्द्धन, निर्यातों में वाणिज्यिक प्रलेख, आयातों में विनियामक और वाणिज्यिक प्रलेख, निर्यात और आयात के लिए सीमाशुल्क क्लीयरेन्स आदि विषयों को शामिल किया गया।

इस कार्यक्रम में ईसीजीसी, गुणवत्ता जोखिम प्रबंधन के माध्यम से भुगतान जोखिम प्रबंधन जैसे विषयों : एसपीएस मुद्दों, कृषि निर्यात में बायो सुरक्षा मुद्दे : मामला विश्लेषण ऑस्ट्रेलिया; और गुणवत्ता पूर्ण प्रलेखन – फाइटो सेनिटरी प्रमाणपत्र कैसे प्राप्त करें – निर्यात निरीक्षण परिषद की भूमिका – जीएपी प्रमाणपत्र आदि को शामिल किया गया।

तमिलनाडु कृषि विपणन बोर्ड के 26 अधिकारी इस कार्यक्रम से लाभान्वित हुए।

3. व्यावसायिक शिक्षण में लीडरशिप और उत्कृष्टता पर एआईसीटीई – एटीएएल प्रायोजित संकाय विकास कार्यक्रम (ऑनलाइन) (12 –16 जुलाई 2021)

व्यावसायिक शिक्षण में लीडरशिप और उत्कृष्टता पर एआईसीटीई – एटीएएल प्रायोजित पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (ऑनलाइन) 12 – 16 जुलाई 2021 के बीच संचालित किया गया।

कार्यक्रम की विषयवस्तु में एचईआई में लीडरशिप : प्रत्याशाएं और परिणाम; व्यवधान के इस काल में व्यावसायिक शिक्षण; लीडरशिप की उत्कृष्टता, उत्कृष्टता के लिए अनुसंधान प्रेरित परिवेशतंत्र का निर्माण; व्यावसायिक शिक्षण में परिणाम आधारित अध्ययन; नेतृत्व भूमिकाओं हेतु मानव संसाधनों का दक्ष बनाना; शैक्षणिक लीडरशिप; उत्कृष्टता हेतु स्व की खोज; उद्योगों का एन्गेजमेन्ट, सहयोग और विकास; फिट इंडिया कार्यक्रम ध्यान और सेहत, आदि को शामिल किया गया।

इस कार्यक्रम वीयूसीए विश्व में शैक्षणिक नेतृत्व रणनीति; उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों प्रतिवर्तित कक्षा और ऑनलाइन अध्यापन प्रौद्योगिकी; उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों में प्रशासनिक और नीतिगत चुनौतियां; शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए कार्रवाई योजना, आदि को भी कवर किया गया।

विभिन्न उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों के 56 अधिकारियों/संकाय सदस्यों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

4. सशस्त्र बलों के अधिकारियों के लिए वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रबंधन में प्रमाणपत्र कोर्स

महानिदेशक, पुनर्वास, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के कथनानुसार यह संस्थान देश के सशस्त्र बलों के अधिकारियों के लिए विभिन्न व्यावसायिक कोर्सों का संचालन करता रहा है, जिसका उद्देश्य इन अधिकारियों को अपने कैरियर की द्वितीय पारी आरंभ करने में सहायता देना है। सन 2021–22 के दौरान वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रबंधन में प्रमाणपत्र कोर्स के दो बैच संचालित किए गए।

क्रमांक	समयावधि	प्रतिभागियों की संख्या
1.	6 सितम्बर 2021 से 26 नवम्बर 2021	50
2.	6 दिसम्बर 2021 से 25 फरवरी 2022	35

इस कार्यक्रम की विषयवस्तु में आपूर्ति शृंखला हेतु व्यापार पद्धतियां; आपूर्ति शृंखला हेतु अंतरराष्ट्रीय व्यापार लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति शृंखला प्रबंधन, ग्लोबाल सोर्सिंग प्रबंधन, आपूर्ति शृंखला आईटी का अनुप्रयोग; अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय रणनीति और व्यापारिक वार्ताएं; वैश्विक व्यवसाय का परिवेश और राजनीतिक अर्थव्यवस्था, आपूर्ति शृंखला हेतु विश्लेषिकी, संगठनात्मक नेतृत्व, बाजार अभिनिर्धारण, अंतरराष्ट्रीय विपणन प्रबंधन, आपूर्ति शृंखला हेतु वित्त, व्यवहारपरक सम्प्रेषण और वैश्विक वित्तीय प्रबंधन, आदि मॉड्यूलों को शामिल किया गया।

5. भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधकों और उप महाप्रबंधकों के लिए अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजार और लीडरशिप पर विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम (16–17 फ़रवरी 2022)

भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधकों और उप महाप्रबंधकों के लिए अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजार और लीडरशिप पर 16 – 17 फरवरी 2022 के दौरान तीन दिवसीय विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया गया।

कार्यक्रम की विषयवस्तु में वैश्विक व्यवसाय परिवेश – स्वदेशी और विदेशी और आईबी का दृष्टिकोण; मर्चेन्टिंग व्यापार के लिए विदेशी मुद्रा प्रबंधन नियमावली; एनआरआई कारोबार और धन–विप्रेषण, अंतरराष्ट्रीय फैक्टरिंग/रिवर्स फैक्टरिंग/ जब्तगी; वैश्विक आपूर्ति शृंखला वित्त : नई प्रवृत्तियां और फिनटेक्स के साथ साझेदारी; विश्व व्यापार संगठन : निर्यात–आर्थिक सहायता – समस्याएं और समाधान तथा विदेश व्यापार नीति – अनुपालन और प्रोत्साहन; आईबी में उत्पाद और सायबर सुरक्षा आदि को शामिल किया गया।

इस कार्यक्रम में मुक्त सागर कारोबार में विक्रय तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार का भावी परिदृश्य, विदेशी वित्तीयन विकल्प, निवेश अवसर : ओडीआई/एफडीआई, अपने ग्राहक को जानिए, मुद्रा शोधन रोधक उपाय और टीबीएमएल, प्रतिबंध और वैश्विक अनुपालन, करेन्सी जोखिम प्रबंधन और डेरिवेटिव की भूमिका, प्रकार और प्रयोग, बाह्य वाणिज्यिक उधारियां/सिंडीकेशन – दिशानिदेश आदि के बारे में भी मूल्यवान इनपुट दिए गए।

भारतीय स्टेट बैंक के 26 वरिष्ठ कार्यपालक (महाप्रबंधक और उप महाप्रबंधक) इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

6. एक्जिम बैंक के अधिकारियों के लिए विश्लेषिकी पर एमडीपी (17, 18, 24, 25 फरवरी और 11 मार्च 2022)

संस्थान द्वारा एक्जिम बैंक के अधिकारियों के लिए 17, 18, 24, 25 फरवरी और 11 मार्च 2022 को विश्लेषिकी पर एमडीपी का संचालन किया गया।

इस कार्यक्रम में व्यापार विश्लेषिकी; डबल्यूआईटीएस डेटाबेस का रखरखाव, निर्णय करने के संदर्भ और युक्तियों का परिचय; डेटा संचयन और डेटाबेस संकल्पना, एक्सेल में एड–इन सहित व्यवसायगत आसूचना, अनुरूपण और डेटा विश्लेषिकी हेतु निर्णय प्रदर्श और अनुप्रयोग; डेटा माइनिंग संकल्पनाएं और अनुप्रयोग, सांख्यिकीय संकल्पनाएं, आदि विषयों को भी शामिल किया गया।

एक्जिम बैंक के तेरह अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

7. हिन्दुस्तान पेट्रोलियम निगम लि. के लिए व्यवसाय विश्लेषिकी पर व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम (19 फरवरी – 27 मार्च 2022)

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम निगम लि. के कार्यपालकों के लिए फरवरी – मार्च 2022 के दौरान विदेश व्यापार पर आधारभूत कोर्स का संचालन किया गया।

इस कार्यक्रम में डेटा का वर्णन और निर्णय लेने के संदर्भ और डेटा; डेटा संप्राप्ति, डेटा विसंगतियों को समझना; डेटा विजुअलाइजेशन के माध्यम से इनसाइट का सृजन, डेटा प्रोफाइल तैयार करना, डेटा के साथ स्टोरीटेलिंग, महत्त्वपूर्ण पैरामीटरों का आकलन; अवधारणाओं का सृजन और परीक्षण; पूर्वानुमान मॉडलों का निर्माण; निर्देशात्मक विश्लेषिकी समाधान का विकास करना – अनिश्चितता और जोखिम में निर्णय लेने की प्रक्रिया; एकल मानदंड और बहुलक–मानदंड का औचित्य निर्धारण और संवेदनशीलता का विश्लेषण, आदि जैसे क्षेत्रों को भी शामिल किया गया।

कार्यक्रम की विषयवस्तु में वर्गीकरण मॉडलों की निर्मिति और मूल्यांकन; मनोभावों का आभास करना, पूर्वानुमान पद्धतियां – मांग/विक्रय का पूर्वानुमान, जोखिम विश्लेषण हेतु डेटा प्रेरित दृष्टिकोण – परिदृश्य सृजन और अनुरूपण; प्रकरणों पर विचार विमर्श – आदि सत्र भी शामिल किए गए।

एचपीसीएल के कुल 35 कार्यपालक कार्यक्रम में शामिल हुए।

8. वामनीकॉम, पुणे में सहकारिता और एफपीओ हेतु कृषि निर्यात विपणन पर अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम (3 – 6 मार्च 2022)

वामनीकॉम परिसर, पुणे में सहकारिता और एफपीओ हेतु कृषि निर्यात विपणन पर अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 – 6 मार्च 2022 के दौरान किया गया।

कार्यक्रम की विषयवस्तु में कृषि निर्यात को बढ़ावा : सहकारिताओं और एफपीओ की भूमिका; निर्यात हेतु अपने उत्पादों की कीमत कैसे निर्धारित करें, आइएनसीओ शर्तें, लैटर ऑफ क्रेडिट आदि; कृषि निर्यातों के लिए नीतिगत व्यवस्था को समझना; एफपीओ फोकस; शिपमेन्ट से पहले और बाद के वित्त की व्यवस्था करना; निर्यातों में जोखिम प्रबंधन; कीमत अस्थिरता; करेन्सी में उतार–चढ़ाव, मांग में अंतर, कोविड की आपात स्थितियां; भुगतान में चूक, निर्यात संगुटों की दक्षता को बढ़ाना; आम, हरी मिर्च, ओकरा, अन्य एफएफवी आदि का निर्यात कैसे करें, आदि को शामिल किया गया।

इस कार्यक्रम में निर्यात में परिचालन संबंधी समस्याओं को समझने पर फोकस किया गया, विनियामक और वाणिज्यिक प्रलेखन प्रक्रियाओं की यथासमय डीलिंग और सहायता; सीमाशुल्क क्लीयरेन्स पद्धति, कृषि निर्यातों संबंधी अनुपालनाओं का प्रबंधन, कृषि उत्पादों की निर्यात व्यवहार्यता का मूल्यांकन; दक्ष कृषि आपूर्ति शृंखला और ट्रेड लॉजिस्टिक के माध्यम से कीमत प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना; अपने उत्पाद के लिए सर्वोत्तम बाजार का निर्धारण और वैश्विक सम्पर्क स्थापित करना रू विदेशी क्रेताओं तक पहुंचना; गुणवत्ता अनुपालन और प्रबंधन के लिए संस्थागत व्यवस्था रू आयातक देश में एसपीएस / टीबीटी मानक और प्लांट संगरोध की भूमिका, आदि विषयों को भी शामिल किया गया।

विभिन्न सहकारिताओं के 33 अधिकारी / कार्यपालक इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

(III). प्रमाणपत्र कार्यक्रम (ऑनलाइन)

एमपीडी प्रभाग ने लम्बी अवधि के प्रमाणपत्र कार्यक्रमों का ऑनलाइन मोड में संचालन किया।

1. निर्यात और आयात प्रबंधन में चार माह का प्रमाणपत्र कार्यक्रम

क्रमांक	समयावधि	सहभागी
1.	अप्रैल – अगस्त 2021 (बैच 16)	40
2.	25 सितम्बर 2021 – जनवरी 2022 (बैच 17)	43

निर्यात और आयात प्रबंधन में चार माह के प्रमाणपत्र कार्यक्रम (2 बैच) ऑनलाइन मोड में संचालित किए गए।

इन कार्यक्रमों का संचालन ऑनलाइन मोड में किया गया और कक्षाओं का संचालन सप्ताहांतों में किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपने डेस्कटॉप/लैपटॉप पर ऑनलाइन मोड में कक्षाओं में प्रतिभागिता की।

कार्यक्रम की विषयवस्तु में अंतरराष्ट्रीय विपणन प्रबंधन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार परिचालन और प्रलेखन; भारत का विदेश व्यापार और नीति; अंतरराष्ट्रीय व्यापार वित्त; भारत के सीमाशुल्क विनियमन और आयात पद्धतियां; अंतरराष्ट्रीय व्यापार लॉजिस्टिक्स आदि के माड्यूलों को भी शामिल किया गया।

2. अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय और वित्त में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र कार्यक्रम (बैच 4)

नवम्बर 2020 – नवम्बर 2021 के दौरान ऑनलाइन मोड पर अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय और वित्त में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र कार्यक्रम का संचालन किया गया।

कार्यक्रम की विषयवस्तु में अंतरराष्ट्रीय ट्रेड लॉजिस्टिक्स और प्रलेखन, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक और व्यवसाय परिवेश; वैश्विक वित्तीय प्रबंधन, परियोजना वित्त, अंतरराष्ट्रीय पण्य डेरिवेटिव बाजार, अंतरराष्ट्रीय व्यापार का वित्तीयन, समामेलन और अधिग्रहण आदि के

मॉड्यूलों को भी शामिल किया गया।

कुल 56 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया।

(iv). निर्यात बंधु योजना एमओओसी के तहत ऑनलाइन एमडीपी

डीजीएफटी के कहे अनुसार मॉसिव ओपन आनलाइन कोर्स (एमओओसी) के माध्यम से निर्यात जागरुकता कोर्स के लिए ऑनलाइन 'कभी भी – कहीं भी' की एक शृंखला आरंभ की गई ताकि सारे देश के निर्यातकों और उद्यमियों को आवश्यक दक्षता प्रदान की जा सके। इस ऑनलाइन कोर्स का संचालन भारत सरकार की 'निर्यात बंधु' योजना के अधीन किया जा रहा है।

सन 2021–22 के दौरान 160 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को पूरा किया।

एमडीपी प्रभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम (2021–22)

क. ओपन कार्यक्रम

क्रमांक	प्रकार / कार्यक्रम का विषय	लोकेशन	तारीखें	कार्यक्रम निदेशक	सहभागी
1.	इन्टरनेशनल बिजनेस एनालिटिक्स एन्ड मार्केट इन्टेलिजेन्स पर छह माह का व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम – बैच 1	ऑनलाइन मोड	मई 2021 – अक्तूबर 2021	डॉ. अंकित केशरवानी	23
				कुल	**23**

ख. प्रायोजित कार्यक्रम

क्रमांक	प्रकार / कार्यक्रम का विषय	लोकेशन	प्रायोजक	तारीखें	कार्यक्रम निदेशक	सहभागी
1.	भारतीय व्यापार सेवा के परिवीक्षाधीनों के लिए नौ माह का व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम (बैच 2019)	आईआईएफटी, नई दिल्ली	डीजीएफटी, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार	जन. 2021– नवंबर 2021	डॉ. विजया कट्टी	12
2.	ट्रेनिंग प्रोग्राम (ऑनलाइन) ऑन एग्री एक्सपोर्ट मैनेजमेन्ट ऑफिशियल्स ऑफ तमिलनाडु स्टेट एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड	आईआईएफटी, नई दिल्ली	तमिलनाडु स्टेट एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड	24–28 मई 2021	डॉ. तमन्ना चतुर्वेदी	26
3.	एआईसीटीई – एटीएएल प्रायोजित फैकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम (ऑनलाइन) ऑन 'लीडरशिप एन्ड एक्सीलेन्स् इन प्रोफेशनल एडूकेशन'	आईआईएफटी, नई दिल्ली	एआईसीटीई – एटीएएल	12–16 जुलाई 2021	डॉ. आशीष गुप्ता	56
4	वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रबंधन में सशस्त्र बलों हेतु 12 सप्ताह का प्रमाणपत्र कोर्स (4था बैच)	आईआईएफटी, नई दिल्ली	डीजीआर (रक्षा मंत्रालय)	6 सित. 2021 से 26 नव. 2021	डॉ. प्रियंका जायसवाल	50
5	वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रबंधन में सशस्त्र बलों हेतु 12 सप्ताह का प्रमाणपत्र कोर्स (5वां बैच)	आईआईएफटी, नई दिल्ली	डीजीआर (रक्षा मंत्रालय)	6 दिस. 2021 से 25 फर. 2022	डॉ. प्रियंका जायसवाल –	35 26
6	एसबीआई के महाप्रबंधकों और उप महाप्रबंधकों हेतु अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजार और लीडरशिप पर विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम	आईआईएफटी, कोलकाता	भारतीय स्टेट बैंक	16–17 फरवरी 2022	–	26
7	एक्जिम बैंक के अधिकारियों हेतु एमडीपी (ऑनलाइन) ऑन एनालिटिक्स फॉर मैनेजर्स	ऑनलाइन	एक्जिम बैंक	17, 18, 24, 25 फरवरी और 11 मार्च 2022	डॉ. ओ. पी. वली	13

8	हिन्दुस्तान पेट्रोलियम निगम लि. हेतु प्रोफेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन बिजनेस एनालिटिक्स	ऑनलाइन	एचपीसीएल	19 फरवरी– 27 मार्च 2022	डॉ. जितेन्द्र वर्मा	35
9	सहकारिताओं और एफपीओ हेतु कृषि निर्यात विपणन पर ओरिएन्टेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम	पुणे	वामनीकॉम	3 – 6, मार्च 2022	डॉ. आशीष पान्डे	33
					कुल	**286**

ग. प्रमाणपत्र कार्यक्रम (ऑनलाइन)

क्रमांक	**विषय**	**तारीख**	**कार्यक्रम निदेशक**	**सहभागियों की संख्या**
1	निर्यात–आयात प्रबंधन में प्रमाणपत्र कार्यक्रम (ऑनलाइन) बैच–16	अप्रैल 2021 – अगस्त 2021	डॉ. राम सिंह	40
2	निर्यात–आयात प्रबंधन में प्रमाणपत्र कार्यक्रम (ऑनलाइन) बैच–17	25 सितम्बर 2021 – जनवरी 2022	डॉ. राम सिंह	43
3	अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय और वित्त में पोस्ट ग्रेजुएट प्रमाणपत्र कार्यक्रम – बैच – 4 (ऑनलाइन)	नवम्बर 2020 – नवम्बर 2021	डॉ. रवीन्द्र सारधी	56

घ. ऑनलाइन एमडीपी (निर्यात बंधु योजना एमओओसी के तहत)

क्रमांक	**विषय**	**तारीख**	**कार्यक्रम निदेशक**	**सहभागियों की संख्या**
1.	निर्यात आयात प्रबंधन	अप्रैल 2021 से फरवरी 2022	डॉ. राम सिंह	160

आईआईएफटी में अनुसंधान

अनुसंधान प्रभाग के क्रियाकलापों का लक्ष्य है कि आईआईएफटी की दृश्यता को बढ़ाया जाए और इसे व्यापार नीति के विश्लेषण के लिए सुदृढ़ अनुसंधान आउटपुट देते हुए एक विचार मंच के रूप में उदित किया जाए। इस प्रभाग के अनुसंधान और अन्य क्रियाकलापों का यह भी लक्ष्य रहता है कि अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय के क्षेत्र में लम्बी अवधि और छोटी अवधि के शैक्षणिक कार्यक्रमों को समर्थन दिया जाए। इस प्रकार प्रयास यह किया जा रहा है कि अनुसंधान कार्यों को प्रबंधन के विभिन्न प्रयोजनमूलक क्षेत्रों में भी आधार को बढ़ाने के लिए किया जाए। इस संस्थान के विकास में अनुसंधान क्रियाकलाप बहुत अधिक महत्त्व रखते हैं क्योंकि इनसे अनुसंधान और प्रशिक्षण के बीच व्यापक और सुदृढ़ सेतु बनता है। सरकार और अन्य राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संगठानों द्वारा प्रायोजित अध्ययनों के अलावा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए सफलतापूर्वक बोली लगता है।

I. सन 2021–22 के दौरान पूरे किए गए अनुसंधान

- **अध्ययन कोविड – 19 पर अध्ययन – भारतीय हस्तशिल्प निर्यातों के लिए चुनौतियाँ अवसर और खतरे : प्रभाव आकलन**

  प्रायोजक : हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईपीसीएच)

  इस अध्ययन में ईपीसीएच और इसके सदस्यों के लिए उत्पाद बाजार फोकस के रूप में युक्तिपूर्ण नीतिगत संस्तुतियों को प्रस्तुत किया गया जो पारंपरिक (यूएस, ईयू, जापान और ऑस्ट्रेलिया) और उदीयमान (एलएसी, एसियान, सीआईएस और अफ्रीका) निर्यात बाजारों दोनों ही में भारतीय हस्तशिलप क्षेत्र के लिए निर्यात महत्त्व के लिए अभिनिर्धारित 167 एचएस कोडों हेतु सन 2024–24 में पूर्वानुमानित आयात पैटर्न पर निर्भर करते हुए तैयार किए गए; इसमें ईपीसीएच सदस्यों हेतु एनटीएन के बारे में तैयारशुदा गाइड के रूप में कार्य करने के लिए विद्यमान पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पादों में नवोन्मेष की संभावना; विद्यमान और भावी व्यापार समझौतों के अधीन व्यापार संधिक्रमों के लिए टैरिफ व्यवस्था अनुसार कार्यसूची; क्लस्टर विकास, भारत सरकार के संवर्द्धन, डिजाइन नवोन्मेषों की दृष्टि से टैरिफ व्यवस्था के अनुसार नीति के निहितार्थों, आदि की को शामिल किया गया।

II. अनुसंधान अध्ययन जो प्रगति पर हैं

- **वर्ष 2020–21 के लिए सीसआर परियोजनाओं के मूल्यांकन हेतु अध्ययन**

  प्रायोजक : भारतीय प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल)

  इस अध्ययन का उद्देश्य है सीएसआर (जैसा कि निविदा प्रलेख के सप्तम खंड में तकनीकी विशिष्टताओं में उल्लिखित है) प्रयासों का मूल्यांकन इनके विद्यामान स्थिति में करना और यह सत्यापित करना कि क्या इनका प्रयोजन डीपीई द्वारा तैयार की गई नीति के अनुरूप है और विभिन्न हिस्सेदारों पर इसके परिणामों और प्रभावों की दृष्टि से परियोजना की प्रभावशीलता का आकलन करना।

- **भारत सरकार द्वारा अगरबत्ती के आयात पर प्रतिबंध से अगरबत्ती उद्योग पर प्रभाव**

  प्रायोजक : केवीआईसी

  इस अध्ययन का उद्देश्य है कि भारत सरकार द्वारा लगाए गए आयात प्रतिबंधों के प्रतिसाद में अगरबत्ती उद्योग और बाजार के परिदृश्य पर उसका प्रभाव क्या रहेगा और इसका व्यापक प्रभाव आकलन प्राप्त किया जाए।

- **ट्रैफिकिंग विक्टिमस् प्रोटेक्शन रीऑथोराइजेशन एक्ट (टीवीपीआरए) की सूची में से चावल को हटाया जाना।**

  प्रायोजक : एपीएफडीए

  इस अध्ययन का उद्देश्य यह परीक्षण करना है कि चावल को सूची से हटाने की प्रक्रिया क्या है, चावल की मूल्य शृंखला में बाल–मजदूर और जबरन–मजदूरी निहित होने के बारे में दावों के मूल्यांकन हेतु आरंभिक सर्वे किया जाए, चावल उत्पादक प्रदेशों की स्थानीय सरकारों के साथ हिस्सेदारों की बैठकें कराई जाएं, एनजीओ, मानव अधिकार समूहों, चावल संगठनों, सिविल सोसायटी समूहों, एफपीओ, निर्यातक समूहों आदि के साथ–साथ साथ कृषि और कृषक कल्याण मंत्रालय को साथ में लेते हुए बैठकें की जाएं। इन बैठकों का लक्ष्य यही है कि बाल–मजदूरी और जबरन मजदूरी के प्रचलन के बारे में उद्देश्यपरक डाटा जुटाया जाए, किए गए नीतिगत उपायों/संवेदनशील बनाने के प्रयासों को समझा जाए और प्रत्येक हिस्सेदार के साथ मिल कर कार्रवाई योजना तैयार की जाए और व्यापक परिणामों सहित एक डोजायर तैयार की जाए जिसमें बाल मजदूरी और जबरन मजदूरी का समाधान करने के लिए किए गए उपायों के साक्ष्य दिए गए हों।

- **भारतीय उच्चतर शिक्षण संस्थानों (एचईआईस) का अंतरराष्ट्रीयकरण : रणनीति, संरचनागता और नीतिगत आयामों, चुनौतियों का अभिनिर्धारण और प्रबंधन संस्थानों के लिए समाधान**

  प्रायोजक : आईसीएसएसआर

  इस अध्ययन का उद्देश्य भारतीय एचईआई के प्रभावी अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए रणनीतिक, संरचनागत और नीतिगत आयामों / उपायों का अभिनिर्धारण है, खासकर प्रबंधन संस्थानों के लिए, ताकि एनईपी 2020 में निर्धारित किए अनुसार भारतीय एचईआई के लिए अंतरराष्ट्रीयकरण की व्यवस्था को निर्धारित किया जा सके, ताकि संरचना, रणनीति और नीतियों की दृष्टि से भारतीय एचईआई के चुनिंदा प्रबंधन में 'यथा' प्रचलित अंतरराष्ट्रीयकरण व्यवहारों को प्रलेखबद्ध किया जाए सके, ताकि व्यवस्था को परिभाषित करने, आकारबद्ध करने, विश्लेषण करने, सुधार और नियंत्रण (डीएमएआईसी) फ्रेमवर्क का प्रयोग करते हुए

अंतरराष्ट्रीयकरण करने में भारतीय एचईआइ के प्रबंधन हेतु बाधाओं का अभिनिर्धारण हो सके, ताकि डीएमएआईसी व्यवस्था का प्रयोग करते हुए उक्त अभिनिर्धारित बाधाओं को दूर करने के तरीकों को निर्धारित किया जा सके।

- **बोर्ड कक्ष में प्रौद्योगिकी – कार्पोरेट अभिशासन का बदलता हुआ चेहरा**

  प्रयोजक : एनएफसीजी

  इस अध्ययन का उद्देश्य है कंपनी के बोर्ड कक्ष में एआई और अन्य प्रकार की प्रौद्योगिकी को अंगीकार करने में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों सहित भारतीय कंपनियों की तैयारी की स्थिति, एआई को एक ऐसे वैधानिक प्रतिष्ठान के रूप में स्वीकार करने के लिए भारतीय विधान की तत्परता कि एआई निर्णय ले सकती है और इसे आंशिक रूप से या पूरी तरहे से निर्णय के लिए जिम्मेदार माना जा सकता है; डाटा, लैब और अनुसंधान को शेयर करने में भारतीय और विदेशी संस्थानों के बीच सहयोग की स्थिति, एआई और अन्य प्रौद्योगिकी के बारे में सरकार–से–सरकार के बीच समझौतों की स्थिति का आकलन किया जाए।

- **समकालीन प्रबंधन में भगवद गीता के निहितार्थ पर अध्ययन : अनुभवजन्य अध्ययन**

  प्रायोजक : आईसीएसएसआर

  इस अनुसंधान परियोजना का प्रयोजन गहन क्षेत्रगत शोध के आधार पर ऐसा सम्यक अध्ययन करना है जो यह प्रकट करे कि समकालीन प्रबंधन शैली के संबंध में अभिनिर्धारित सर्वोत्तम परिपाटियों के परिप्रेक्ष्य में भगवत गीता नामक इस प्राचीन भारतीय धर्मग्रंथ की संकल्पनाएं कितनी समर्थक हैं। अनुसंधान कार्य में गुणात्मक तथ्यों के विषय सापेक्ष विश्लेषण और अन्य गणनापरक युक्तियों का प्रयोग किया जाएगा ताकि इस अर्वाचीन पाठ को समकालीन प्रबंधन प्रथाओं के साथ संबद्ध करने की संकल्पनामूलक व्यवस्था हो सके।

- **दिल्ली के सरकारी स्कूल के बच्चों में स्मरणीयता, ज्ञानपूर्ण आशावाद, प्रसन्नता और उपलब्धियों पर अध्ययन**

  प्रायोजक : आईसीएसएसआर

  छोटे विद्यार्थियों का जीवन स्कूलों में बीतता है और उनके जीवन में समाजीकरण की आरंभिक प्रक्रिया भी स्कूलों में ही निखरती है। अध्यापक, सहपाठी और अन्य संबद्ध लोग इन विद्यार्थियों के समाज–मनोवैज्ञानिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इस संदर्भ में स्मरणीयता, ज्ञानपूर्ण आशावाद और प्रसन्नता इनकी स्कूल स्तरीय उपलब्धियों में महती भूमिका निभाते हैं। सिद्धातों में मार्टिन सेलिगमैन जैसे सिद्धांत आशावादी प्रवृत्ति का प्रदर्श यह स्पष्ट करता है कि आशावादी लोग स्वास्थ्य और उपलब्धियों में भी अच्छे परिणामों से सम्बद्ध रहते हैं। इसी प्रकार प्रसन्नता का प्रभाव सिद्धांत यह मानता है कि हम सामान्यतया कैसा महसूस करते हैं प्रसन्नता उसी का प्रतिबिम्ब है। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2020–21 और 2021–2022 के लिए प्रमुख अनुसंधान का वर्तमान अंश भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा समर्थित और प्रायोजित है। यह अध्ययन उपरोक्त सिद्धांतों पर आधारित है जिसमें दिल्ली के स्कूली बच्चों में स्मरणीयता, ज्ञानपूर्ण आशावाद, प्रसन्नता का उनकी उपलब्धियों पर पड़ने वाले प्रभाव के परीक्षण पर आधारित है।

कोलकाता में अनुसंधान

आईआईएफटी विभिन्न सरकारी और अग्रणी कार्पोरेट घरानों और बहुपक्षीय निकायों हेतु अनुसंधान परियोजनाओं और परामर्शदाता कार्यों में सलग्न है। आईआईएफटी की गतिविधियों के स्पेक्ट्रम में अनुसंधान का विशेष स्थान है – अनुसंधान प्रभाग आईएसओ 9000 और 27000 प्रमाणित है।

- यह प्रभाग चाय बोर्ड को परामर्श सेवाएं दे रहा है ताकि बोर्ड के उद्देश्यों और केआरए से सामंजस्य रखते हुए गतिविधयों का धारणीय विकास करने के लिए यथार्थ योजना तैयार की जा सके।

- यह प्रभाग विकास आयुक्त, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय हेतु 'पूर्वोत्तर प्रान्त और सिक्किम में एमएसएमई का संवर्द्धन' योजना के अधीन 'एक्ट ईस्ट' नीति के परिप्रेक्ष्य में एसियान को पूर्वोत्तर भारत से निर्यात संवर्द्धन हेतु रणनीति तैयार करने की परियोजन पर कार्य कर रहा है। इस संबंध में आईआईएफटी ने अरुणाचल प्रदेश, असम, नागालैन्ड, मणिपुर और सिक्किम के निर्यातकों के साथ आकलन वर्ष 2020–21 में पाँच फोकस समूह संचालित किए हैं ताकि उनके निर्यातयोग्य क्षेत्रों, व्यापार मार्ग, बाधाओं, तुलनात्मक रूप से लाभप्रद स्थिति वाले क्षेत्रों, संस्थागत और अवसंरचनागत समर्थन उपायों की जरूरत, आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सके।

- प्रभाग ने पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम के परामर्श से 'सर्टिफिकेशन मैट्रिक्स रू दि लिस्ट ऑफ नॉन–टैरिफ बैरियर्स् एन्ड देयर एजेन्सीज फॉर दि पोटेन्शियल एक्सपोर्टर्स ऑफ वेस्ट बंगाल' एक मैट्रिक्स तैयार किया है।

- प्रभाग ने पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम के परामर्श से एक वेब पोर्टल और मोबाइल एप्पलीकेशन तैयार किया है 'एक्सपोर्ट फेसिलिटेशन फॉर वेस्ट बंगाल' तैयार किया ताकि राज्य के निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके और राज्य के लघु और मध्यम उद्यमों को सुविधा दी जा सके।

iii- पीएच. डी. कार्यक्रम (प्रबंधन)

- पीएच. डी कार्यक्रम (प्रबंधन) 2021 का आरंभ 6 नवम्बर 2021 को किया गया। इस कार्यक्रम में 45 विद्यार्थी (15 पूर्णकालिक और 30 पार्ट टाइम) शामिल हो गए हैं। द्वितीय सत्र कोर्स वर्क इस समय चल रहा है।

- संस्थान द्वारा 22 अक्तूबर 2021 को आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रबंधन विषय में 8 पीएच. डी उपाधियां प्रदान की गईं।

अर्थशास्त्र में अनुसंधान

इस संस्थान के विकास में अनुसंधान का अत्यधिक महत्त्व है क्योंकि यह ज्ञान के सृजन और प्रशिक्षण के बीच एक सुदृढ़ परिव्यापी सेतु प्रदान करता है। अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय के परिदृश्य का विश्लेषण करने और समुचित कार्पोरेट रणनीतियों को तैयार करने में इसने महत्त्वपूर्ण परामर्शी क्षमता का विकास किया है। यह संस्थान राष्ट्रीय

और अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं दोनों ही को निमंत्रित करने में सफल रहा। यह प्रभाग समय–समय पर समकालीन विषयों पर महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मलेनों का आयोजन करता रहता है जिससे बहुपक्षीय निकायों, सरकारी क्षेत्र और विख्यात शैक्षणिक संस्थानों के प्रख्यात और ज्ञानसंपन्न व्यक्ति एक साथ आ जाते हैं।

क. पूरे किए अनुसंधान अध्ययन

सन 2021–22 के दौरान निम्नलिखित अनुसंधान अध्ययन पूरे किए गए :

- **बैंकों और ईसीजीसी द्वारा निर्यातकों को निर्यात ऋण गारंटी का तुलनात्मक विश्लेषण : भारत के निर्यात निष्पादन हेतु निहितार्थ**

  इस अध्ययन में भारत में निर्यात निष्पादन पर ईसीजीसी द्वारा बैंकों को निर्यात ऋण गारंटी और निर्यात ऋण बीमे की भूमिका का तुलनात्मक आकलन किया गया है। ईसीजीसी द्वारा बैंकों और निर्यातकों दोनों को ही कवर प्रदान करता है और इनके जोखिमों का बीमा करने के बदले में प्रीमियम लेता है।

  इस अध्ययन के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार थे :

- संगतता, प्रभावशीलता, दक्षता, प्रभाव और परिणामों की संधारणीयता की दृष्टि से बैंकों और निर्यातकों को ईसीजीसीक्रेडिटसे उपलब्धियों का आकलन अर्थात संगठनात्मक कार्यचालन का सम्यकविश्लेषण ताकि यह आकलन किया जा सके कि इसने अपने उद्देश्यों को किसी सीमा तक पूरा किया है।

  - यह आकलन करना कि उद्देश्यों को पूरा करने के लिए नीति के मूल्यांकन और निगरानी हेतु निर्धारित दिशानिदेशों और पद्धतियों की समीक्षा की जाए या नहीं और यह संस्तुतियां करना कि निर्यात को बढ़ाने पर विशेष ध्यान देते हुए भविष्य में इसकी विपणन–योग्यता में इस अध्ययन से किस प्रकार से सुधार हो सकता है।

  - शिपमेन्ट, टर्नओवर, और निर्यातकों तथा बैंकों को जोखिमों के आधार पर ईसीजीसी बीमा प्रदान करता है ताकि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए शिपमेन्ट से पहले पैकिंग क्रेडिट दिया जा सके, शिपमेन्ट के बाद बिलों हेतु डिस्काउन्ट देकर वित्तव्यवस्था की जा सके और बैंक गारंटियां जारी की जा सकें। यह देखा गया है कि ईसीजीसी के व्यवसाय का प्रमुख हिस्सा बैंकों को दिए गए बीमे से आता है। निर्यातकों को प्रदत्त ईसीजीसीबीमा सुरक्षा उसी प्रकार की होती है जैसे बैंकों को निर्यात बिलों पर डिस्काउंटदेने के लिए बैंकों को शिपमेन्ट के बाद बीमा–सुरक्षा प्रदान की जाती है। निर्यातकों को बैंकों के माध्यम से प्रदत्त बीमे में तुलनात्मक रूप से जोखिम सुरक्षा और प्रीमियमकमतर होते हैं। इस प्रकार इस अध्ययन का लक्ष्य है कि यह खोज की जाए कि निर्यातकों द्वारा ईसीजीसी के स्थान पर बैंकों से बीमा सुरक्षा लेने के क्या कारण हैं।

  - ईसीजीसी की किसी भी बीमा–पॉलिसी में विनिमय दर जोखिम की सुरक्षा नहीं दी जाती है जैसा कि अन्य देशों में अन्यक्रेडिटएजेन्सियों द्वारा किया जाता है। फोरेक्स जोखिम प्रबंधन के लिए बैंकों द्वारा अतिरिक्त सेवा दी जा सकती है और इस प्रकार पॉलिसियां लेने के लिए ईसीजीसी की तुलना में बैंक प्रमुख स्रोत हो सकते हैं। इसलिए इस अध्ययन में निर्यातकों के सामने आ रहे जोखिमों की परीक्षा करने का प्रस्ताव और ईसीजीसी की विभिन्न पॉलिसियों में कवर किए गए जोखिमों की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया जाता है।

  - बैंकों की तुलना में ईसीजीसी का दायरा अधिक हो सकता है लेकिन हो सकता है कि बहुत से निर्यातक ईसीजीसी की विभिन्न पॉलिसियों से अनजान हों। इस अध्ययन का आशय है कि निर्यातकों द्वारा ली जाने वाली पॉलिसियों के संबंध में ईसीजीसी के व्यवसाय के हिस्से को बढ़ाने के लिए रणनीति तैयार की जाए और निर्यातकों द्वारा ईसीजीसी से नहीं बल्कि बैंकों से बीमा सुरक्षा/गारंटी लेने के कारणों की खोज करके निर्यातक हितैषी पॉलिसियां बनाई जाएं।

- **ईसीजीसी बीमा कवर और भारतीय लघु उद्योग क्षेत्र : महिला उन्मुख इकाइयों का अध्ययन**

  परियोजना का लक्ष्य यह विश्लेषण करना है कि उल्लिखित क्षेत्रों (निम्नानुसार) में ईसीजीसी के अधीन कवर की गई महिला उन्मुख लघु स्तरीय फर्मों में संबंधित फर्म और उसके निर्यात निष्पादन का विश्लेषण किया जाए और ईसीजीसी के अधीन कवर की गई महिला लघु उद्योग इकाइयों की तुलना में कवर नहीं की गई इकाइयों के कार्यनिष्पादन में अंतर का आकलन किया जाए। इसका यह प्रयोजन भी है कि इन फर्मों द्वारा समाना की जा रही चुनौतियों को समझा जाए: निर्यात चुनौतियां और जोखिम तथा अन्य चुनौतियां। महिला कार्मिकों और खासकर महिला–संचालित फर्मों के लिए औद्योगिक क्षेत्र की सुरक्षा, आवागमन की सहजता, फर्म का वित्तीय समावेशन जैसी बाधाएं पुरुष कामगारों की तुलना में कहीं अधिक महत्त्व रखती हैं। इन फर्मों से निर्यात इन सभी सक्षमकारी घटकों का प्रकार्य है और इसलिए यह अनिवार्य है कि सर्वेक्षण में इन महिला कामगारों द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों को और साथ ही काम में सहजता लाने के लिए उन्हें दी जा रही सुविधाओं को भी साफ तौर पर सामने लाया जाए। अंततरू यह कि महिला प्रधान फर्म क्यों ईसीजीसी कवरेज का विकल्प नहीं लेती हैं, इन पर ध्यान दिया जाएगा और भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम लि. (ईसीजीसी) को तदनुसार संस्तुतियां भेजी जाएंगी, जिनके आधार पर वे कार्रवाई योजना बनाएंगे ताकि ऐसी फर्मों में भी इस नीति को बढ़ावा मिल सके।

- **आर्थिक संवृद्धि के एक चालक के रूप में निर्यात को बढ़ावा: भारत में वॉलमार्ट का प्रयास**

इस अनुसंधान का उद्देश्य है उन प्रवर्धक प्रभावों पर जोर देना जो वॉलमार्ट के वैश्विक आधार पर निवेश जुटाने से राष्ट्रीय और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ सकते हैं और साथ ही उन प्रभावों को मैप करना जो आगामी छह वर्ष में भारत के लिए वॉलमार्ट के निर्यात लक्ष्य किस प्रकार के हो सकते हैं।

- प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार के रूप में रोजगार सृजन

- कामगारों की दक्षता बढ़ना और जेन्डर समानता
- भारतीय व्यवसायों के लिए बड़े पैमाने पर उत्पादन की किफायतें और लघु तथा मध्यम उद्यमों (एसएमई) के साथ गहराई से जुड़ाव
- अवसंरचनागत विकास, प्रादेशिक विकास, आपूर्ति शृंखला का आधुनिकीकरण और बढ़ा हुआ डिजिटाइजेशन
- नए उत्पादों का विकास और नवोन्मेष

इन परिप्रेक्ष्यों में भारतीय परिवेशतंत्र को यह लाभ मिलेगा कि निवेशों का अधिकतम उपभोग होगा और नए निवेशों को आकर्षित किया जा सकेगा। वॉलमार्ट के कारोबार का विस्तार भारत के 'मेक इन इंडिया' मिशन को सीधे ही समर्थन प्रदान करेगा और सन 2025 तक निर्यातों को 15 बिलियमन अमरीकी डॉलर तक बढ़ा देगा।

ख. अनुसंधान अध्ययन प्रगति पर

उक्त के अलावा सन 2021–22 के दौरान निम्नलिखित अनुसंधान परियोजनाएं चल रही थीं :

i. भारत डिजिटल ट्रेड फेसिलिटेशन फोरम (पेपॉल–आईआईएफटी)

ii. 'परिवर्तनशील वैश्विक परिवेश में यूके–भारत व्यापार और सीमा पर से निवेश का भविष्य' विषयक आईसीएसएसआर– ईएसआरसी –यूकेआरआई का सहयोगपरक अनुसंधान (प्रायोजक : भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद)

iii. ई–कॉमर्स के प्रधान, एसएस आई खुदरा व्यापारी और भारतीय अर्थव्यवस्था – सिद्धांत और अनुभवजन्यता।

iv. भारत के निर्यात निष्पादन को सुधारने की दृष्टि से ईसीजीसी के एमएलटी व्यवसाय का मूल्यांकन

पीएच. डी. कार्यक्रम (अर्थशास्त्र)

आईआईएफटी में दिया जाने वाला पंचवर्षीय पीएच. डी. अर्थशास्त्र (पूर्णकालिक) कार्यक्रम भारत और विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों में उपलब्ध सर्वाधिक प्राथमिकता दिया जाने वाला शोधपरक डिग्री कार्यक्रम है। इस पीएच. डी. कार्यक्रम के प्राथमिक प्रयोजनों में से एक यह भी है कि स्कॉलर अपने चुने हुए क्षेत्र में अनुसंधान और गहराई से विश्लेषण करते हुए ज्ञान को समृद्ध करें। इसमें यह क्षमता भी निहित है कि वैज्ञानिक अनुसंधान की प्रविधियों को स्वतंत्र रूप से प्रयुक्त करने के साथ ही नए वैज्ञानिक ज्ञान का सृजन करें। इसके अलावा अध्येताओं से यह भी प्रत्याशित है कि वे अनुसंधान के निष्कर्षों का आलोचनात्मक रूप से विश्लेषण करने की क्षमता दिखाएं और व्यापक संदर्भों में इनके महत्त्व को समझें और अनुसंधान के परिणामों को प्रभावी रूप से संप्रेषित और प्रसारित कर सकें। यह भी प्रत्याशित है कि आईआईएफटी के पीएच. डी. अध्येता का अपने–अपने संबद्ध क्षेत्रों में किया गया मूल योगदान ज्ञान के आयामों के विस्तार में मदद करेगा। यह प्रोत्साहक तथ्य है कि आईआईएफटी के बहुत से पीएच. डी. अध्येताओं के लेख नियमित रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विख्यात जर्नलों और अन्य मंचों पर प्रकाशित हो रहे हैं।

पीएच. डी. अर्थशास्त्र 2021 ऑनलाइन मोड में 4 अक्तूबर 2021 को आरंभ हुआ। इस कार्यक्रम में 4 अभ्यर्थियों (2 दिल्ली और 2 कोलकाता) को प्रवेश दिया गया। पाँच अध्येताओं को 22 अक्तूबर 2021 को आयोजित 54वें दीक्षांत समारोह में पीएच. डी. (अर्थशास्त्र) उपाधि प्रदान की गई।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग

अंतरराष्ट्रीय सहयोग और क्षमता विकास प्रभाग (आईसीसीडी) द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का संचालन किया गया :

संकाय विकास कार्यक्रम

अप्रैल 2021 से मार्च 2022 की अवधि में संकाय विकास कार्यक्रम के अधीन राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों / प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अनुमोदित आईआईएफटी संकाय की प्रतिभागिता निम्नानुसार रही :

सम्मेलन	प्रशिक्षण	कार्यक्रम
राष्ट्रीय	1	1
अंतरराष्ट्रीय	1	0

राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन/प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्रमांक	संकाय का नाम	सम्मेलन / प्रशिक्षण कार्यक्रम का शीर्षक	तारीख	स्थान	आयोजक संस्थान
1.	डॉ. प्रियंका जायसवाल	कॉन्फ्रेन्स् ऑन 81 एनुअल मीटिंग ऑफ अकाडमी ऑफ मैनेजमेन्ट	30 जुलाई से 4 अगस्त 2021	ऑनलाइन	एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी और पिट्सबर्ग यूनिवर्सिटी, अकाडमी ऑफ मैनेजमेन्ट, यूएसए
2.	डॉ. ए. आर. सिंगला	नेशनल ट्रेनिंग ऑन इन्ट्रोडक्शन फॉर एसएपी ईआरपी ग्लोबल इन्क 3.30 ऑन एसएपी एस4 एचएएनए और एसएपी एनालिटिक्स क्लाउड	27 सितम्बर से 1 अक्तूबर 2021	ऑनलाइन	एसएपी यूनिवर्सिटी गुरूग्राम
3.	डॉ. सतिन्दर भाटिया	नेशनल कॉन्फ्रेन्स ऑन राजगिरी कॉन्फ्रेन्स ऑन इकोनॉमिक्स एन्ड फाइनान्स 2021	19 से 20 नवम्बर 2021	ऑनलाइन	राजगिरी बिजनेस स्कूल, कोच्चि, केरल

एफडीपी के तहत संकाय द्वारा लिए गए प्रकाशन प्रभार

क्रमांक	संकाय का नाम	आलेख का शीर्षक	जर्नल	तारीख
1.	डॉ. अंकित केशरवानी	एनालाइजिंग दि बैरियर्स टू इन्टरनेशनल ट्रेड लॉजिस्टिक्स फ्रॉम इंडियन पर्सपेक्टिव : एन आईएसएम मॉडलिंग अप्रोच	अकादमी ऑफ मार्केटिंग स्टडीज	अगस्त 2021

समझौता ज्ञापन

आईआईएफटी ने संयुक्त प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रमों के साथ–साथ विद्यार्थियों/संकाय की अदला–बदली जैसी गतिविधियों में सक्षमता के लिए अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों /संस्थानों के साथ सहबद्धता की है। आईआईएफटी का पूरे विश्व में 35 विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ सहयोग है। इन विश्वविद्यालयों / संस्थानों में से 16 यूरोप में, 10 एशिया में और 9 विश्व के अन्य भागों में हैं।

हस्ताक्षरित नए समझौता ज्ञापन

- संस्थान ने लीड्स विश्वविद्यालय, यूके के साथ 9 जून 2021 को तीन साल की अवधि के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- संस्थान ने नैशनल डोन्ग हुवा विश्वविद्यालय, ताइवान (एनडीएचयू) के साथ 5 जनवरी 2022 को पाँच साल की अवधि के लिए समझौता ज्ञापन और विद्यार्थी विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- संस्थान ने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय, पर्थ के साथ 28 जनवरी 2022 को पाँच साल की अवधि के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- संस्थान ने ब्रिटिश टीचिंग यूनिवर्सिटी जार्जिया (बीटीयू) के साथ 4 मार्च 2022 को पाँच साल की अवधि के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

विचाराधीन समझौता ज्ञापन

- फ्लोरिडा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय (एफआईयू), यूएसए
- इन्टरनेशनल आर्गेनाइजेशन फॉर एक्सपोर्ट ट्रेड (आईओईटी)
- इंडियाना यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिलवेनिया (आईयूपी), यूएसए

प्रतिनिधिमंडल के साथ आभासी ऑनलाइन बैठकें

ऑनलाइन बैठक की तारीख	संगठन	बैठक में शामिल व्यक्ति	बैठक का प्रयोजन	आईआईएफटी संकाय
12 नवम्बर 2021	नैशनल डोन्ग हुवा विश्वविद्यालय, ताइवान	प्रो. मा युआन–रॉन, डीन ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स सुश्री लियु टिनग्रू, प्रोजेक्ट मैनेजर	सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा हेतु	डॉ. जैक्विलीन सिम्स, प्रमुख (आईसीसीडी) डॉ. रवि शंकर, प्रोफेसर आईसीसीडी स्टाफ सदस्य
13 दिसम्बर 2021	ब्रिटिश टीचिंग यूनिवर्सिटी इन जार्जिया, जार्जिया	डॉ. लेवान गर्गेनिद्ज हेड ऑफ दि डिपार्टमेन्ड ऑफ इंटरनेशनल कोलेबोरेशन	सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा हेतु	डॉ. जैक्विलीन सिम्स, प्रमुख (आईसीसीडी) आईसीसीडी स्टाफ सदस्य
15 दिसम्बर 2021	इंडियाना यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिलवेनिया यूएसए	प्रो. प्रशांत एन. भारद्वाज, प्रोफेसर एन्ड डीन'स एसोसिएट डायरेक्टर	सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा हेतु	डॉ. जैक्विलीन सिम्स, प्रमुख (आईसीसीडी) आईसीसीडी स्टाफ सदस्य

विद्यार्थी आदान–प्रदान कार्यक्रम

आने वाले विद्यार्थी

अलग–अलग विश्वविद्यालयों और संस्थानों से दो विद्यार्थी आईआईएफटी में विद्यार्थी विनिमय कार्यक्रम के तहत अक्तूबर से दिसम्बर 2021 के त्रिमास और जनवरी से मार्च 2022 के त्रिमास के लिए आए।

क्रमांक	नाम	देश	विश्वविद्यालय / संस्थान	त्रिमास	विद्यार्थियों की संख्या
1	शिशिर साचन	फिनलैन्ड	हेन्कीन–स्वीडिश स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एन्ड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, हेन्कीन यूनिवर्सिटी, हेलसिंकी, फिनलैन्ड	अक्तूबर – दिसम्बर 2021	1
2	रेबेका मेरलेट	फ्रान्स	ग्रेनोबल इकोल द मैनेजमेन्ट, ग्रनोबल सीडेक्स, फ्रान्स	जनवरी–मार्च 2022	1
				कुल	**2**

ला वेर्न विश्वविद्यालय (यूएलवी) के सहयोग से आईबीएस अमेरिकास द्वारा छात्रवृत्ति हेतु अनुमोदित विद्यार्थियों की सूची

क्रमांक	विद्यार्थी का नाम	
1	सौम्यदीप सेत	ईपीजीडीआईबी 2021–22
2	संचित रायचौधरी	ईपीजीडीआईबी 2021–22
3	शुभम गर्ग	ईपीजीडीआईबी 2021–22
4	नंदिनी ईश्वरिया	ईपीजीडीआईबी 2021–22
5	सौगत भट्टाचार्य	ईपीजीडीआईबी 2021–22
6	एन्टोनी एरोसकिया एडविन	ईपीजीडीआईबी 2021–22
7	राहुल वशिष्ट	ईपीजीडीआईबी 2021–22
8	विनोद दुबे	ईपीजीडीआईबी 2021–22
9	सागर दत्ता	ईपीजीडीआईबी 2021–22
10	आयुष प्रताप सिंह राठौड़	ईपीजीडीआईबी 2021–22
11	मुकेश कुमार उचावल	ईपीजीडीआईबी 2021–22
12	मानस रंजन मिश्र	एमबीए (आईबी) सप्ताहांत (2021–24)
13	हर्षिता कालरा	एमबीए (आईबी) सप्ताहांत (2020–23)

प्रत्यायन और रैंकिंग प्रकोष्ठ की उपलब्धियां

एएसीएसबी प्रत्यायन

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने एएसीएसबी व्यवसाय प्रत्यायन प्राप्त किया और 21 दिसम्बर 2021 को एमडीआई गुरुग्राम में इसे प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।.

बिजनेस स्कूलों के लिए सन 1916 में स्थापित एएसीएसबी सर्वाधिक प्राचीन वैश्विक प्रत्यायन निकाय और विशालतम व्यवसाय शिक्षण नेटवर्क है जो समस्त विश्व के अध्येताओं, शिक्षादाताओं और व्यवसायों को जोड़ता है। एएसीएसबी का प्रत्यायन ऐसे संस्थानों को मान्यता देता है जो अध्यापन, अनुसंधान, पाठ्यचर्या विकास और विद्यार्थी अध्ययन सहित सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता पर फोकस करते हैं।

उच्चतम मानकों का पर्याय कहा जाने वाला यह एएसीएसबी प्रत्यायन वैश्विक स्तर पर व्यवसाय शिक्षण में चिंतनशीलता के नए मार्गों के लिए प्रेरित करता है। परिणाम यह है कि बिजनेस डिग्री कार्यक्रम चलाने वाले विश्व के 6 प्रतिशत से भी कम स्कूलों के पास एएसीएसबी बिजनेस प्रत्यायन है। आज के इस रेटिफिकेशन के बाद विश्व के 58 देशों और क्षेत्रों के 890 संस्थानों ने बिजनेस के क्षेत्र में एएसीएसबी प्रत्यायन अर्जित किया है और इनमें से 17 भारत से हैं।

एएसीएसबी प्रत्यायन सतत सुधार सुनिश्चित करता है और स्कूलों को ऐसा फोकस देता है कि वे अपने मिशन को पूरा करें, नवोन्मेष करें और अपना प्रभाव स्थापित करें। एएसीएसबी से प्रत्यायित स्कूलों ने बिजनेस स्कूलों के समुदाय में अपने समकक्षों द्वारा संचालित कठिन समीक्षा प्रकिया को सफलतापूर्वक पूरा किया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि उनके पास ऐसे संसाधन, प्रमाणन और वचनबद्धता है जो विद्यार्थियों को प्रथम स्तरीय, भविष्य–आधारित व्यवसाय शिक्षण प्रदान करते हैं।

भारत सरकार के नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने एमडीआई गुरुग्राम में एएसीएसबी इन्टरनेशनल द्वारा प्रदत्त प्रत्यायन प्रमाणपत्र प्रदान किया।

6 से 9 सितम्बर 2021 के दौरान एएसीएसबी पीआरटी का आभासी दौरा

संस्थान ने 4–दिवसीय पीआरटी आभासी दौरा सफलतापूर्वक पूरा किया जिसमें दोनों ही परिसरों की प्रतिभागिता रही। इस विजिट की अध्यक्षता जोल्टन एन्टाल मोकोस (ईएसएमटी बर्लिन, जर्मनी) द्वारा की गई, जिसमें उनके साथ अन्य सदस्य चेंग–शुई चेर (नैशनल यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एन्ड टेक्नोलॉजी) और रेमिन सी. मेसामी (केलिफोर्निया स्टेट विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य) भी थे।

एएसीएसबी, अध्ययन सुनिश्चतता संगोष्ठी – 3 से 4 मार्च 2022

संस्थान ने दो दिवसीय आंतरिक आभासी संगोष्ठी का अयोजन अध्ययन की सुनिश्चिता विषय पर किया जिसमें इस संस्थान ने डॉ. एन्जेलिटो कामा (मेलबोर्न विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया) को आमंत्रित किया था। संगोष्ठी में 76 प्रतिभागी थे, जिनमें दोनों परिसरों के संकाय सदस्य और अध्यापन से इतर स्टाफ भी शामिल हुए।

रैंकिंग

- आईआईएफटी ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग व्यवस्था (एनआईआरएफ) 2021 में सहभागिता की और अखिल भारतीय सर्वोत्तम बी–स्कूल में 25वां रैंक प्राप्त किया।
- बिजनेस टुडे– एमडीआरए बी स्कूल सर्वे 2020 में आईआईएफटी की सहभागिता और इसमें 10वां रैंक प्राप्त किया; और क्रॉनिकल्स ऑल इंडिया बी–स्कूल सर्वे हेतु परिणाम प्रतीक्षित हैं।
- हाल ही में प्रत्यायन और रैंकिंग टीम ने उच्चतर शिक्षा के अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) पोर्टल पर डाटा प्रस्तुत किया है और यह एआईयू पोर्टल पर भी डाटा प्रस्तुत करने का कार्य प्रगति पर है।
- रैंकिंग के अलावा टीम ने सितम्बर 2021 में चार दिवसीय एएसीएसबी पीआरटी विजिट को सफलतापूर्वक संचालित किया।
- आईआईएफटी ने नवम्बर 2021 में एएसीएसबी प्रत्यायन का गौरव प्राप्त किया।
- हाल ही में दोनों परिसरों के सभी संकाय सदस्यों के लिए अध्ययन सुनिश्चितता संगोष्ठी पर दो दिवसीय कार्यशाला का संचालन किया गया।

प्रत्ययन हेतु अंतरराष्ट्रीय सदस्यताएं :

- दि एसोसिएशन टू एडवान्स कॉलेजिएट स्कूल्स् ऑफ बिजनेस (एएसीएसबी)।
- दि यूरोपियन फाउन्डेशन फॉर मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट (ईएफएमडी)।
- एसोसिएशन ऑफ एमबीए (एएमबीए)

अन्य सदस्यताएं

- अकाडमी ऑफ इन्टरनेशनल बिजनेस (एआईबी)।
- दि एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू)
- एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैनेजमेन्ट स्कूल्स् (एआईएमएस)
- दि ग्लोबल कॉम्पेक्ट नेटवर्क इंडिया।

कार्यपालक प्रबंधन कार्यक्रम

आईआईएफटी के कार्यपालक प्रबंधन कार्यक्रम (ईएमपी) प्रभाग की 2021–22 की अवधि में प्रमुख गतिविधियां निम्नानुसार रहीं :

1. ईपीजीडीआईबी का सफलतापूर्वक समापन (ऑन कैम्पस और हाइब्रिड) 2019–2020

संस्थान का 54वां दीक्षांत समारोह 22 अक्तूबर 2021 को आयोजित किया गया। इस समारोह में कुल 126 प्रतिभागियों को डिप्लोमा प्रदान किया गया, इन प्रतिभागियों में 92 और 34 क्रमशः ऑन कैम्पस और हाइब्रिड बैचों से संबद्ध थे। इस अवसर पर श्री पीयूष गोयल, मंत्री वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एंव वस्त्र, भारत सरकार और इनके साथ श्री वी. वी.आर. सुब्रहमण्यम, वाणिज्य सचिव, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने इस समारोह को गरिमामय बनाया। कुलपति प्रो. मनोज पंत और डीन प्रो. राकेश मोहन जोशी ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथि श्री पीयूष गोयल, वाणिज्य और उद्योग मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एंव वस्त्र मंत्रालय बाएं और प्रो. मनोज पंत कुलपति, आईआईएफटी (दाहिने)

प्रो. राकेश मोहन जोशी, डीन, आईआईएफटी (मध्य में) और प्रो. पूजा लखनपाल, प्रमुख (ईएमपीडी) बाएं

श्री पीयूष गोयल – प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता श्री चंचल कुमार मल्लू को डिप्लोमा प्रदान करते हुए

2. एक सप्ताह के अंतरराष्ट्रीय पोर्ट विजिट का सफलतापूर्वक समापन

ईपीजीडीआईबी (ऑन कैम्पस और हाइब्रिड) 2021–22 के लिए एक सप्ताह का अंतरराष्ट्रीय पोर्ट विजिट गतिविधि का सफलतापूर्वक समापन हुआ। ईपीजीडीआईबी (ऑन कैम्पस और हाइब्रिड) 2021–22 के लिए यह अध्ययन यात्रा 20–25 फरवरी के दौरान दुबई में आयोजित की गई थी।

3. ईपीजीडीआईबी (सप्ताहांत) ऑन कैम्पस 2021–2022 की सफल शुरुआत

ईपीजीडीआईबी (सप्ताहांत) ऑन कैम्पस कार्यक्रम के नए बैच की शुरुआत कुल 76 प्रतिभागियों के साथ 23 अक्तूबर 2021 को हुई। इस कार्यक्रम को आभासी उद्घाटन समारोह के माध्यम से आरंभ किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मनोज पंत की गरिमामय उपस्थिति में; डीन प्रो. राकेश मोहन जोशी, प्रमुख (ईएमपीडी); प्रो. पूजा लखनपाल और कार्यक्रम निदेशक डॉ. प्रतीक माहेश्वरी समारोह में शामिल हुए।

जेबेल अली पोर्ट और डीपी वर्ल्ड दुबई, संयुक्त अरब अमीरात

अजमान फ्री जोन दुबई, संयुक्त अरब अमीरात



ईपीजीडीआईबी (सप्ताहांत) ऑन कैम्पस 2021–22 का ऑनलाइन उद्घाटन

आईआईएफटी के प्रतिष्ठित केन्द्र

डब्ल्यूटीओ अध्ययन केन्द्र

संस्थान का डब्ल्यूटीओ अध्ययन केन्द्र शोध की इकाई है जिसकी रुचि सामान्यतया व्यापार और विशेष रूप से डब्ल्यूटीओ में है, इसके अलावा यह डब्ल्यूटीओ वार्ताओं से संबंधित ज्ञान और प्रलेखन के स्थायी भंडार के रूप में भी कार्य करता है। इसे नियमित रूप से भारत सरकार द्वारा शोध कार्य करने और स्वतंत्र विश्लेषणपरक इनपुट देने के लिए भी कहा जाता है जो सरकार को डब्ल्यूटीओ और अन्य मंचों यथा मुक्त और बेहतर व्यापार समझौतों (एफटीए/पीटीए) और समेकित आर्थिक समझौतों (सीईसीए) पर विभिन्न व्यापारिक वार्ताओं में अपनी स्थिति सुधारने में मदद करते हैं। इसके अलावा यह केन्द्र उद्योग और सरकार की यूनिटों और अन्य साझीदारों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए अपने आउटरीच और क्षमता निर्माण कायक्रमों के माध्यम से सक्रिय रूप से संवाद करता है, इस प्रकार यह साझीदारों और नीतिनिर्माताओं के बीच सर्वसम्मति बनाने के लिए एक मंच के रूप में कार्यरत है।

डब्ल्यूटीओ अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित गतिविधियों के माध्यम से प्राप्त किए जाने वाले पाँच मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं – (i) शोध और विभिन्न समर्थक कार्यकलापों के माध्यम से डब्ल्यूटीओ और नियमित डब्ल्यूटीओ कार्य के कार्यक्रम में बहुपक्षीय व्यापार वार्ताओं में प्रभावी रूप से सहभागिता में भारत की व्यापार वार्ताओं और नीति–निर्माताओं में भारत की सहायता करना; (ii) वाणिज्य विभाग के पदाधिकारियों के बीच व्यापार में उभरती हुई समस्याओं की समझ को बढ़ाना; (iii) आउटरीच और प्रसारण क्रियाकलापों के माध्यम से साझीदारों के बीच व्यापार के अहम मुद्दों की समझ को बढ़ाना; (iv) प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से भारत और अन्य विकासशील देशों में क्षमता का विकास करना ताकि डब्ल्यूटीओ और व्यापार–सम्बद्ध अन्य मुद्दों का विश्लेषण किया जा सके; और (v) अंतरराष्ट्रीय व्यापार के कुछ पहलुओं पर विमर्श को वैश्विक प्रभाव के लायक बनाना।

वर्ष 2021–22 के दौरान इस केन्द्र ने सरकार के वाणिज्य विभाग और अन्य विभागों को 511 विश्लेषण और परामर्श दिए। सीडब्ल्यूएस ने नवम्बर 2021 में आयोजित डब्ल्यूटीओ के 12वे मंत्री स्तरीय सम्मेलन के लिए संगत प्रलेखों का विश्लेषण किया। सीडब्ल्यूएस संकाय और स्टाफ ने डब्ल्यूटीओ और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विभिन्न पहलुओं पर 21 तकनीकी प्रकाशन किए हैं। इस अवधि में सीडब्ल्यूएस ने 5 अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों और बैठकों का आयोजन किया; और यह 24 घरेलू प्रशिक्षण कार्यक्रमों, साझीदारों की बैठकों, आदि के आयोजन में प्रत्यक्ष /परोक्ष रूप में सम्मिलित रहा। इनमें निम्नलिखित क्रियाकलापों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है :

- विदेश मंत्रालय के आईटीईसी के संरक्षण में 3 अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विकासशील देशों के 66 पदाधिकारी और अन्य प्रतिभागी शामिल हुए।
- व्यापार और जेन्डर के मुद्दे पर भारत के योगदान के रूप में भारत, नेपाल और श्रीलंका के साझेदारों के साथ संयुक्त रूप से इस केन्द्र ने निर्यात–आयात पद्धतियों और व्यापार संबद्ध अन्य मामलों पर दक्षिण एशिया के महिला उद्यमियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 8–12 नवम्बर 2021 के दौरान आयोजित किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 208 प्रतिभागी शामिल हुए।
- इस केन्द्र ने संधारणीय भविष्य हेतु विकास–हितैषी व्यापार नीति की डिजाइनिंग पर डब्ल्यूटीओ सार्वजनिक मंच पर विदेश व्यापार विश्वविद्यालय, वियतनाम के साथ संयुक्त रूप से एक सत्र का आयोजन किया (1 अक्तूबर 2021)।
- विश्व व्यापार संस्थान (बर्न) की साझेदारी में इस केन्द्र ने डब्ल्यूटीआई–सीडब्ल्यू अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून और नीति पर संयुक्त अकादमी का आयोजन 7 जून से 2 जुलाई 2021 (24 प्रतिभागी) के दौरान किया।
- एमसी12 हेतु तैयारी प्रक्रिया के एक भाग के तौर पर इस केन्द्र ने राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी (एनएएएस) के सहयोग से 7 अक्तूबर 2021 को साझीदारों के साथ विचार–विमर्श का आयोजन किया।
- एमसी12 के लिए तैयारी प्रकिया के एक भाग के तौर पर इस केन्द्र ने एक गोलमेल का आयोजन किया जिसका विषय था – डब्ल्यूटीओ सुधार के संस्थागत पहलुओं पर विचार–विमर्श।

  प्रमुख (सीडब्ल्यूएस) को एक सार्वजनिक सुनवाई में जर्मन बुडस्टैग द्वारा आमंत्रित किया जिसका विषय था – 'वैक्सीन और फार्मास्युटिकल्स का विकास, उत्पादन, अनुमोदन और अधिक्रय' इसका आयोजन जर्मन बन्डस्टैग मॉनिटरिंग कमेटी कोविड–19 महामारी द्वारा 3 जून 2021 को किया गया था। यह आमंत्रण महत्त्वपूर्ण था क्योंकि टीआरआईपीएस रियायत का प्रस्ताव भारत के लिए प्राथमिकता का मुद्दा है।

क्षेत्रीय व्यापार केन्द्र (सीआरटी)

क्षेत्रीय व्यापार केन्द्र (सीआरटी) एक स्वायत्त विचार–मंच है, जिसकी स्थापना अभी हाल ही में वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई। सीआरटी को यह अधिदेश दिया गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारत के आर्थिक संयोग को क्षेत्रीय लेन्स के माध्यम से देखने के साथ ही नीति–उन्मुख शोध पर फोकस करे। शोध के व्यापक क्षेत्रों में शोध, क्षमता निर्माण और आउटरीच कार्यक्रमों में वस्तुओं के व्यापार, सेवाओं में व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और विकास के मुद्दों को शामिल किया जाता है। अन्य देशों और द्विपक्षीय व्यापार क्षेत्रों के साथ भारत के विभिन्न

एफटीए और सीईसीए / सीईपीए के तहत व्यापारवार्ताओं में सीआरटी नियमित रूप से योगदान करता है।

व्यापार और निवेश कानून केन्द्र (सीटीआईएल)

